

■ क्रिसिल की रिपोर्ट : एफडीआई में 2 प्रतिशत से ज्यादा होगी चीन की हिस्सेदारी-12



■ वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ा खतरा बन चुका है ईरान युद्ध : आईईए-12



■ गहरी सामाजिक दरारों के माध्यम से विकसित भारत का लक्ष्य संभव नहीं-13



■ अक्षर पटेल ने कहा- मुझे आईपीएल का 'इंपैक्ट खिलाड़ी' नियम पसंद नहीं-14


आज का मौसम
29.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.16 सूर्यास्त 06.28

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी 04:08 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 24 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 355, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# योगी सरकार की किसानों को सौगात...गेहूं का एमएसपी बढ़ाया, 35 प्रस्ताव मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**लखनऊ :** मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ लोक भवन में बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

- मुख्यमंत्री योगी ने दोगुना किया लक्ष्य, 2585 रुपये प्रति क्विंटल पर होगी सरकारी खरीद
- ऊर्जा, निवेश, पर्यटन और इंफ्रास्ट्रक्चर को रफ्तार देने वाले कई अहम निर्णय

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में 37 प्रस्तावों पर विचार के बाद चीनी उद्योग और लखीमपुर खीरी पुल विस्तार योजना को स्थगित करते हुए 35 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। बैठक में सबसे अधिक फोकस किसानों पर रहा, जबकि ऊर्जा, निवेश, पर्यटन और इंफ्रास्ट्रक्चर को गति देने के लिए भी कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि सरकार ने गेहूं खरीद नीति को मंजूरी देते हुए एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है, जो पिछले वर्ष से 160 रुपये अधिक है। इसके साथ ही किसानों को उतराई, सफाई और छनाई के लिए 20 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त देने का निर्णय लिया गया है, जिसका करीब 60 करोड़ रुपये का व्यय मंडी परिषद वहन करेगा। इस बार खरीद अवधि 30 मार्च से 15 जून तक तय की गई है। सभी किसानों से गेहूं की खरीद सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश के 75 जिलों में 6500 क्रय केंद्रों के माध्यम से आठ एजेंसियां खरीद करेंगी। सबसे अहम फैसला खरीद लक्ष्य को लेकर हुआ, जहां पहले 25 लाख मीट्रिक टन का प्रस्ताव था, जिसे मुख्यमंत्री ने बढ़ाकर 50 लाख मीट्रिक टन कर दिया। इससे अधिक किसानों को सरकारी खरीद का लाभ मिल सकेगा। कृषि के साथ-साथ औद्योगिक विकास को गति देने के लिए कैबिनेट ने निजी बिजनेस पार्क योजना-2025 को मंजूरी दी है। इसके तहत प्लग-एंड-प्ले मॉडल पर आधुनिक औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे, जिससे निवेश और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क की स्थापना को भी मंजूरी दी गई है, जो प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सप्लाई चेन से जोड़ेगा। औद्योगिक कॉरिडोर को मजबूत करने के को गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे 29 स्थानों पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। इसके लिए 24,542 करोड़ की लागत स्वीकृत की गई है। इन क्लस्टरों में सड़क, बिजली, जल आपूर्ति समेत सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। ऊर्जा व नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र में भी बड़ा कदम उठाते हुए गोरखपुर में 20 मेगावाट सोलर प्लांट स्थापित करने को मंजूरी दी गई है, जिससे हरित ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। घाटमपुर पावर प्लांट की 660 मेगावाट की तीन इकाई के लिए झारखंड में 2242.90 करोड़ में एक कोल ब्लाक लेने के लिए मंजूर किया गया है। इससे बिजली लागत 3.78 रुपये प्रति यूनिट से घटकर 2.72 प्रति यूनिट होने की उम्मीद है।

### संभल में 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए संभल में 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग के निर्माण को मंजूरी दी गई है। करीब 300 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली इस परियोजना से श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

### नक्शा पास होते ही बदल जाएगा भूमि उपयोग

कैबिनेट ने राजस्व संहिता की धारा 80(8) में बदलाव करते हुए बड़ा निर्णय लिया है। अब किसी भी भूखंड का नक्शा स्वीकृत होते ही उसका भूमि उपयोग स्वत: बदल जाएगा। अलग से लैंड यूज परिवर्तन की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे निर्माण और निवेश प्रक्रिया आसान होगी।

### लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के लिए बनेगा कन्वेंशन सेंटर

वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि राजधानी लखनऊ में 1435 करोड़ रुपये की लागत से इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर बनाया जाएगा। पीपीपी मॉडल पर बनने वाले इस सेंटर में 10 हजार क्षमता का मुख्य हॉल और 2500 क्षमता का ऑडिटोरियम होगा। जिससे लखनऊ अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### इंडिगो ने आलोक सिंह को मुख्य रणनीति अधिकारी नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने सोमवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस के पूर्व प्रबंध निदेशक अलोक सिंह को अपना मुख्य रणनीति अधिकारी (सीएसओ) नियुक्त करने की घोषणा की। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स के अचानक इस्तीफे को दो सप्ताह भी नहीं हुए हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया ने कहा कि सिंह में रणनीतिक दृष्टि और परिचालन क्षमता का उत्कृष्ट मिश्रण है।

### दिल्ली के उत्तम नगर में हाई अलर्ट, नवरात्र के कारण कड़ी निगरानी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के उत्तम नगर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और नवरात्र के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस हाई अलर्ट पर है। एक अधिकारी ने बताया कि ईद के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस ने एहतियाती उपाय के तौर पर 100 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया था। सत्यापन के बाद उन सभी को रिहा कर दिया गया। द्वारका के पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने कहा, नवरात्र के दौरान जेजे कॉलोनी क्षेत्र में सुरक्षा बल तैनात किए गए है।

# होर्मुज का रास्ता रोकना नामंजूर, सरकार हर अप्रत्याशित संकट से निपटेगी : मोदी

## प्रधानमंत्री बोले- युद्ध का प्रभाव लंबा रह सकता है, इसलिए हमें तैयार और एकजुट रहना होगा

नई दिल्ली, एजेंसी



- पश्चिम एशिया संकट पर लोकसभा में मोदी ने दिया वक्तव्य, कहा- कूटनीति से ही युद्ध का समाधान संभव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुए अप्रत्याशित संकट का प्रभाव लंबे समय तक रहने वाला है जिससे निपटने के लिए सरकार पूरी तरह तत्पर है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में पश्चिम एशिया संघर्ष और इसके कारण भारत के सामने आई चुनौतियों पर वक्तव्य देते हुए यह भी कहा कि इस संकट का प्रभाव लंबे समय तक रहने वाला है और इसका सामना देशवासियों को कोरोना संकट की तरह ही करना होगा।

उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट में रुकावट और व्यावसायिक जहाजों पर हमलों को अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि इस समस्या का समाधान कूटनीति और बातचीत से ही संभव है तथा भारत तनाव को कम करने व संघर्ष समाप्त करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में ऊर्जा क्षेत्र में सरकार की तैयारियों के कारण आज हालात से निपटने में मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री ने सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा, सरकार संवेदनशील है, सतर्क है और हर सहायता के लिए तत्पर भी है। उन्होंने कहा कि कुछ तत्व ऐसे संकट में गलत फायदा उठाने का प्रयास करते हैं, इसलिए कानून व्यवस्था से जुड़ी सभी एजेंसियों को सतर्क रखा गया है। इस युद्ध के कारण दुनिया में बने हालात का प्रभाव लंबे समय तक रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा, हमें एकजुट रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। अब हमें फिर से उसी तरह तैयार रहने की आवश्यकता है। धीरज, संयम और शांत मन से हर चुनौती का मुकाबला करना है। मोदी ने कहा कि होर्मुज से कच्चे तेल, गैस और उर्वरक से लदे जहाजों के आवागमन में चुनौती के बावजूद सरकार का प्रयास देश में पेट्रोल, डीजल और गैस की आपूर्ति बहुत अधिक प्रभावित नहीं होने देने का है। देश में एलपीजी उत्पादन बढ़ाया जा रहा है और पेट्रोल-डीजल की लगातार सुचारू आपूर्ति पर काम किया गया है।

### बढ़ेगी बिजली की मांग पर्याप्त संसाधन मौजूद

प्रधानमंत्री ने कहा, आज देश में किसानों ने अन्न भंडार भर रखे हैं। हमारे पास पर्याप्त खाद्यान्न हैं। प्रयास है कि खरीफ मौसम की सही से बुवाई हो। उन्होंने कहा, मैं देश के किसानों को विश्वास दिलाता हूं कि सरकार उनकी हरसंभव मदद करती रहेगी। कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए बिजली की मांग बढ़ने की चुनौती रहेगी, लेकिन सभी संयंत्रों के लिए पर्याप्त कोयला भंडार पर्याप्त हैं।

### आर्थिक, राष्ट्रीय व मानवीय सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती

पिछले तीन सप्ताह से अधिक समय से पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के हालात ने भारत के सामने अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कर दी हैं जो आर्थिक सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और मानवीय सुरक्षा से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा, यह आवश्यक है कि भारत की संसद से इस संकट को लेकर एकमत और एकजुट आवाज में संदेश दुनिया में जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि संकट की स्थिति बनने के बाद उन्होंने स्वयं पश्चिम एशिया के अधिकतर राष्ट्राध्यक्षों से दो बार फोन पर बात की है और उन सभी ने वहां भारतीयों की सुरक्षा का पूरा आश्वासन दिया है। मोदी ने कहा कि प्रभावित देशों में भारत के जितने भी मिशन हैं वे निरंतर भारतीयों की मदद में जुटे हैं, वहां काम करने वाले भारतीयों, पर्यटकों को हर संभव मदद दी जा रही है। मोदी ने कहा, युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक लगभग 3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित देश लौट चुके हैं। ईरान से ही अभी तक लगभग एक हजार भारतीय सुरक्षित वापस आए हैं।

# ट्रंप ने ईरानी ऊर्जा संयंत्रों पर हमला टाला, होर्मुज के लिए समयसीमा बढ़ाई

दुबई, एजेंसी



- ट्रंप बोले- 5 दिन अटैक नहीं करेंगे पहले दिया था 48 घंटे का अल्टीमेटम
- समझौता होने पर संवर्धित यूरेनियम को अपने कब्जे में लेने की बात कही
- ईरान ने कहा- कड़ी चेतावनी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति पीछे हटे

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए दी गई समयसीमा सोमवार को बढ़ा दी और कहा कि अमेरिका पांच दिन के लिए ईरानी बिजली संयंत्रों पर हमले टाल रहा है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल साइट पर युद्ध के समाधान की संभावना भी जताई। हालांकि, ईरानी अधिकारियों ने बातचीत होने से इनकार किया है। कहा कि तेल कीमत घटाने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप गुमराह कर रहे हैं।

ट्रंप के रुख में आए बदलाव से अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध का कुछ समाधान निकलने की उम्मीद जगी है। बाद में, ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि ईरान समझौता करना चाहता है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी दूत एक सम्मानित ईरानी नेता के साथ बातचीत कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि पश्चिम एशिया के लिए विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और उनके (ट्रंप के) दामाद जेरेड कुशनर ने रविवार शाम तक बातचीत की तथा वार्ता जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई से बात नहीं की है।

ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान के साथ कोई समझौता हो जाता है, तो अमेरिका ईरान के विवादित परमाणु कार्यक्रम के लिए महत्वपूर्ण संवर्धित यूरेनियम को अपने कब्जे में लेने की कार्रवाई करेगा। सोशल मीडिया पर ट्रंप की घोषणा के ठीक बाद ईरानी सरकारी टेलीविजन ने कहा, ईरान की कड़ी चेतावनी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति पीछे हटे।

### हर घटनाक्रम पर भारत की है बारीक नजर



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ईरान के बिजली संयंत्रों पर हमले को पांच दिन के लिए स्थगित करने की घोषणा किए जाने के तुरंत बाद भारत ने सोमवार को कहा कि वह पश्चिम एशिया से संबंधित सभी घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रख रहा है। ट्रंप की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम इन घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। जायसवाल ने पश्चिम एशिया के प्रमुख देशों के साथ भारत के लगातार संपर्क में रहने और नई दिल्ली द्वारा इस क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए किए जा रहे प्रयासों का भी उल्लेख किया।

### दो और एलपीजी टैंकर होर्मुज पार कर भारत के लिए रवाना



**नई दिल्ली।** भारतीय ध्वज वाले दो और एलपीजी टैंकर युद्धग्रस्त होर्मुज को पार कर गए हैं और दो से ढाई दिन में भारतीय बंदरगाह पर पहुचेंगे। एलपीजी टैंकर पाइन गैस और जग वसंत जलडमरूमध्य को पार करने से पहले सोमवार सुबह फारस की खाड़ी से रवाना हुए। दोनों एक-दूसरे के करीब चल रहे हैं। इन जहाजों पर लदी गैस देश में लगभग एक दिन की खाना पकाने की गैस की खपत के बराबर है। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि दोनों जहाज पर लगभग 92,000 टन एलपीजी है। – विस्तृत कारोबार पर

# प्रयागराज में कोल्ड स्टोरेज ढहा, 4 की मौत



प्रयागराज के फाफामऊ थाना क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज की गिरी छत।

प्रयागराज, एजेंसी

- अमोनिया गैस का रिसाव होने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मची, एक किमी तक फैली गैस, 12 घायल

यहां के गंगा नगर के फाफामऊ थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक कोल्ड स्टोरेज के अचानक ढह जाने से चार श्रमिकों की मृत्यु हो गई, जबकि 12 श्रमिक घायल हो गए। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया, घायलों का इलाज एसआरएन अस्पताल में चल रहा है। जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, अग्निशमन विभाग की टीम घटनास्थल से मलबा हटाकर लोगों की तलाश रही है।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी-गंगा नगर) कुलदीप गुनावत ने बताया कि फाफामऊ थाना क्षेत्र में एक कोल्ड स्टोरेज अचानक भर भराकर ढह गया और उससे अमोनिया गैस का रिसाव होने लगा जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। जिला प्रशासन और पुलिस की टीम राहत और बचाव कार्य में लगी है तथा अग्निशमन विभाग की टीम भी सक्रिय है जो गैस रिसाव रोकने की दिशा में काम कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में इस घटना पर दुख व्यक्ति करते हुए कहा है, इस मुश्किल घड़ी में प्रभावित लोगों और उनके परिजनों के साथ मेरी सहानुभूति है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रयागराज के कोल्ड स्टोरेज में हुई दुर्घटना में जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं।

# डीआईजी पर हमले के 16 आरोपी दोषी करार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



- 27 मार्च को सुनाई जाएगी सजा 2011 में सैकड़ों की भीड़ ने किया था पुलिस टीम पर हमला
- सोमवार को 19 आरोपियों में से 14 अदालत में हुए पेश, दो नहीं आए, दो की हो चुकी है मृत्यु

**अमृत विचार :** मैनाठेर क्षेत्र के गांव असालतनगर बघा में 15 वर्ष पूर्व हुए बहुचर्चित पुलिस हमले के मामले में एडीजे-2 न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश कृष्ण कुमार की अदालत ने 16 आरोपियों को दोषी करार दिया है। सभी दोषियों को 27 मार्च को सजा सुनाई जाएगी।

घटना छह जुलाई 2011 की है। पुलिस टीम एक युवती से छेड़खानी के आरोपी को गिरफ्तार करने गांव पहुंची थी। इस दौरान पुलिस पर कुरान की बेहुरमती का आरोप लगाकर भीड़ ने बवाल कर दिया। लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया, जिसमें तत्कालीन डीआईजी अशोक कुमार समेत करीब 18 लोग घायल हो गए थे। डीआईजी किसी तरह जान बचाकर पेट्रोल पंप की कोठरी में छिप गए थे। कोठरी को तोड़ने का भीड़ ने प्रयास किया था और दरवाजे पर गोलियां भी बरसाई थीं। पुलिस फोर्स उन्हें वहां से निकालकर लाई। हमलावरों ने डीआईजी को मृत समझकर उनकी पिस्टल तक लूट ली और मौके से फरार हो गए थे। गंभीर रूप से घायल डीआईजी का लंबे समय तक उपचार चला। 19 आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की गई। इनमें से दो आरोपियों की मृत्यु हो चुकी है, जबकि एक नाबालिग पाए जाने पर उसकी फाइल अलग कर दी गई। सोमवार को सुनवाई के दौरान 14 आरोपी पेश हुए, जिन्हें दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया गया। दो अन्य दोषी पेश नहीं हुए, जिनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।

### अधिकारी आत्महत्या मामला: आप के पूर्व मंत्री भुल्लर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब राज्य भंडारण निगम के एक अधिकारी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी राज्य के पूर्व मंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक लालजीत सिंह भुल्लर को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि भुल्लर को मंगलवार को अदालत में पेश किया जाएगा। अमृतसर स्थित पंजाब राज्य भंडारण निगम के जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा ने शनिवार तड़के जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। वीडियो सामने आया है, जिसमें वह (रंधावा) भुल्लर पर उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगाते दिख रहे हैं। मामले में उनके पिता समेत तीन पर मामला दर्ज है।

**आदेश** | सुप्रीम कोर्ट ने कंपनियों से जुड़े बैंकिंग धोखाधड़ी मामले की जांच में सीबीआई और ईडी द्वारा दिखाई गई अनिच्छा पर जताई नाराजगी

# अनिल अंबानी बैंक फ्रॉड केस की निष्पक्ष व समयबद्ध जांच हो

नई दिल्ली, एजेंसी



शीर्ष कोर्ट ने अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) व उसकी कंपनियों से जुड़े बैंकिंग धोखाधड़ी मामले की जांच में सीबीआई और ईडी द्वारा दिखाई गई अनिच्छा पर सोमवार को नाराजगी व्यक्त की। कोर्ट ने उन्हें इस मामले में निष्पक्ष, तटस्थ, पारदर्शी और समयबद्ध जांच करने का निर्देश दिया।

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने सीबीआई और ईडी की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर गौर किया और सभी संबंधित वित्तीय संस्थानों को ईडी को पूर्ण सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया। अंबानी के नेतृत्व वाले एडीएजी की कंपनियों द्वारा कथित तौर पर 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण धोखाधड़ी मामले की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध करते हुए पूर्व नौकरशाह ईएएस शर्मा ने जनहित याचिका दायर की है।

इस पर सुनवाई करते हुए, पीठ ने केंद्रीय जांच एजेंसियों को यह अनुमति दी कि यदि अन्य सरकारी निकाय उन्हें सहयोग देने में अनिच्छा दिखाते हैं तो वे उससे संपर्क कर सकते हैं। सुनवाई की शुरुआत में मेहता ने पीठ को सूचित किया कि एक एसआईटी का गठन किया गया है। जांच एजेंसियों ने अब तक 15,000 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है और कुछ वरिष्ठ अधिकारियों सहित चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है।

### 73,000 करोड़ रुपये है धोखाधड़ी की कुल राशि

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम उन्हें यह निर्देश नहीं दे सकते कि किसे गिरफ्तार करना है, लेकिन जांच एजेंसियों की ओर से दिखाई गई अनिच्छा स्वीकार्य नहीं है। उन्हें समयबद्ध तरीके से बताना चाहिए कि क्या पाया गया है। आपकी जांच से पता चलना चाहिए कि क्या किया गया है और इससे न केवल हमें, बल्कि सभी को विश्वास होना चाहिए। पीठ ने जांच एजेंसियों की नयी वस्तु स्थिति रिपोर्ट में सामने आए कुछ तथ्यों का हवाला देते हुए कहा कि सीबीआई और ईडी वर्तमान में क्रमश: सात और आठ प्राथमिकी की जांच कर रही हैं। पीठ ने यह भी कहा कि 3,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण का निपटारा कथित तौर पर 26 करोड़ रुपये का भुगतान करके किया गया है। पीठ ने कहा कि अनुमान है कि धोखाधड़ी की कुल राशि लगभग 73,000 करोड़ रुपये है। न्यायालय ने कहा, जांच एजेंसियों को इस मामले की तह तक जाना चाहिए। हम सीबीआई और ईडी से आग्रह करते हैं कि जांच को पूरी तरह निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से पूरा किया जाए ताकि इसे समयबद्ध तरीके से तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

मसवासी, अमृत विचार : काशीपुर मार्ग स्थित हेयर सैलून के मालिक जरीफ अहमद( 35 ) पुत्र मोहम्मद शफी सोमवार शाम मसवासी के मुरादाबाद चौराहे पर खरीदारी करने आया था। सामान खरीदने के बाद वह पैदल ही सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान बाजपुर दिशा की ओर से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर होकर गिर गया। घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। राहगीर उसे घायल अवस्था में उठाकर काशीपुर स्थित हायर सेंटर ले जा रहे थे कि उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अभी दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।

### फत्तेपुर विश्नोई में दिखा तेंदुआ, दहशत

कांठ, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर विश्नोई में मंगलवार को एक तेंदुआ और उसके शावक के दिखाई देने से किसान दहशत में आ गए। किसान विजेंद्र सिंह अपने खेत में जा रहे थे। खेत के पास तेंदुआ और उसका शावक दिखाई दिया। डर के कारण किसान तुरंत वापस गांव लौट आए और लोगों को इस घटना की जानकारी दी। डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार को सूचना मिली थी।

### कुत्तों ने बच्चों समेत 17 लोगों को किया घायल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों, बंदरों और बिल्लियों का उत्पात बढ़ता जा रहा है। सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुत्ते, बंदर और बिल्ली के काटने से घायल 17 लोगों को उपचार के लिए लाया गया। इनमें छोटे बच्चे भी शामिल हैं। सभी घायलों को चिकित्सकों ने एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया। लोगों का कहना है कि कुत्तों और बंदरों के झुंड आए दिन लोगों पर हमला कर रहे हैं।

### बाइक सवार के गर्दन में फंसा चाइनीज मांझा

पाकबड़ा , अमृत विचार : लोदीपुर राजपूत गांव निवासी प्रेम सागर किसी काम से पाकबड़ा जा रहे थे। बागड़पुर पुल के ऊपर पहुंचे तभी खंभे में टंगी एक पतंग का मांझा उनकी गर्दन के पास आकर उलझ गया। जिससे शर्ट फट गई। गनीमत रही कि उन्होंने बाइक रोक ली। प्रेम सागर ने बताया कि उन्हों सूचना थाना पाकबड़ा के प्रभारी को फोन पर दे दी है।

# बंद मकानों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर, नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कई उपभोक्ताओं ने शिकायत अधीक्षण अभियंता से की

अमृत विचार : शहर में बिजली विभाग की ओर से स्मार्ट और प्रीपेड मीटर लगाने का अभियान उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। आरोप है कि मीटर लगाने वाली कंपनी के कर्मचारी बंद मकानों के बाहर लगे पुराने मीटरों को तोड़कर बिना मकान मालिक की जानकारी के नए मीटर लगा रहे हैं। इस मनमानी से उपभोक्ताओं में नाराजगी है।



सोमवार को डिप्टीगंज क्षेत्र के कई अमर सक्सेना समेत कई उपभोक्ताओं ने इसकी शिकायत अधीक्षण अभियंता से की है। उनका कहना है कि बिना सूचना और अनुमति के इस तरह मीटर बदलना गलत है और इससे सुरक्षा संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधीक्षण अभियंता ने मीटर लगाने वाली टेलीकॉम कंपनी के उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।उपभोक्ताओं ने मांग की है कि मीटर बदलने से पहले उन्हें सूचित किया जाए और उनकी सहमति के बाद ही कार्य किया जाए। ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या न हो।

## मौसम में बदलाव के साथ प्रवासी पंछियों की वापसी की तैयारी

# अठखेलियों के बीच रामगंगा से विदा ले रहे प्रवासी मेहमान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सुबह घाट पर टहलने पहुंचे लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना दृश्य

अमृत विचार : सोमवार को मौसम में आए बदलाव के बीच रामगंगा नदी किनारे एक अलग ही नजारा देखने को मिला। जिगर कालोनी और सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट के पास घाट पर प्रवासी पंछियों के झुंड वापसी की उड़ान से पहले अठखेलियां करते नजर आए। ठंडी हवाओं और हल्की नमी के बीच ये पक्षी पानी के ऊपर मंडराते और समूह में उड़ान भरते दिखाई दिए।

सुबह घाट पर टहलने पहुंचे लोगों के लिए यह दृश्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। पक्षियों का झुंड एक साथ उड़ान भरता, फिर कुछ देर पानी में उतरकर भोजन तलाशता और दोबारा आसमान की ओर रुख करता दिखा। मौसम में बदलाव के साथ अब ये प्रवासी पंछी अपने मूल स्थानों की ओर लौटने लगे हैं। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार पिछले कुछ महीनों से नदी किनारे डेरा डाले इन पक्षियों की अब वापसी शुरू हो गई है।

> तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी के चलते प्रवासी पक्षी अब अपने मूल निवास स्थानों की ओर लौट रहे हैं। यह उनकी प्राकृतिक जीवन-चक्र का हिस्सा है। ऐसे समय में उनके आवास को शांत और सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है।
>
> -अविनाश पांडे, डीएफओ



रामगंगा नदी पर अटखेलियां करते प्रवासी पंछी। ● अमृत विचार

# कागजों में उपलब्ध, हकीकत में नदारद टीकाकरण कराए बिना लौट रहे मासूम

## मंडल में दावों की हकीकत फेल, रोटा वायरस वैक्सीन की कमी से अटका टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मंडल में बच्चों के नियमित टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग के दावे जमीनी हकीकत से मेल नहीं खा रहे हैं। विभाग भले ही सभी जरूरी टीकों की पर्याप्त उपलब्धता की बात कर रहा हो, लेकिन मंडल के कई जिलों में रोटा वायरस वैक्सीन की कमी से टीकाकरण कार्यक्रम प्रभावित हो रहा है। मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अमरोहा और बिजनौर जिलों के स्वास्थ्य केंद्रों पर अभिभावकों को बच्चों का टीकाकरण कराए बिना लौटना पड़ रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मंडल के सभी सीएचसी, पीएचसी और नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टीडी, बीसीजी, डीपीटी, पेंटा, मीजल्स-रूबेला, ओपीवी, पीसीवी और आईपीवी जैसे टीके नियमित लगाए जा रहे हैं। हालांकि, रोटा वायरस वैक्सीन, जो डायरिया से बचाव के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है, पिछले करीब एक महीने से कई केंद्रों पर उपलब्ध नहीं है।

- रामपुर, संभल, अमरोहा और बिजनौर जिलों के स्वास्थ्य केंद्रों का हाल बेहाल

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात चिकित्सकों का कहना है कि रोटा वायरस वैक्सीन की अनुपलब्धता से बच्चों का टीकाकरण चक्र अधूरा रह रहा है। मौसम में बदलाव के बीच डायरिया का खतरा बढ़ रहा है, ऐसे में यह स्थिति और चिंताजनक हो गई है। कई केंद्रों पर पहले आईपीवी वैक्सीन की भी कमी रही, हालांकि अब उसकी आपूर्ति बहाल हो चुकी है। नोडल अधिकारी डॉ. संजीव बेलवाल ने बताया कि रोटा वायरस वैक्सीन लखनऊ स्तर से ही उपलब्ध नहीं हो पा रही थी और इस संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। वहीं, एडी हेल्थ डॉ. आशु अग्रवाल के अनुसार दो सप्ताह पूर्व शासन को पत्र भेजा गया था, जिसके बाद बीते गुरुवार को वैक्सीन की आपूर्ति शुरू हुई। मुरादाबाद के डिविजनल स्टोर से मुरादाबाद, रामपुर, संभल और अमरोहा को वैक्सीन भेजी जा चुकी है, जबकि बिजनौर को सोमवार को आपूर्ति दी गई। इसके बावजूद, मंडल के कई स्वास्थ्य केंद्रों पर अभी तक वैक्सीन नहीं पहुंच पाई है। अधिकारियों के दावों और जमीनी हकीकत के बीच यह अंतर बच्चों के स्वास्थ्य पर सीधा असर डाल रहा है।

### मौसम बदलते ही क्यों बढ़ता खतरा

मौसम में बदलाव का सबसे अधिक असर छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ता है। जनरल फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह ने बताया कि इस दौरान संक्रमण तेजी से फैलते हैं और बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कमजोर होने के कारण वे जल्दी चपेट में आ जाते हैं। रोटावायरस भी इसी समय सक्रिय होकर शिशुओं में दस्त, उल्टी और बुखार जैसी समस्याएं बढ़ा देता है, जो समय पर इलाज न मिलने पर गंभीर रूप ले सकती हैं।

### क्यों जरूरी है रोटावायरस टीकाकरण

रोटावायरस वैक्सीन शिशुओं को गंभीर दस्त और डिहाइड्रेशन से बचाने में बेहद कारगर है। यह न सिर्फ अस्पताल में भर्ती होने की संभावना को कम करता है, बल्कि संक्रमण के प्रसार को भी रोकता है। चिकित्सकों के अनुसार पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए यह टीका जीवनरक्षक साबित हो सकता है, इसलिए समय पर टीकाकरण बेहद जरूरी है।

# पांच दिन का विराम, निर्यातकों को राहत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- ईरान-अमेरिका में हमले टले, अनिश्चितता बरकरार
- खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर टिकी उद्योग की नजर

अमृत विचार : मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका और ईरान के बीच पांच दिनों तक हमले रोकने के फैसले से मुरादाबाद के निर्यातकों को कुछ राहत मिली है। हालांकि उद्योग से जुड़े लोग इसे अस्थायी राहत मानते हुए सतर्क हैं।



नावेद उर रहमान।

मुरादाबाद का हस्तशिल्प निर्यात खाड़ी देशों पर काफी हद तक निर्भर है। ऐसे में अस्थिरता का सीधा असर यहां के व्यापार पर पड़ता है। खासतौर पर स्ट्रेट् ऑफ़ होर्मूज जैसे समुद्री मार्ग के प्रभावित होने की आशंका से माल ढुलाई, बीमा और आपूर्ति में विलंब की स्थिति बन सकती है। मुरादाबाद हस्तशिल्प निर्यातक संघ के अध्यक्ष नवेद-उर-रहमान ने कहा कि पांच दिन का यह विराम स्वागत योग्य कदम है, लेकिन इसे स्थायी समाधान नहीं माना जा सकता। कहा कि हमारा निर्यात क्षेत्र पूरी तरह मध्य-पूर्व की स्थिरता पर निर्भर करता है। वहां तनाव से आदेश, भुगतान और आपूर्ति प्रभावित होती है।

कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव बना हुआ है, जिसका असर परिवहन खर्च और उत्पादन लागत पर पड़ सकता है। स्थानीय व्यापारियों का मानना है कि यदि वार्ता सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ती है तो स्थिति में सुधार संभव है।

## वक्फ संपत्तियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में पिछड़ा अल्पसंख्यक विभाग

मुरादाबाद , अमृत विचार: जिले में वक्फ संपत्तियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का कार्य तय समय सीमा के बावजूद काफी पिछड़ा हुआ है। विभागीय अधिकारियों द्वारा लखनऊ स्तर पर कनेक्टिविटी फेल होने की बात कहकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ा जा रहा है। सोमवार को प्रभारी जिला अल्पसंख्यक अधिकारी तूलिका शर्मा ने बताया कि जिले में कुल पांच हजार 859 वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण किया जाना था, लेकिन पिछले नौ महीनों में केवल 2672 संपत्तियां ही विभागीय पोर्टल पर दर्ज हो सकी हैं। शेष संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन लंबित है।

सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड एवं वक्फ न्यायाधिकरण लखनऊ के निर्देश पर अल्पसंख्यक विभाग को यह कार्य सौंपा गया था। प्रभारी जिला अल्पसंख्यक अधिकारी ने बताया कि पोर्टल पर कनेक्टिविटी कई-कई दिनों तक बाधित रहने से कार्य प्रभावित हो रहा है। पंजीकरण की अंतिम तिथि दिसंबर 2025 निर्धारित थी, जिसे बाद में न्यायाधिकरण के आदेश से बढ़ाकर जून 2026 कर दिया गया। अब समय सीमा में केवल तीन महीने शेष हैं, लेकिन तकनीकी समस्याओं के चलते लक्ष्य पूरा करने में दिक्कत हो रही है।

# मातृ-पितृ पूजन, बच्चों ने लिया संस्कारों का संकल्प



सरस्वती शिशु मंदिर में हवन में आहुति देते श्रद्धालु ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : बनवटा गंज स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में श्री सनातन धर्म सभा के तत्वावधान में मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन व पूजन के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र में शिशु वाटिका प्रभारी शिवकुमार शर्मा, संभाग निरीक्षक महीपाल, भारतीय शिक्षा समिति के सदस्य विशेष गुप्ता, अध्यक्ष विपिन गुप्ता व प्रधानाचार्य मंजू शर्मा रहीं।

कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 15 भैया-बहनों का विद्यारंभ संस्कार भी कराया गया। मुख्य वक्ता शिवकुमार शर्मा ने भारतीय संस्कृति में माता-पिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को संस्कारवान बनने की प्रेरणा दी। विशेष गुप्ता ने सनातन मूल्यों को जीवन में अपनाने की बात कही। बच्चों ने माता-पिता का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। संचालन कुमारी मेघा विश्नोई ने किया।

## दो पैन कार्ड में 30 को होगी सुनवाई

रामपुर, अमृत विचारः सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम से जुड़े दो पैन कार्ड मामले में सोमवार को सेशन कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। यह सुनवाई सजा के खिलाफ दायर अपील पर की गई। कोर्ट ने इसमें अगली तिथि 30 मार्च निर्धारित कर दी है।

सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों से मामले से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों और साक्ष्यों पर विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा। कोर्ट ने विशेष रूप से वर्ष 2017 के चुनाव से संबंधित याचिका की पूरी कार्यवाही का विवरण प्रस्तुत करने को कहा है। सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता अनिल प्रताप सिंह अदालत में मौजूद रहे, जबकि बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नासिर सुल्तान ने पैरवी की। अदालत ने दो जन्मतिथि से जुड़े विवादित तथ्यों के साक्ष्य भी मांगे हैं। स्पष्ट करने को कहा गया है कि अब तक कौन-कौन से साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं।

# निगम ने की बड़े बकाएदारों पर सख्ती, प्रतिष्ठान सील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एक करोड़ 2 लाख 13 हजार 052 रुपये की टैक्स वसूली

अमृत विचारः नगर निगम की टीमों ने सोमवार को गृहकर, जलकर के बड़े बकाएदारों पर अभियान चलाकर सख्ती की 20 से अधिक बकाएदारों के प्रतिष्ठान सील कर दिया। वहीं कुल एक करोड़ 2 लाख 13 हजार 052 रुपये की टैक्स वसूली की गई।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में टीमें वसूली के लिए पहुंची। हाजी जिमरुद्दीन पर टैक्स का 1,66,498.32 रुपये बकाया था। जिसमें से मौके पर 87 हजार रुपये जमा करने के बाद भी प्रतिष्ठान सील कर दिया गया। हसीन अहमद पर टैक्स का 1,42,295.21 रुपये, हाजी अकरम पर 1,53,262.22 रुपये, मुख्तार पर 5,45,899.65 रुपये, मोहम्मद नाजिम पर 1,99,773 रुपये, भूप सिंह के ऊपर टैक्स का 1,76,825 रुपये की बकाएदारी थी, जिसे जमा न करने पर प्रतिष्ठान सील कर दिया गया।

वहीं राजेंद्र व डालचंद्र पर 80,328 रुपये का टैक्स का बकाया था, जिसमें से 50 हजार किया गया, लेकिन पूरा बकाया न चुकाने के कारण प्रतिष्ठान सील कर दिया गया। इसके अलावा असालतपुरा के मोहम्मद अहमद पर टैक्स का 1,16,787 रुपये, हाजी अहमद पर 88,979 और पीरगैब के मोहम्मद इश्तियाक पर 70,872.85, खुशनुद्र पर 82,053.48, आमिल पर 76,970.04 और यहीं के युसूफ पर 71,455.74 रुपये की बकाएदारी के चलते प्रतिष्ठान सील कर दिए गए। टीमों ने अन्य बकाएदारों को मिलाकर कुल एक करोड़ 2 लाख 13 हजार 052 रुपये की टैक्स वसूली भी की।

# हादसे में पिता की मौत, बेटा घायल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचारः दुर्घटना में मजदूरी करने जा रहे पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बेटा घायल हो गया। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल मोर्चरी पर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

घटना पटवाई थाना क्षेत्र मिलक बिचोला गांव के पास रविवार को हुई। पटवाई के गांव नानकार निवासी तेजराम बेटे सोनू के साथ बाइक से रुद्रपुर मजदूरी के लिए जा रहे थे। तभी एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तेजराम की मौके पर ही मौत हो गई। उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी भेज दिया है। अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। अधिवक्ता यादराम ने बताया कि तेजराम और उनका बेटा दोनों मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे और प्रतिदिन की तरह काम के लिए रुद्रपुर जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया।

- पटवाई में अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

### बाइक की टक्कर से सड़क पार कर रही वृद्धा की मौत, बेटे की ससुराल जा रही थी ओमवती

टांडा, अमृत विचार : दढ़ियाल-बाजपुर मार्ग पर सड़क पार करते हुए वृद्धा की बाइक से टक्कर हो गई। घायल अवस्था में महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव मंडुआ हसनपुर निवासी महिला ओमवती (80) पत्नी रामसिंह चौकी दढ़ियाल के गांव फत्तावाले से आ रही थी। गांव सरकथल पर वह बस से उतरकर सड़क पार करने के दौरान एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी।वह दूर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी, घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायल को टांडा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचे परिजन बिना पोस्टमार्टम शव को घर ले जाने लगे, लेकिन पुलिस ने समझा-बुझाकर शव का पंचनामा भरा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि वह बस से उतरकर मेहमूदपुर में बेटे की ससुराल जा रही थी तभी हादसा हो गया।



मृतका ओमवती ।

# लोहिया के विचारों को जीवन में उतारना ही सच्ची श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर सोमवार को समाजवादी विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। लोहिया के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

श्रद्धांजलि सभा में जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि डॉ. लोहिया ने सदैव कमजोर एवं शोषित वर्ग की आवाज को बुलंद किया और उनकी समस्याएं संसद तक पहुंचाई। उन्होंने लोहिया के प्रसिद्ध कथन जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करतीं का जिक्र किया। उनकी प्रखर देशभक्ति और तेजस्वी विचारधारा के कारण उन्हें विरोधियों के बीच भी सम्मान प्राप्त हुआ। जिला महासचिव फुरकान अली ने कहा कि उनके विचारों को जीवन में अपनाकर ही सच्चे अर्थों में उन्हें श्रद्धांजलि दी जा सकती है। लाखन सिंह सैनी, प्रेम बाबू वाल्मीकि, प्रदीप यादव, बालकिशन शर्मा, वेद प्रकाश सैनी, शंकर लाल सैनी, राकेश राठी, राजू यादव, आशाकर पाशा, जिगरी मलिक, राम सिंह आर्य, संजीव चौधरी, अक्षय भटनागर, मौ. महमूद, धर्मेन्द्र यादव, मोहन यादव आदि उपस्थित रहे।




डॉ राम मनोहर लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण करते सपा नेता। ● अमृत विचार

- समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती

## संचारी रोग रोकथाम को चलेगा अभियान

मुरादाबाद, अमृत विचारः प्रदेश सरकार संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर गंभीर नजर आ रही है। इसी क्रम में पंचायत स्तर पर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। गांवों में गंदगी मिलने और उससे संचारी रोग फैलने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

सोमवार को सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी सुभाष चंद्र ने मुरादाबाद ब्लॉक के ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल से संचारी रोगों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत गांवों में युद्ध स्तर पर साफ-सफाई कराई जाएगी। निर्देश दिए गए कि पंचायत निधि से अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था कर कार्य तेज किया जाए। साथ ही प्रधानों के सहयोग से गांव की गलियों, प्रमुख मार्गों और नालियों में कूड़ा जमा न होने दिया जाए।

**अच्छी खबर** रामपुर से राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, दिल्ली के लिए भेजा जा रहा

# 70 करोड़ फिश सीड्स के निर्यात की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचारः रामपुर जिले से 70 करोड़ फिश सीड्स निर्यात होने की उम्मीद है। देश के कई राज्यों को रामपुर से फिश सीड्स का निर्यात हो रहा है। जिले में 55 हैचरियों में मछली का बीज तैयार हो रहा है। फिलहाल जिले में 1025 तालाब है, जिसमें मत्स्य पालन हो रहा है। जबकि 416 हेक्टेयर रकबे के तालाबों का पट्टा किया जा चुका है।

मत्स्य पालन में रामपुर ने लंबी छलांग लगाई है, रामपुर से मछली का निर्यात देश के हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान और बंगाल आदि राज्यों को किया जा रहा है। यह पहला मौका है जब देश के इन राज्यों को मछली का निर्यात होगा। सहायक निदेशक मत्स्य प्रशांत गंगवार बताते हैं कि जनपद में तहसील मिलक में 40 हैचरियों में मछली का बीज तैयार कराया जा रहा है। जबकि स्वार और बिलासपुर में भी मछली का बीज तैयार हो रहा है। इसके अलावा बड़े पैमाने पर जिले में 1015 तालाबों में मत्स्य पालन किया जा रहा है। सहायक निदेशक ने बताया कि 416 हेक्टेयर रकबे के तालाबों का पट्टा किया जा चुका है ताकि, मत्स्य पालन को और बढ़ावा मिल सके।

> रामपुर का नाम मछली का बीज तैयार करने के मामले में पूरे देश में प्रसिद्ध हो चुका है या यूं कहें कि रामपुर फिश हब बन चुका है। रामपुर में तैयार मछली के बीज में शत-प्रतिशत मछली तैयार होती है। इस लिए देश के विभिन्न राज्यों से मछली पालक रामपुर से फिश सीड मंगाना पसंद करते हैं।
>
> – प्रशांत गंगवार, सहायक निदेशक मत्स्य



रामपुर में तालाब से पकड़ी मछली दिखाते मछली पालक। ● अमृत विचार

### तालाब की भूमि पर ना करें हरी सब्जियों का उत्पादन

सहायक निदेशक ने बताया कि तालाब के पट्टे शिविर लगाकर किए जाते हैं। शिविर में ग्राम प्रधान, सचिव और नयाब तहसीलदार का होना आवश्यक होता है। बताया कि मत्स्य पालन के लिए तालाब का रकबा 5 एकड़ से अधिक नहीं होना चाहिए। यदि ऐसा होता है तब उप जिला अधिकारी की अनुमति होना जरूरी है। बताया कि आवंटित तालाब को मत्स्य पालन, अन्य जलजात पदार्थ या हरी सब्जियों के उत्पादन के प्रयोग में नहीं ला सकेगा। पात्रता सूची में पात्र से अधिक व्यक्ति होने पर मौके पर नीलामी कराई जाती है।

# डीआईजी को घिरा देख अकेला छोड़ लौट गए थे डीएम

## हजारों की भीड़ को नियंत्रित करने को अकेले ही आगे बढ़ गए थे अशोक कुमार सिंह, एस्कार्ट भी नहीं कर पाया साहस, भीड़ ने लूट ली थी पिस्टल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नमाज के बाद इकट्ठा हुए लोग सपा नेता के उकसावे पर दोबारा भड़का बवाल
- कोतवाली मैनाठेर में घुसकर की तोड़फोड़, सरकारी वाहनों में लगाई थी आग

**अमृत विचार:** गांव असालतनगर बघा में युवती से छेड़खानी के आरोपित के घर छह जुलाई साल 2011 को पुलिस टीम दबिश देने पहुंची थी। तभी पुलिस पर महिलाओं ने धार्मिक ग्रंथ का अपमान करने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया था।

पुलिस के साथ मारपीट के साथ वर्दी भी फाड़ दी थी। सुबह मामला शांत हो गया था, लेकिन दोपहर में नमाज के बाद 02:30 बजे भीड़ इकट्ठा होना शुरू हुई। सपा नेता ने तूल देते हुए आस-पास के गांव के लोगों को पुलिस के खिलाफ भड़काते हुए डींगरपुर के तिराहे पर बुला लिया और संभल-मुरादाबाद मार्ग पर जाम लगाकर हंगामा करना शुरू कर दिया था। घंटा भर हंगामे के दौरान सड़क के बीचों बीच एक वाहन पलट दिया गया। सूचना मिलने पर तत्कालीन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार मौके पर पहुंची भीड़ को समझाने के प्रयास किया। कुछ देर बाद उग्र भीड़ ने मैनाठेर कोतवाली में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इतना ही नहीं कोतवाली में खड़ी पुलिस जीप में आग लगा दी।

डींगरपुर तिराहे पर लोग हमलावर हो चुके लोग पुलिस से भिड़ गए थे। पुलिस टीम पर पथराव किया था। कुछ ने हवाई फायरिंग कर दी थी। गंभीरता को देखते हुए डीआईजी अशोक कुमार, डीएम राजशेखर मौके पर पहुंचे। भीड़ को समझाने के लिए डीआईजी भीड़ की ओर बढ़ गए और उग्र हो रही भीड़ के बीच पहुंच गए। जबकि डीएम पीछे ही रुके हुए थे। डीआईजी ने जब लोगों को समझाने का प्रयास किया तो उन्हें अकेला पाकर किसी ने भीड़ को उकसाया तो उन्हें घेर कर हमला कर दिया। डीआईजी पर हमला और खुद को घिरा देख डीएम टीम संग भाग निकले थे। उधर, डीआईजी के हमराह और एस्कार्ट भी भीड़ की उग्रता देख आगे बढ़ने के बजाय डीएम के काफिले के साथ निकल गए। इसके बाद उपद्रवियों ने डीआईजी व पुलिसकर्मियों को निशाना बना लिया। लाठी डंडों से डीआईजी की पिटाई की गई। डीआईजी ने पिस्टल निकालनी चाही तो पिस्टल छीन ली। जान बचाने के लिए डीआईजी पेट्रोल पंप के एक कमरे में घुस गए थे। भीड़ पेट्रोल पंप में बने कमरे का दरवाजा तोड़कर डीआईजी को बाहर निकालने का उतारू थी।


जिला अस्पताल में मेडिकल करवाने पहुंचे आरोपी। ● अमृत विचार

### 33 पर दर्ज हुई थी प्राथमिकी, एक था नाबालिग

डीआईजी के पीआरओ रवि कुमार की शिकायत के आधार पर 33 आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर की थी। विवेचना तत्कालीन इंस्पेक्टर संभल राजेश कुमार चौधरी को सौंपी थी। एक अक्टूबर 2011 को चार्जशीट दाखिल की गई। सोमवार को कोर्ट ने मंजूर अहमद निवासी डींगरपुर, मोहम्मद अली, हाशिम निवासी ललवारा मैनाठेर, मोहम्मद कमरुल, मोहम्मद मुजीफ निवासी मसेबी रसूलपुर मैनाठेर, मोहम्मद यूनुस, रिजवान निवासी लालपुर मैनाठेर, अम्बरीश पुत्त्र अनवर निवासी शाहपुर चमारान, कासिम निवासी परियावली असमोली संभल, मोहम्मद मोबीन उर्फ मोहम्मद मोहसिन निवासी बरखेड़ा डिडौली अमरोहा, मोहम्मद मुजीब, तहजीब आलम निवासी असदपुर मैनाठेर, जाने आलम निवासी मिलक नवाब मैनाठेर, फिरोज निवासी ताहरपुर मैनाठेर और मोहम्मद नाजिम निवासी असदपुर मैनाठेर को दोषी करार दिया। दो की मौत हो गई और एक नाबालिग है।

### जान बचाने को पेट्रोल पंप में छिप गए थे

डीआईजी को घेरने और मारपीट सूचना पूरे मंडल फैल चुकी थी। सूचना पाकर सीओ संभल और सीओ हसनपुर मौके पर पहुंचे भीड़ को फायरिंग कर तितर-बितर किया और घायल डीआईजी को पेट्रोल पंप के कमरे से निकाल कर उपचार के लिए मुरादाबाद लाया गया था। जान बचाने के लिए पेट्रोल पंप में छिपने से पूर्व ही उन्हें गंभीर चोट आई थीं। पुलिस की और पीएसी के ट्रक में आग लगा दी।

### इन धाराओं में दर्ज की गई थी प्राथमिकी

147, 148, 149, 307, 332, 353, 436, 336, 457, 395, 397 सहित लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम एवं आपराधिक विधि संशोधन अधिनियम की धारा 7 के तहत आरोप तय किए गए थे। पुलिस विवेचना के बाद वर्ष 2011 में चार्जशीट दाखिल की गई थी। न्यायालय ने कुल 19 आरोपियों के खिलाफ संज्ञान लिया था।

### सपा सरकार में वापस हुए थे मुकदमे

इस प्रकरण में कुंदरकी के कद्दावर नेता का नाम था। आरोप था कि उकसावे पर ही भीड़ उग्र हुई थी और बवाल किया था। बाद में सपा सरकार आने पर आरोपी नेता सहित कई आरोपियों के नाम मुकदमे में से वापस लिए गए थे।

### कई दिन बाद मिली थी पिस्टल

छीनी गई पिस्टल लगभग एक महीने बाद पुलिस ने बरामद की थी। मामले में बताया गया था पुलिस ने दबिश देकर आरोपियों से पिस्टल बरामद की थी। इस मामले में संभल के पूर्व सांसद शफीकुर्रहमान बर्क मध्यस्थता कर रहे थे और उन्हीं के प्रयास से पिस्टल बरामद हुई बताई जा रही थी।

### षष्ठम कात्यायनी



कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्तिद्ध के नौ रूपों में छठवां रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

बीज मंत्र...

**माँ कात्यायनी: क्लीं श्री त्रिनेत्रायै नमः**

## भोर की बूंदाबांदी ने बढ़ाई ठंडक, दिनभर छाए रहे बादल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सोमवार को शहर में मौसम ने फिर अचानक करवट ले ली। भोर होते ही हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई, जिससे वातावरण में नमी के साथ ठंडक घुल गई। सुबह के समय चली ठंडी हवाओं ने लोगों को एक बार फिर हल्की सर्दी का एहसास करा दिया। कई स्थानों पर लोग गर्म कपड़ों में नजर आए, तो वहीं सुबह की सैर पर निकले लोगों को भी मौसम के बदले मिजाज का सामना करना पड़ा।

दिनभर आसमान में बादल छाए रहे, जिससे धूप पूरी तरह से नहीं निकल सकी। हालांकि, दोपहर करीब डेढ़ बजे कुछ देर के लिए हल्की धूप जरूर निकली, लेकिन उसमें तेजी नहीं थी। ठंडी हवा के चलते धूप का असर कम ही महसूस हुआ और वातावरण में ठंडक बनी रही। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से थोड़ा कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार, बादलों की आवाजाही अभी बनी रह सकती है। ऐसे में हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। मौसम के इस बदले रुख का असर आम जनजीवन पर भी देखा गया। बाजारों में सुबह के समय चहल-पहल कम रही, जबकि दोपहर बाद थोड़ी रौनक लौटी। उधर, चिकित्सकों का कहना है कि इस तरह का मौसम बदलाव सेहत पर भी असर डाल सकता है, इसलिए सतर्क रहने की सलाह दी गई है।


भगत सिंह की मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते धवल दीक्षित व छात्र। ● अमृत विचार

## प्रभात मार्केट तिराहा के सामने जलभराव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर में दो दिन पहले बेमौसम हुई वर्षा ने शहर में जलनिकासी की व्यवस्था के दावे की पोल खोल दी थी। शहर में जगह-जगह जलभराव के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ी थी। वर्षा रुकने के बाद शहर में अनेक स्थानों कीचड़ ही कीचड़ दिखाई दे रही थी। वहीं बरसात के बाद भी अभी जलभराव पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। इस दौरान महापौर विनोद अग्रवाल के प्रभात मार्केट स्थित कैंप कार्यालय के सामने सड़क पर जलभराव हो गया था। यह जलभराव की समस्या का समाधान सोमवार तक नहीं हो पाया। सोमवार को भी लोग जलभराव और गंदगी के बीच से गुजरते नजर आए।


जल बराव में गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

## बलिदान दिवस पर युवाओं ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- वन्दे भारत संस्कार संस्कृति संवाहक के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार :** वंदे भारत (संस्कार संस्कृति संवाहक) के तत्वावधान में सेनानी भवन में सोमवार को चित्रगुप्त कॉलेज के युवाओं के साथ बलिदान दिवस श्रद्धा के साथ मनाया। कार्यक्रम में छात्रों ने रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से शहीदों को याद कर भावुक वातावरण बना दिया।

डॉ. नवनीत गोस्वामी के नेतृत्व में छात्र प्रिंस और ध्रुव ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के चित्र बनाकर सभी को प्रभावित किया। इसके बाद तीनों महान क्रांतिकारियों की मूर्तियों पर अंगवस्त्र अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल हरि गुप्ता ने की व संचालन शुभम त्यागी ने किया। धवल दीक्षित ने कहा कि बलिदान दिवस उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए। अंत में राजीव पाठक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## हॉकी व कबड्डी में जीआईसी व ग्रीन मिडोज चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिला स्तरीय जूनियर प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन, रोमांचक मुकाबलों ने बांधा समां

**अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को जिला स्तरीय जूनियर बालक हॉकी एवं जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिताओं का समापन हुआ। हॉकी में राजकीय इंटर कॉलेज की टीम चैंपियन बनी, जबकि कबड्डी में ग्रीन मिडोज स्कूल ने खिताब अपने नाम किया।

जूनियर बालक हॉकी वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज ने फाइनल मुकाबले में आकांक्षा विद्यापीठ को 5-0 से हराकर खिताब जीता। इससे पहले सेमीफाइनल में राजकीय इंटर कॉलेज ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी को 4-2 से पराजित किया। वहीं, जूनियर बालिका कबड्डी वर्ग में ग्रीन मिडोज स्कूल की टीम ने फाइनल में सोनकपुर स्टेडियम की टीम को 17-16 के करीबी मुकाबले में हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इससे पहले सेमीफाइनल में ग्रीन मिडोज ने टांडा टीम को 14-11 से हराया। समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए गए। जिला हॉकी संघ के सचिव मोहम्मद इकबाल खान एवं अन्य पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इससे पहले प्रतियोगिता का आरंभ क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने किया।

## पांचवे दिन स्कंदमाता के जयकारों की गूंज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन मां दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा-अर्चना श्रद्धा और उल्लास के साथ की गई। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, वहीं घर-घर में व्रत रखकर भक्तों ने विधि-विधान से मां की आराधना की। पूरे दिन भक्ति और आस्था का माहौल बना रहा।

लालबाग स्थित प्राचीन काली माता मंदिर, मनोकामना मंदिर, दुर्गा मंदिर समेत शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने फल-फूल, नारियल और प्रसाद चढ़ाकर मां का आशीर्वाद लिया। कई मंदिरों में विशेष सजावट के साथ दुर्गा सप्तशती पाठ और आरती का आयोजन हुआ। घरों में लोगों ने व्रत रखकर मां स्कंदमाता की पूजा की। इस दिन मां को विशेष रूप से केले का भोग लगाया जाता है।

## ट्रस्ट ने समाजसेवियों को किया सम्मानित


प्रेम चुनरिया में पंजाबी हेल्पलाइन ट्रस्ट द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पंजाबी हेल्पलाइन ट्रस्ट की ओर से बुध बाजार स्थित एक होटल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

समारोह में कपिल नारंग, अमित शर्मा, अंजू त्रिपाठी, मीनू विज, अमित गुप्ता, विनोद गुंबर, अभिनव बंसल, कमल गुलाटी, नवदीप टंडन, शिवेंद्र जैन, अमित (मिंटू ठाकुर), राजीव गुलाटी, राजीव कुमार, हेमा खत्री, गुरप्रीत दुआ और विजय लक्ष्मी पंडित सहित कई व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर ट्रस्ट के संरक्षक मनोज आहूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय नारंग, उपाध्यक्ष तुषार मदान व प्रदीप खेड़ा, प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण मदान, प्रदेश सचिव संजीव मेहता, सह सचिव विकी धामा व मीडिया प्रभारी दीप्ति समेत अन्य मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि समाजसेवा के ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यों की सराहना की गई। इस मौके पर खैराती लाल मेहरोत्रा, गुरविंदर सिंह, ज्ञानेंद्र गांधी, विजय मदान, सतीश चंद्र मदान, रोहतास लाल सपरा, गिरीश भांडुला, रोहित ढल आदि मौजूद रहे।




ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में

कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे

बरेली का एकमात्र PET CT

पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए

हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी

Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana — Ayushman Bharat PM-JAY

प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त

Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com

रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# भूमि संबंधी शिकायतों का शीघ्र करें निस्तारण

## बिलारी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसएसपी ने सुनीं शिकायतें, 52 में सात निस्तारित

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** बिलारी में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अनुज सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं । उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। 52 शिकायतों में उसे सात शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो सका।


शिकायतें सुनते डीएम अनुज सिंह, एसएसपी सतपाल अंतिल। ● अमृत विचार

सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अनुज सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल पहुंचे । जहां उन्होंने फरियादियों की शिकायतें सुनी । दिवस में राजस्व विभाग की 26, पुलिस विभाग की 10 ,विद्युत विभाग की तीन, आपूर्ति विभाग की सात और विकास विभाग की 10 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, शेष लंबित शिकायतों के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व में लंबित भूमि संबंधी शिकायत का सही तरीके से निस्तारण होना चाहिए। फरियादी को बार-बार अधिकारियों के चक्कर न लगाने पड़े इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए, शिकायतकर्ता संतुष्ट होना चाहिए। उन्होंने बताया कि आज दिवस में 52 शिकायतें आई जिनमें से सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, शेष लंबित 45 शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों की टीम बनाकर मौके पर भेजा गया है। सभी से शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने भी पुलिस कर्मियों को शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता का उत्पीड़न किसी हाल में नहीं होना चाहिए। पुलिस को शिकायतकर्ता से अच्छा व्यवहार करना चाहिए। दिवस में मुख्य रूप से एसडीएम विनय सिंह , सीओ अशोक कुमार सिंह, तहसीलदार प्रवीण कुमार के अलावा सभी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।


संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनतीं एसडीएम प्रीति सिंह। ● अमृत विचार

### संपूर्ण समाधान दिवस में 21 फरियादियों ने दर्ज कराईं शिकायतें

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र के 21 लोगों ने शिकायतें दर्ज करायी ।हालांकि मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं किया जा सका। उप जिला अधिकारी प्रीति सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के कर्मचारियों को एक सप्ताह के भीतर शिकायतों का निस्तारण कर अपनी रिपोर्ट देने को कहा। संपूर्ण समाधान दिवस में नायब तहसीलदार आदित्य मौर्य, खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुद्गल, एडीओकोऑपरेटिव आशीष कुमार, कोतवाली प्रभारी मनोज परमार आदि मौजूद रहे ।

## खुशहालपुर से नन्हेड़ा जाने वाली सड़क पर जलभराव

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर से खुशहालपुर और नन्हेड़ा जाने वाले मार्ग पर लंबे समय से जलभराव होने से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्रामीणों ने संबंध में विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामवासियों ने बताया कि यह सड़क प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनी थी।

कई बार शिकायत करने और पत्र भेजने के बावजूद मरम्मत नहीं कराई गई। ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल फिसलने की घटनाएं आम हो गई हैं। खुशहालपुर के राम सिंह ने बताया कि यह गांव को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता है और किसानों को गन्ना लेकर इस मार्ग से ही जाना पड़ता है। मजबूरी में लोगों को दुषित और कीचड़ युक्त हुए पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे भारी परेशानी होती है। इधर से गुजरने वाले यात्री एवं छात्राओं को अपने गंतव्य पर जाने में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने इस संबंध में विरोध प्रकट किया है। ग्रामवासियों सड़क की शीघ्र मरम्मत की मांग कर की और यदि निर्माण कार्य नहीं किया गया, तो तहसील स्तर पर धरने प्रदर्शन की चेतावनी दी है।


जलभराव को लेकर विरोध जताते लोग। ● अमृत विचार

## गुलजार हसन शाह के उर्स का कुल मनाया गया


उर्स में बोलते विधायक रामवीर सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता कुंदरकी

**अमृत विचार:** कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह के साथ जैतपुर पट्टी में हजरत सूफी गुलजार हसन शाह के तीन दिवसीय उर्स में अकीदत मंदों की भीड़ उमड़ पड़ी। ईद की नमाज के बाद विसाली कुल और परचम कुसाई के साथ उर्स का आगाज हुआ था।

तीसरे दिन सोमवार की सुबह दस बजे कुल शरीफ़ की रस्म अदा हुई। सज्जादा नशीं शाहिद मियां ने दुआ कराई। इंतजामिया कमेटी के नवाब साहब मतलूब जहांगीरी के नेतृत्व में मोहम्मद याकूब, गुलाम मुस्तफा, इरफ़ान अली, सईद अख्तर सानू, समाज सेवी फुरकान अंसारी, सराफत , सरफाराज हुसैन, नासिर दरोगा, ग्राम प्रधान जब्बार हुसैन और वाजिद हुसैन इब्राहीम ने उर्स की व्यवस्था संभाली। शाम को विधायक ठाकुर रामवीर सिंह दरगाह पहुंचे और शुभकामनाएं दीं।

### प्रेमी युगल से मारपीट में दो गिरफ्तार

**बिलारी, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव सनाई में प्रेम विवाह से नाराज हुए युवती के परिजनों ने युवक और अपनी बेटी की पिटाई कर दी। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

गांव के रहने वाले अजय ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसका अपने गांव की सुनैना के प्रेम प्रसंग था। दोनों ने 2 जुलाई 2023 को विवाह कर लिया। सुनैना के परिजन रंजिश मानने लगे और कई बार जान से मारने की धमकी भी दी। 22 मार्च की शाम सुनैना के पिता लक्ष्मण, चाचा वीरपाल और गांव का ही अनवार लोहे की रॉड धारदार हथियार लेकर आए और गाली गलौज करने लगे। जान से मारने की नीयत से गर्दन पर दरांती से बार किया जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर गया। बचाने आई उसकी पत्नी सुनैना को भी बुरी तरह से पीटा। पुलिस ने अनवर ,लक्ष्मण को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपी की निशानी से दरांती भी बरामद की है।

## इंटर कॉलेज में तालाब की भूमि को लेकर विवाद गहराया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर के कैलेंडर वाली मस्जिद के निकट स्थित ऑक्सफोर्ड वीर अब्दुल हमीद इंटर कॉलेज परिसर में सोमवार को उप जिला अधिकारी प्रीति सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अधिकारी अंजली सिंह, लेखपाल हिमांशु कानून गो व राजस्व विभाग की टीम ने तालाब भूमि की पैमाइश की। टीम ने दावा किया कि अभिलेखों में दर्ज तालाब की भूमि का हिस्सा कॉलेज परिसर के भीतर पाया गया है।

कॉलेज संचालक हाजी भूरे हुसैन अंसारी नेकड़ी आपत्ति जताते हुए इसे सत्ता पक्ष के दबाव में की गई कार्रवाई बताया। उनका कहना है कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है और अदालत द्वारा यथास्थिति बनाए रखने के स्पष्ट आदेश दिए गए हैं, इसके बावजूद पैमाइश कराना न्यायालय के आदेशों की अनदेखी है।


तालाब की भूमि की जांच करती टीम। ● अमृत विचार

● नगर पालिका और राजस्व टीम ने की पैमाइश

अधिकारियों का कहना है कि राजस्व अभिलेखों में गाटा संख्या 446 पर 0.1740 हेक्टेयर भूमि ग्राम समाज के तालाब के रूप में दर्ज है। पैमाइश के दौरान उक्त भूमि का हिस्सा कॉलेज परिसर में पाया गया है। इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। अधिकारियों ने यह भी कहा कि यदि किसी पक्ष को आपत्ति है तो वह नियमानुसार पुनः पैमाइश के लिए आवेदन कर सकता है।

### बाइक सड़क पर गिरी, दो युवक गंभीर घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** थाना डिलारी क्षेत्र के गांव मलकपुर सेमली से दवाई लेकर लौट रहे दो युवक बाइक सड़क पर गिरने से घायल हो गए । दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

उत्तराखंड के रुद्रपुर निवासी सतेंद्र शर्मा और उसका साथी अनिल यादव सोमवार को थाना डिलारी के गांव मलकपुर सेमली में एक डाक्टर से दवा लेकर अपने घर जा रहे थे। ठाकुरद्वारा-करणपुर मार्ग पर एक मोड़ पर बाइक असंतुलित हो सड़क पर गिर गई जिसमें दोनों लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया । स्वास्थ्य लाभ मिलने के बाद परिजन दोनों घायलों को अपने साथ ले गए।

## न्यूज डायरी



### फसल के मुआवजे को लेकर किसानों का प्रदर्शन

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र में हाल ही में आई तेज आंधी और बेमौसम बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। गेहूं और लाही की फसलें खेतों में ही गिरकर बर्बाद हो गईं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को ब्लॉक परिसर में आयोजित भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत) की पंचायत में किसानों का दर्द खुलकर सामने आया। किसानों ने कहा कि गेहूं की फसल आंधी-बारिश के चलते जमीन पर गिर गई, जिससे उत्पादन पर गंभीर असर पड़ेगा। उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। प्रभावित गांवों में सर्वे करा शीघ्र मुआवजा दिया जाए। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जिला अध्यक्ष धनेंद्र शर्मा, तहसील अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, सुमित चौहान, हरीराज सिंह, राजपाल सिंह ,अनूप सिंह, उदयपाल सिंह, सुधीर कुमार, मास्टरहरकेश सिंह आदि मौजूद रहे।




### बसपा की बैठक में जिला पंचायत चुनाव पर चर्चा

**बिलारी, अमृत विचार :** शेरपुर माफ़ी में नज़ारुल सैफ़ी के आवास पर बहुजन समाज पार्टी की बैठक में जिला पंचायत चुनाव को लेकर के रणनीति बनाई गई। कहा कि बूथ और सेक्टर कमेटी में 50 फीसद भागीदारी युवाओं की होगी और उसी के बेस पर 2027 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनेगी। सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद मंडल डॉ .रणविजय सिंह एडवोकेट ने कहा कि पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाना है। अरुण कुमार टिंकू ने कमेटियों का गठन कराया। जिला अध्यक्ष एडवोकेट निर्मल सिंह सागर ने कहा कि 2027 में सरकार बनाने के लिए कमर कस लें। राधे श्याम पाल जिला महासचिव, रन सिंह भारती , अंकुल सागर, ब्रह्मपाल सिंह, मनवीर सिंह, डॉ .जगतपाल सिंह, चरन सिंह, केके नवल, राम अवतार सिंह, डॉ . कुंवर सिंह, राम खिलाड़ी, निहाल सिंह, मुनेंद्र सिंह, डॉ विजय दीप, समीउल्लारे, अंकुल कुमार, हाजी सालिम , बंटी कुमार, साकिर हुसैन, विपिन दीवानआदि मौजूद रहे।

### विवाहिता को ले जाने का आरोपी युवक गिरफ्तार

**बिलारी , अमृत विचार :** 9 मार्च को अमरोहा के थाना हसनपुर के गांव ओसामापी का रहने वाला पीतम सिंह अपनी पत्नी के साथ ससुराल जा रहा था। पत्नी ने पकौड़ी लाने को कहा। पीतम सिंह पकौड़ी लेकर वापस लौटा तो पत्नी नहीं थी। रामपुर के थाना सैफनी के गांव सागरपुर के रहने वाले इमरान , नाजिम के विरुद्ध पत्नी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी इमरान को गिरफ्तार कर विवाहिता को बरामद कर लिया। विवाहिता की उम्र 15 साल निकली। इसके बाद पुलिस ने पास्को एक्ट की धाराएं भी मुकदमे में बढ़ाई हैं। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया, जबकि नाबालिग विवाहिता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि आगे भी कार्यवाही की जाएगी विवेचना जारी है।

### 4 शिकायतों का निस्तारण

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील कांठ में संपूर्ण समाधान दिवस में 46 मेंचार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित रहे सभी विभागों के अधिकारियों की रिपोर्ट डीएम को भेजी गई। एसडीएम संत दास पवार ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर उसका निस्तारण किया जाए।



### ईद पर विधायक कमाल अख्तर ने भाईचारे का दिया संदेश

**कांठ, अमृत विचार :** विधायक कांठ एकमाल अख्तर ने लोगों से मुलाकात कर ईद की मुबारकबाद दी। कहा कि समाजवादी विचारधारा हमेशा गरीब, किसान, मजदूर और कमजोर वर्ग के सम्मान एवं अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। वर्तमान समय में समाज को बांटने वाली ताकतों के बीच प्रेम, भाईचारा और सद्भाव बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। विधायक ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को सुना और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को और गति देने की बात कही। विक्रम सिंह यादव, आरिफ मलिक, फुरकान अली, अमजद अली, अतिकुर रहमान, अंजार अली, मुजाहिद अली, अनवर नेताजी, दानिश चौधरी, भूरे खान, आबिद हुसैन, हाजी रशीद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संविदा कर्मचारियों को स्थाई करे सरकार

**बिलारी , अमृत विचार:** स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष मानिक लाल नागर ने सोमवार को बैठक में संविदा कर्मचारी को स्थाई करने और आउटसोर्सिंग ठेका कर्मचारियों को 20,000 रुपये मानदेय की मांग। लखनऊ में बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी।

मानिक लाल ने कहा कि हमने सरकार को 6 दिसंबर 2025,11 जनवरी 2026, फरवरी 2026 को 13 सूत्रीय ज्ञापन दिए हैं, लेकिन सरकार हमारे ज्ञापनों को रद्दी की टोकरी में डाल रही है प्रांतीय अध्यक्ष ने चन्दौसी ,बहजोई,संभल, सिरसी, बिलारी में संघ के वरिष्ठ नेताओं से संपर्क किया और संगठन की समीक्षा के साथ-साथ आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की। प्रदेश संगठन मंत्री सुनील लश्करी व शिव कुमार राही,प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम बाबू वाल्मीकि,प्रदेश प्रवक्ता अजय कुमार राजवर ,गजराम वाल्मीकि, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए एकजुट हों

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ब्लॉक ठाकुरद्वारा सभागार में सोमवार को अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के तत्वावधान में महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का शहादत दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड नत्थू सिंह ने की, जबकि संचालन हर स्वरूप सिंह ने किया। कामरेड सुरेंद्र सिंह ने शहीदों की स्मृति में क्रांतिकारी गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावुक कर दिया।

नरेश सिंह, जगदीश सिंह, बलबीर सिंह और दयाराम साहनी ने कहा कि जिन आदर्शों और सपनों के लिए क्रांतिकारियों ने अपने प्राण न्योछावर किए, वह सपना आज भी अधूरा है। शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए मजदूरों और किसानों को संगठित होकर संघर्ष करना होगा।

● शहादत दिवस पर भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को दी श्रद्धांजलि

उन्होंने खेती में कॉर्पोरेट और बड़ी कंपनियों के हस्तक्षेप का विरोध करते हुए बिजली के निजीकरण पर रोक लगाने और स्मार्ट मीटर न लगाने की मांग उठाई। इसके साथ ही बेरोजगारों को रोजगार, किसानों-मजदूरों की कर्जमाफी, फसलों का उचित मूल्य, सभी विद्युत उपभोक्ताओं को 300 यूनिट मुफ्त बिजली तथा 60 वर्ष के बाद प्रत्येक किसान-मजदूर को 10,000 प्रतिमाह पेंशन देने संबंधी कानून बनाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

कार्यक्रम में मनोहर सिंह, महिपाल सिंह, राजेश सिंह, आजम शाह, कॉमरेड वीर सिंह, सतपाल सिंह, राजपाल सिंह, कशपाल सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्लाट में खड़े पेड़ काटने को लेकर मारपीट में छह घायल

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** प्लाट में पेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले जिसमें छह लोग घायल हो गए। दो घायलों को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तैहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

नगर पंचायत उमरी कला के मोहल्ला नसीराबाद निवासी इंतजामुद्दीन ने प्लाट बाबू को बेच दिया था जिसमें यूकेलिप्टस पॉपुलर आदि के पेड़ खड़े थे। बाबू से वह प्लाट नसीमुद्दीन ने खरीद लिया सोमवार को नसीमुद्दीन पक्ष ने प्लाट में खड़े पेड़ काटने शुरू किये तो इंतजामुद्दीन पक्ष ने विरोध किया। दोनों पक्षों के एक दर्जन लोग लाठी-डंडे लेकर आ गए। दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे और धारदार हथियार चले जिसमें एक पक्ष के इंतजामुद्दीन, यूनुस, अब्दुल्ला, दानिश तथा दूसरे पक्ष के नसीम और एक अन्य घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने इंतजामुद्दीन और यूनुस को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे पक्ष के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करने के लिए तहरीर दे दी है जांच कर अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

### संम्बन्ध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र इकरार एवं उसकी पत्नी सीमा को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य लेनदेन मुकदमे बाजी का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **फरियाद पुत्र श्री रमजानी निवसी ग्राम भीकनपुर कुलवाड़ा थाना कुन्दरकी तह. बिलारी जिला मुरादाबाद**

### संम्बन्ध विच्छेद

मैंने व मेरे परिवार ने अपने सगे दो पुत्रों व उनकी पत्नियों, मासूम फात्मा पत्नी कूमैल अब्बास व श्रीमती सबा पत्नी अली रजा के गलत कृत्य व दुर्व्यवहार के कारण दोनों के परिवार से रजिस्टर्ड संबंध विच्छेद कर लिये है। इनका मेरी चल, अचल, संपत्ति ,मकान, मुकदमा व भविष्य में घटित घटना से कोई लेना-देना नहीं है । **श्रीमती आफताब जहां पत्नी स्व अली हसनैन मौहल्ला पापड़ी थाना व तहसील नौगांवा सादात, जिला अमरोहा।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

### कार्यालय नगर पालिका परिषद हसनपुर (अमरोहा)

पत्रांक: 496/न.पा.परि./ह./2025-26 — दिनांक: 19.03.2026

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद हसनपुर ठेकेदार/फर्मो/से विकास कार्य हेतु ई-निविदायें दिनांक 21.03.2026 से दिनांक 30.03.2026 समय दोपहर 03:00 बजे तक https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 30.03.2026 को ही अपरान्ह 04:00 बजे गठित समिति तथा निविदादाताओं की उपस्थिति में https://etender.up.nic.in द्वारा खोली जायेगी। ई-टेण्डरिंग से सम्बन्धित नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है जो कि सूचना वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदादाता को निर्देशित किया जाता है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिये न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लाज 4 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | E-bid reference No | 496/न.पा.परि./ह./2025-26 | | |
| 2 | Tender Release | | 21.03.2026 | |
| 3 | | Tender Download/ Uploaded | 21.03.2026 | प्रातः 10 बजे |
| 4 | Close for Bid | | 30.03.2026 | सायं 03 बजे |
| 5 | Bid Opening | Technical | 30.03.2026 | सायं 04 बजे |
| 6 | Bid Opening Palace | | | नगर पालिका परिषद हसनपुर |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**हसनपुर (अमरोहा)**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**हसनपुर (अमरोहा)**

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रैक की मरम्मत, आज 12 घंटे बंद रहेगा मार्ग

**बिलासपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव पैगंबरपुर के पास रेलवे फाटक संख्या 60 बी2 पर रेलवे लाइन का मरम्मत कार्य किया जाएगा। जिसके चलते 24 मार्च को 12 घंटे के लिए यातायात मार्ग पूरी तरह से बंद रहेगा। रेलवे विभाग के सीनियर सेक्शन इंजीनियर संतोष कुमार ने बताया कि 24 मार्च को ट्रैक पर मरम्मत की जाएगी। जिसके चलते रात आठ से सवेरे आठ बजे तक मार्ग बंद रहेगा। कहा कि सड़क यातायात हेतु वैकल्पिक गांव ज्वालापुर फाटक संख्या 69 बी2 मार्ग चालू रहेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से मरम्मत कार्य के दौरान सहयोग किए जाने का आग्रह किया।

### बिजली कर्मचारियों ने की शोकसभा

**सैफनी, अमृत विचार :** पत्नी के उत्पीड़न से तंग आकर फंदा लगाकर सैफनी बिजली घर में तैनात जेई रविंद्र मिश्रा ने आत्महत्या कर ली थी। सोमवार को सैफनी बिजली घर पर तैनात संविदा कर्मचारियों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए शोकसभा की। इसमें कर्मचारियों ने ईश्वर से परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने व आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान विद्युत संविदा कर्मचारी संघ मीडिया प्रभारी दिनेश कुमार सागर, सगीर अहमद, अफरोज अली, सुनील कुमार, मोनू शर्मा आदि शामिल रहे।

# 87 शिकायतों में 21 का मौके पर निस्तारण

## संपूर्ण समाधान दिवसः शाहबाद तहसील सभागार में डीएम और एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** सोमवार को जिले की सभी छह तहसील सभागारों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, इसमें आईं 87 शिकायतों में 21 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील शाहबाद सभागार में डीएम अजय कुमार द्विवेदी और एसपी विद्यासागर मिश्र ने जनसमस्याएं सुनी।

शाहबाद तहसील सभागार में कुल 31 शिकायतें आईं, इनमें से 9 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान विद्युत, पूर्ति, चकबंदी, समाज कल्याण, प्रोबेशन, जल निगम ग्रामीण, राजस्व आदि विभागों से संबंधित शिकायतें एवं मांग पत्र आए। एक शिकायतकर्ता द्वारा नगर पंचायत शाहबाद के लिपिक पर एसीपी लागू न करने एवं वेतन निर्धारण न किए जाने की शिकायत जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित लिपिक का वेतन बाधित करने के निर्देश दिए।

तहसील शाहबाद के ग्राम मदारपुर में चकरोड पर अवैध कब्जा, ग्राम सागरपुर सैफनी में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा तथा ग्राम शाहदरा में नाले पर अतिक्रमण कर पेड़ लगाए जाने की शिकायतें भी प्राप्त हुईं। डीएम ने राजस्व एवं पुलिस टीम गठित कर तत्काल मौके पर मुआयना कर निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जन शिकायतों के निस्तारण में गंभीरता बरतें और प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

तहसील सदर में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र की अध्यक्षता में 19 शिकायतें आईं, इनमें 4 मौके पर निपटी। तहसील मिलक में उपजिलाधिकारी मिलक की अध्यक्षता में 8 शिकायतों में से 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील बिलासपुर में उपजिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में 10 शिकायतों में 2 का निस्तारण किया गया। तहसील टांडा में उपजिलाधिकारी टांडा की अध्यक्षता में 11 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 3 का मौके पर निस्तारण हुआ।

तहसील स्वार में उपजिलाधिकारी स्वार की अध्यक्षता में 8 शिकायतें आईं, इसमें 1 का ही निस्तारण किया गया। शाहबाद में सीएमओ डॉ. दीपा सिंह, एसडीएम आशुतोष कुमार, सीओ देवकीनंदन, बीएसए कल्पना देवी, तहसीलदार अमित कुमार सिंह, कोतवाल प्रदीप कुमार, बीडीओ धीरेंद्र सिंह चौहान, सैफनी थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मोहित रस्तोगी, एई मनोहर प्रसाद, पूर्ति निरीक्षक किशन लाल समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



शाहबाद तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में जन समस्या सुनते डीएम व एसपी।



समाधान दिवस में पत्र देते ग्रामीण। • अमृत विचार

### टांडा में 17 राशन कार्ड धारकों ने लगाई गुहार

**टांडा, अमृत विचार :** तहसील टांडा के अंतर्गत ग्राम भाउपुरा के दर्जन भर से अधिक कार्ड धारकों ने संपूर्ण समाधान दिवस में राशन कार्ड काटे जाने पर उपजिलाधिकारी को पत्र सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि पात्र होने के बावजूद उनके राशन कार्ड बिना किसी पूर्व सूचना या स्पष्ट कारण के निरस्त कर दिए गए हैं। धारकों ने बताया कि वे सभी गरीब परिवारों से हैं। शिकायती पत्र में राशन कार्ड काटे जाने वालों के नाम, रेखा देवी, चन्द्रवती, रश्मि, सुषमा देवी, बवली करमजीत कौर, रूबी, मनीषा, शोभा देवी, सहित कुल 17 धारकों के परिवार वालों ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से ग्रामीणों ने मांग की है कि यदि वे अपात्र हैं, तो विभाग उन्हें कारण स्पष्ट करे। अन्यथा उनके राशन कार्डों को तत्काल प्रभाव से पुन: बहाल किया जाएं। उपजिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# आवारा कुत्तों के आतंक से मोहल्लेवासी परेशान

संवाददाता, बिलासपुर

- मोहल्ला शीरी मियां में बच्चों, महिलाओं और राहगीरों को बना रहे निशाना

**अमृत विचार :** मोहल्ला शीरी मियां में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक ने मोहल्लेवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। शीरी बाबा की दरगाह से लेकर अमलताश वाली मस्जिद तक का इलाका इन कुत्तों का मुख्य ठिकाना बना हुआ है, जहां से गुजरने वाले बच्चों, महिलाओं और राहगीरों को निशाना बना रहे हैं।

मोहल्लेवासी शुऐब अली, माहिर खां, गजाली खां आदि का कहना है कि कुत्तों में भयानक खुजली की बीमारी फैली हुई है। कुत्तों के शरीर से झड़ने वाले बैक्टीरिया और उनके संपर्क में आने से पूरे इलाके में संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। बताया कि ईद पर नमाज पढ़कर लौट रहे लोगों का रास्ता कुत्तों के इस झुंड ने रोक लिया था। जिससे काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि तत्काल बीमार व आक्रामक कुत्तों को पकड़वाकर नगर से बाहर भेजा जाएं। अधिशासी अधिकारी डॉ. नितिन कुमार गंगवार ने बताया कि जल्द ही एक टीम लगाकर कुत्तों को पकड़वाकर नगर से दूर भेजा जाएगा।



बिलासपुर के मोहल्ला शीरी मियां में बैठा कुत्तों का झुंड।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ उतरे अधिवक्ता

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** सोमवार को तहसील मिलक में भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और अधिवक्ताओं व वादकारियों के उत्पीड़न के खिलाफ बार एसोसिएशन मिलक ने एक ज्ञापन आयुक्त मुरादाबाद मंडल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह को सौंपा।

सोमवार को बार सभागार में आयोजित सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी आज न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। यह विरोध तहसील में लंबे समय से पनप रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ है। कहा कि कृषि भूमि के विक्रय वादों के ऑनलाइन प्रिंट निकलने के बावजूद उन्हें दर्ज नहीं किया जा रहा है। यह एक ऐसी समस्या है जो सीधे तौर पर किसानों और भूमि मालिकों को प्रभावित करती है। दाखिल-खारिज के आदेशों का समय से अपलोड न होना भी एक बड़ी समस्या है। 2022 से पूर्व के मामलों में पुनर्स्थापन प्रार्थना पत्रों पर भी आयुक्त मुरादाबाद मंडल के आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिसे लेकर अधिवक्ताओं ने प्रभारी तहसीलदार पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया। प्रशासनिक आदेशों का भी तहसील स्तर पर कोई महत्व नहीं रह गया है। सभा की अध्यक्षता सतीश चंद्र गंगवार ने की तथा संचालन महासचिव रमेश चंद्र गंगवार ने किया।



मिलक तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता।

### पहले कर रहे त्रुटि फिर सुधार के नाम पर वसूली

अधिवक्ताओं ने कहा कि कंप्यूटर प्रभारी अरुण कुमार अक्सर कार्यालय बंद कर अन्य कार्यों में व्यस्त रहते हैं और रात में लोगों को बुलाकर अवैध वसूली करते हैं। कंप्यूटर से संबंधित कार्य प्राइवेट लोगों से कराए जा रहे हैं जानबूझकर त्रुटियां की जाती हैं और बाद में उन्हें सुधारने के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है। तहसील के विभिन्न पटल पर निजी कर्मचारियों द्वारा अधिवक्ताओं और वादकारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाने के कारण रोष है।

# नए शहरकाजी का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- सैयद अनस मियां बोले- जिम्मेदारी को अच्छे से निभाऊंगा

**अमृत विचार :** शहर के प्रसिद्ध खुर्मो वाले मजार मौलवी जमालुद्दीन साहब के मजार में शहर काजी सैयद अनस मियां का स्वागत हुआ। उन्हें मजार शरीफ के सज्जादानशीं व मुतावल्ली हाफिज सैयद आफाक शाह उर्फ फहद मियां निजामी ने पगड़ी पहनाई। इस मौके पर सैयद अनस मियां ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे वह अच्छे से निभाएंगे। कहा कि अल्लाह तबारुकुल तआला की मर्जी से ऐसा हुआ है।

काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां ने ईद की नमाज से पहले शहर काजी की जिम्मेदारी छोटे बेटे अनस मियां को सौंप दी थी। अनस मियां ने ईदगाह में पहली बार खुतबा दिया और नमाज पढ़ाई। इसके बाद जगह-जगह उनका इस्तकबाल हो रहा है। इस मौके पर सैयद फहद, डॉ. जुनैद खां, असलम हसन, हाफिज मोहम्मद नाजिम, रिजवान खां, इमरान खां, जिया उर रहमान बाबू समेत कई मौजूद रहे।



नए शहर काजी को फूल मालाएं पहनाते लोग। • अमृत विचार


# पिछड़ों के उत्थान में लगे रहे लोहिया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मिस्टनगंज स्थित समाजवादी पार्टी कैंप कार्यालय पर सोमवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती मनाई गई। सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने डॉ. राम मनोहर लोहिया के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर अध्यक्ष मोहम्मद आसिम राजा ने कहा कि डॉ. लोहिया समाजवादी विचारधारा के बड़े नेता थे।

उन्होंने कहा कि डॉ. लोहिया ने पूरा जीवन समाज की असमानता को दूर करने तथा पिछड़े व शोषित वर्ग के उत्थान में लगा दिया। उन्होंने देश की आजादी के आंदोलन में भरपूर हिस्सा लिया व महात्मा गांधी के साथ काम किया। आजादी के बाद समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने व असमानता दूर करने का काम किया। सभी को समान अधिकार एवं समान दिलाने के लिए संघर्ष किया।

आसिम राजा ने कहा कि यही संदेश हमारे नेता एवं समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य मोहम्मद आजम खां ने भी दिया है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अनेकों शिक्षण संस्थाएं एवं मोहम्मद अली जौहर विवि की स्थापना की। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा राष्ट्रीय महासचिव व शिक्षाविद मोहम्मद आजम के नेतृत्व में समाजवादी विचारधारा अवश्य ही सफल होगी। शहीद दिवस पर सुखदेव, भगत सिंह एवं राजगुरु की शहादत को भी याद किया। सभा में अमरजीत सिंह, प्रदेश सचिव ओमेंद्र चौहान, अमरीश पटेल, पूर्व पालिका अध्यक्ष बिलासपुर मोहम्मद हसन खां, पूर्व विधायक विजय सिंह, हरज्ञान सिंह यादव, अनुराधा चौधरी, रामप्रकाश सेठ तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय कुमार सागर ने की तथा सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।



सपा कैंप कार्यालय में डॉ. राम मनोहर लोहिया जयंती मनाते सपाई। • अमृत विचार

- सपाईयों ने सोमवार को मनाई डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती

# शक्ति स्वरूपा के अनेक रूप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आदर्श कालोनी स्थित श्री हरिहर मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन व्यास देवराज ने कहा कि मां शक्ति स्वरूपा है और शक्तिमान मां के अनेक रूप हैं। भक्त अपनी श्रद्धा से जिस रूप में मां से जो कुछ पाना चाहते हैं, वह प्रसन्न होकर अपने पुत्रों को सब कुछ दे देती है।

नव दुर्गे व्रत अनुष्ठान का यह समय मां की उपासना के लिए सर्वश्रेष्ठ समय है। इस समय की उपासना से मानसिक प्रसन्नता होती हैं और मनचाहा फल मिलता है। कथा में व्यास देवराज ने कहा कि मां हर रूप में रक्षा करती और दुष्टों का संहार करती हैं। भक्तों को सताने वालों एवं पृथ्वी पर हाहाकार मचाने वाले राक्षस महिषासुर का वध करने के लिए मां ने दुर्गा का रूप धारण कर उसका वध किया। मुख्य यजमान शलभ गुप्ता द्वारा व्यास जी एवं आचार्य का पूजन किया गया, कलाकारों ने अपनी कला से संगीत में स्वर्ग से मां स्तुति एवं आरती गाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। कथा में अनिल वशिष्ठ, चुन्ना भाई, प्रमोद पांडेय, सुनील कौशिक, आदित्य, अतुल, सीताराम शर्मा, दिलीप, नरेश शर्मा, सुनील, प्रवीण भांडा, राधेश्याम यादव, सोनी ताऊ, गंगा शरण यादव, दीपक गुप्ता, गोविंद शर्मा आदि उपस्थित रहे।



व्यास देवराज को चित्र भेंट करता भक्त।

- आदर्श कालोनी स्थित श्री हरिहर मंदिर में श्रीमद्भागवत

# चैत्र नवरात्रः पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मंदिरों में चैत्र शुक्ल पंचमी को पांचवां स्वरूप देवी स्कंदमाता की पूजा अर्चना की गई। इससे पहले भक्तों ने माता का श्रृंगार किया। पुरोहित पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने अपने सहयोगी भक्तों को साथ लेकर यज्ञ में आहुतियां देकर जगत कल्याण के लिए प्रार्थना की। पुरोहित ने सप्तशती पाठ, कवच पाठ, दुर्गा चालीसा पाठ किया।

शहर के मिस्टन गंज स्थित शक्ति दरबार में सोमवार को भक्तों ने गणेश वंदना, दुर्गा चालीसा, भजन कीर्तन किया। इसके बाद भक्त महाआरती में शामिल रहे और खूब जयकारे लगाए। महा आरती में भारत भूषण गुप्ता, प्रतीक जिंदल, श्रुति जिंदल, सुखदेव मिश्रा, नीरज, राजेन्द्र सिंह, राम भरोसे लाल यादव, तिलक राज वासन, मुकेश कुमार रावत, पंडित विश्वनाथ प्रसाद, विनीत लाला, विजय, अन्नू मिश्रा, हरि बाबू गुप्ता, सुधा, राजू, राधा रानी, सुनीता, दिनेश दिन्ने भाई, शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल, पंडित सत्यम शर्मा, नीरज, शोनित रस्तोगी, निशांत, अनिल प्रभा आदि सैकड़ों भक्त शामिल रहे। पुजारी ने बताया कि मंगलवार को छठी देवी कात्यायनी देवी की पूजा की जाएगी।



मंदिर में भजन कीर्तन करते भक्त। • अमृत विचार

**मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना कर किया सप्तशती का पाठ : बिलासपुर।** श्रद्धालुओं ने चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन उपवास रखकर मां के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता माता की भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की। इस दौरान श्रद्धालु दिनभर मां की अराधना में लीन रहे।

सोमवार को सुबह से ही घरों में सजाए गए दरबार के सम्मुख श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मां को रोली का तिलक लगाकर दुर्गा सप्तशती तथा दुर्गा चालीसा का पाठ किया। यज्ञ में आहुतियां देकर सुख-समृद्धि की कामना की। मोहल्ला साहूकारा में श्री सनातन धर्म बड़ा मंदिर, माता महाकाली मंदिर, श्री माता पीतांबरा देवी मंदिर, पंजाबी कालोनी में श्री सनातन धर्म मंदिर, शिव मंदिर, मोहल्ला लक्ष्मीनगर में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, मां चामुंडा देवी मंदिर, मोहल्ला डाम कालोनी में मां पंचायती दुर्गा भवानी मंदिर, शिव-शीतला माता मंदिर में भजन-कीर्तन किया मां दुर्गा पंचायती भवानी मंदिर के महंत रविराज स्वरूप भटनागर ने जानकारी दी कि शुक्रवार को रामनवमी के दिन मंदिर से मां दुर्गा की ज्योति की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

- यज्ञ में आहुतियां देकर जगत कल्याण की प्रार्थना

# ओवरलोडिंग पर कड़ी कार्रवाई 1,74,750 का लगाया जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में रात्रिकालीन विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। खनन वाहनों को ओवरलोडिंग के चलते कड़ी कार्रवाई की गई, इसमें दस वाहनों पर 1,74,750 रुपये का जुर्माना लगाया।

अभियान के तहत जिले के विभिन्न प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं संवेदनशील स्थलों पर सघन जांच की गई। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के नेतृत्व में गठित टीमों द्वारा वाहनों के प्रपत्रों, भार क्षमता, परमिट एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों की गहनता से जांच की गई। जांच के दौरान ओवरलोडिंग करते हुए 10 वाहन पाए गए, जिनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए कुल 1,74,750 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जिला प्रशासन द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रवर्तन अभियान निरंतर, योजनाबद्ध एवं प्रभावी रूप से संचालित किए जाएं, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो सके तथा आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरुकता बढ़े।




मसवासी चौराहे पर चेकिंग करती टीम।

कार्यक्रम | सरकार के नौ वर्ष पूर्ण को लेकर आयोजित कार्यक्रम में बोले मोहन लाल सैनी

# कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य सेवाओं से न रहे वंचित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उप्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकास भवन परिसर में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की प्रमुख योजनाओं व किशोर-किशोरी एवं कुपोषण को लेकर कार्यक्रम हुआ। इसमें 9 वर्षों की उपलब्धियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने कहा कि पात्र व्यक्ति स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित ना रहे। 5 आयुष्मान लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड दिए गए। साथ ही 9 वर्षों में स्वास्थ्य विभाग की उपलब्धियों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जन समुदाय को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चल रहे हैं। सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाए। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश ने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत फरवरी 2026 तक 6,82,171 पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए जा चुके हैं। 1,07,784 लाभार्थियों को उपचार, 2018 में जिला चिकित्सालय में स्थापित सीटी स्कैन से फरवरी 2026 तक 1,33,153 लाभार्थियों की जांच की जा चुकी है। साथ ही 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टेली रेडियोलॉजी के माध्यम से एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध कराई गई। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि इन 9 वर्षों में 50 उप स्वास्थ्य केंद्र, 50 बेड चिकित्सालय, 5 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट तथा 207 आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए गए हैं।




लाभार्थी को गोल्डन कार्ड देते मुख्यातिथि मोहनलाल सैनी। • अमृत विचार

- 9 वर्षों में स्वास्थ्य विभाग की उपलब्धियों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**मिलक, अमृत विचारः** सड़क दुर्घटना में बरेली निवासी बाइक सवार घायल हो गया।

सोमवार को शाम करीब चार बजे नन्हें निवासी ग्राम रहपुरा जागीर थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली से रुद्रपुर जा रहे थे। मुरादाबाद-बरेली हाईवे स्थित धनेली उत्तरी कट के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। सूचना पर डायल 112 पुलिसकर्मी घटना स्थल पर पहुंचे और घायल को आनंन -फानन में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लाया गया। जहां पर घायल को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बैंकर्स ने किया पीएलआई फार्मूले का विरोध



एसबीआई की मुख्य शाखा में काली पट्टी बांधे कर्मचारी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- यूनाइटेड फोरम के पदाधिकारियों ने बांधी काली पट्टी

**अमृत विचार :** बैंक कर्मचारियों ने सरकार द्वारा प्रस्तावित परफॉर्मेंस लिंक इंसेंटिव फॉर्मूले का यूनाइटेड फोरम के पदाधिकारियों ने काली पट्टी बांध कर विरोध जताया। यूनाइटेड फोरम के संयोजक धनराज ने कहा कि यह प्रस्ताव बैंक कर्मचारियों को विभाजित करता है।कहा कि यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक्स यूनियन द्वारा जारी सर्कुलर में सभी शहरों और सभी बैंकों के अधिकारी और कर्मचारियों को इसका विरोध करने के लिए कहा गया है। सर्कुलर के मुताबिक बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों ने विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर नए प्रस्ताव का विरोध जताया। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के संयोजक तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन के क्षेत्रीय सचिव कामरेड धनराज ने बताया कि सरकार द्वारा प्रस्तुत नया फार्मूला बैंक कर्मचारियों के हितों के विपरीत है और उनके लिए नुकसानदायक होगा। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन की सचिव उत्कर्ष सिंह ने आह्वान किया कि जरूरी हुआ तो हड़ताल करेंगे।

## सिटी ब्रीफ

### भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बने आकाश


अशोक विश्नोई।  आकाश सक्सेना।

**रामपुर, अमृत विचार :** नवगठित भाजपा जिला कार्यकारिणी में अर्जुन रस्तोगी को जिला महामंत्री बनाने के बाद जिला मीडिया प्रभारी पद खाली था। सोमवार को जिला प्रभारी राजा वर्मा व जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने शहर निवासी आकाश सक्सेना को मीडिया प्रभारी नियुक्त कर दिया। जबकि कार्यालय प्रभारी अशोक विश्नोई को नियुक्त किया है। जिला सह-कार्यालय प्रभारी नेतराम कश्यप, जिला सह-कोषाध्यक्ष चौधरी देवेंद्र सिंह व लाल सिंह प्रजापति, जिला सह-मीडिया प्रभारी महेंद्रपाल वाल्मीकि व नरेश सैनी, जिला आईटी संयोजक राहुल गुप्ता, जिला सह-आईटी संयोजक परम सिंह चौहान व मोनू चौधरी, जिला सोशल मीडिया संयोजक शुभम सक्सेना, जिला सह-सोशल मीडिया संयोजक प्रवीण कुमार जोशी व शुभम राठौर बनाया है। जिला प्रभारी राजा वर्मा व जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने सभी को बधाई दी।

### बाइक टकराने पर दो सवारों में मारपीट

**सैफनी, अमृत विचार :** दो बाइक आपस में टकरा गई जिसके बाद बाइक सवारों में कहासुनी होने के बाद मारपीट हो गई। थाना शाहबाद के मित्रपुर गांव निवासी वसीम बेग सोमवार दोपहर को नगर में किसी काम से आए थे, इसी दौरान उनकी और नगर के बड़ी मस्जिद मोहल्ला निवासी समीर पुत्र छिद्दा की बाइक आपस में टकरा गई जिसे लेकर दोनों में कहासुनी होने के बाद मारपीट हो गई लोगों ने बीच बचाव कराया।

# राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाएं युवा

## शहीद दिवस पर जिले भर में कई जगह हुए कार्यक्रम, शहीदों को किया नमन, अर्पित की गई श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सोमवार को शहीद दिवस पर जिले भर में युवाओं ने भारत के अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के चित्र पर पुष्पांजलि कर नमन किया। माई भारत के तत्वावधान में गजरौला में शहीद दिवस पर भव्य तिरंगा यात्रा, कैंडल मार्च, स्वच्छता अभियान चलाए गए।

माई भारत के उप निदेशक माहे आलम ने कहा कि शहीदों का बलिदान हमें यह प्रेरणा देता है कि हम अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। स्वयंसेवकों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर पूरे गांव में देशभक्ति के नारों के साथ रैली निकाली। युवाओं ने मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी लिखे प्लेकार्ड हाथों में लेकर जन-जन तक नागरिक कर्तव्यों का संदेश पहुंचाया। तिरंगा यात्रा के पश्चात स्वयंसेवकों ने कैंडल मार्च निकाला और शहीदों की स्मृति में मौन धारण कर उनके बलिदान को नमन किया। श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान ग्राम गजरौला में पूर्व में माई भारत द्वारा बनवाए गए जल अवशोषण कुंड के आसपास की साफ-सफाई की गई तथा उसका पुनरोद्धार किया गया। लघु चलचित्र निर्माण प्रतियोगिता हुई जिसमें युवाओं ने शहीदों के जीवन, स्वच्छता, राष्ट्र सेवा एवं नागरिक कर्तव्यों जैसे विषयों पर रील्स बनाईं। अंत में युवाओं और ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए शपथ दिलाई गई।


स्वार में शहीदों को नमन करतीं छात्राएं एवं शिक्षक। ● अमृत विचार


शहीद भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### श्रद्धा भाव से मनाया बलिदान दिवस

**स्वार, अमृत विचार :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तमनगर में सोमवार को क्रांतिकारियों का बलिदान दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदना से हुई। जिसके पश्चात गृह विज्ञान प्रयोगात्मक परीक्षा में शामिल बहनों एवं आचार्यों ने सामूहिक रूप से भारत माता के वीर सपूतों को नमन किया। इस दौरान विज्ञान प्रवक्ता उमेश कुमार राजपूत, संजय सिंह, दिलीप कुमार सिंह, विजेंद्र सिंह, नीरज कुमार सिंह, गौरव सिंह, नरोत्तम मौर्य, बृज किशोर मौर्य, धर्मेंद्र कुमार सिंह, राधा शर्मा, सुनीता रानी आदि मौजूद रहीं।

### शहीदों को किया नमन, युवाओं ने लिया देशसेवा का संकल्प

**मिलक, अमृत विचार :** अमर क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की पुण्यतिथि पर रक्तदान टीम धमोरा ने श्रद्धांजलि अर्पित कर देशसेवा का संकल्प लिया। सिविल लाइन स्थित अमर शहीद भगत सिंह पार्क में कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं ने हिस्सा लेकर देशभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव द्वारा किया गया। रक्तदान टीम के सदस्य विकल श्रीवास्तव साथियों के साथ पहुंचे और अमर शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। विकल श्रीवास्तव ने कहा कि आज का युवा यदि राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करे तो समाज में सकारात्मक बदलाव निश्चित है। इस मौके पर अनिकेत भारती, आरिंदर ठाकुर, सुजल सागर, यूसुफ, गौरव सैनी, शिवाय कश्यप, विशाल यादव, टाइगर यादव आदि मौजूद रहे।



शहीद दिवस पर शपथ ग्रहण करते युवा। ● अमृत विचार


अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि देते युवा सत्ता पार्टी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### कभी भुलाया नहीं जा सकता स्वतंत्रता सेनानियों का बलिदान

**रामपुर, अमृत विचार :** शहीदी दिवस पर सोमवार को वीर खालसा सेवा समिति के तत्वावधान में पदाधिकारियों ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि देश की खातिर जान देने वाले शहीद भगत सिंह का बलिदान नहीं बुलाया जा सकता हमें उनके बताएं मार्ग पर चलना चाहिए और दीन दुखियों की सेवा करनी चाहिए। दुख की बात है कि अभी तक शहीद भगत सिंह जी को शहीद का दर्जा नहीं मिला। इस मौके पर सुरजीत सिंह, सेवा सिंह, नारायण सिंह, वजीर सिंह, मनिंदर सिंह, मनजीत सिंह, गुलशन अरोड़ा, गुरप्रीत सिंह, सनी कपूर, बलबीर सिंह, अमनदीप सिंह, मनजीत कौर, अमनदीप कौर, सुरेंद्र कौर आदि मौजूद रहे।

### भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को दी श्रद्धांजलि



सिविल लाइंस स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में सोमवार को राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव के नेतृत्व में युवाओं ने शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। विचार गोष्ठी में राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव ने कहा कि आजादी के समय अंग्रेजी हुकूमत का डटकर सामना करने वाले भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की शहादत को भुलाया नहीं जा सकता है। युवाओं को भी देशभक्ति की भावना को जागृत रखना होगा। इस दौरान सौरभ गुलाटी, धर्मवीर लोधी, विकल श्रीवास्तव, जीतू, गुरदीप, गौरव सैनी, श्याम, बॉबी, ईश्वर, विशाल, राजकुमार, दीपक, शिवा कश्यप आदि मौजूद रहे।

### शहीदों का जीवन अदम्य संकल्प का प्रतीक

**मिलक, अमृत विचार :** अमर क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की पुण्यतिथि पर सोमवार को युवा सत्ता पार्टी कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा हुई। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने तीनों अमर बलिदानियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके त्याग और समर्पण को नमन किया। प्रदेश अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने कहा कि शहीदों का जीवन साहस, देशभक्ति और अदम्य संकल्प का प्रतीक है। क्रान्ति शेखर सारंग ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है। इस दौरान सुरेंद्र कुमार, चंचल सिंह, दिनेश दिवाकर, संदीप सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, आकाशदीप, शेर सिंह, चंद्रपाल, सुरेश कुमार, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# आसमान में छाए बादल, किसान परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रामपुर में सोमवार को मौसम ने करवट ली सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। सुबह करीब 9:30 बजे हल्की बूंदाबांदी हुई और मौसम खुशगवार हो गया हालांकि, आसमान में बादल देख किसानों की धुकधुकी बढ़ गई। 20 और 21 मार्च को हुई बारिश से गेहूं और सरसों की फसल खेतों में गिर गई है जिसका सर्वे कराया जा रहा है।

सोमवार को सुबह से अपराह्न तक आसमान में बादल छाए रहे हालांकि बारिश नहीं हुई। खेतों में गेहूं, सरसों, मसूर और चने की फसल तैयार खड़ी है। दो-चार दिन में गेहूं की कटाई शुरू हो जाएगी। पकी-पकाई फसल पर बारिश होने से किसान की पूरे साल की मेहनत पर पानी फिर जाएगा। किसान होरी लाल ने बताया कि किसान ने बैंकों और महाजनों से कर्ज लेकर गेहूं की फसल तैयार की है। इस वर्ष फसल भी अच्छी हुई है यदि पकी-पकाई फसल पर बारिश हो गई तो किसान की मेहनत बेकार चली जाएगी। कहा कि पिछले दिनों हुई बारिश से खेतों में गिरी फसल का सर्वे कराया जाए। वहीं अधिकतम तापमान- 28 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान- 17 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।


सोमवार को आसमान में छाए बादल। ● अमृत विचार

● **सुबह हुई हल्की बूंदाबांदी, बारिश हुई तो होगा फसलों का नुकसान**

> दो दिन बाद अचानक तेज हवा चलने और हल्की वर्षा की संभावना है। सोमवार को भी आसमान में बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी हुई। – डॉ. श्वेता सिंह, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ।

# ग्रामीण पर फायरिंग, खेत में छिपकर बचाई जान

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** मसवासी क्षेत्र में पुरानी रंजिश ने एक बार फिर हिंसक रूप ले लिया, जब देर रात घर लौट रहे एक ग्रामीण पर अज्ञात हमलावरों ने घेराबंदी कर फायरिंग कर दी।

चौकी क्षेत्र के गांव मिलक-भूबरी निवासी किसान मक्खन सिंह की तीन दिन पूर्व कोसी नदी किनारे खेत के पास रेत उठाने को लेकर खनन से जुड़े लोगों से कहासुनी हुई थी। आरोप है कि विवाद के बाद दबंगों ने मक्खन को बंधक बनाकर मारपीट भी की थी, जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई थी। इसी रंजिश में शनिवार देर रात पीड़ित किसान का भाई रामपाल बाइक से मुंशीगंज मार्ग होते हुए गांव लौट रहा था। वह मिलक-भूबरी की पुलिया के पास पहुंचा, पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने उस पर फायरिंग कर दी। घबराए रामपाल ने किसी तरह बाइक छोड़ी और पास के गेहूं के खेत में छिपकर जान बचाई। चौकी प्रभारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सख्ती की जाती, तो घटना को टाला जा सकता था। बढ़ती आपराधिक घटनाओं से लोगों में भय और असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। फिलहाल, पीड़ित परिवार दहशत में है और गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। पुलिस ने चौहद्दा निवासी एक युवक से मामले में हिरासत में लेकर पूछताछ की है।

● **पुरानी रंजिश ने लिया हिंसक रूप, घर लौट रहा था रामपाल**

# कल्लू हत्याकांड में दो युवक गिरफ्तार

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 13 मार्च की रात हुई युवक की हत्या के मामले का अनावरण करते हुए घटना में शामिल दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से हत्या में प्रयोग किया गया मफलर अन्य सामान बरामद किया है।

13 मार्च को ग्राम अहमदाबाद निवासी कल्लू संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। जो सैदनगर में सिलाई की दुकान चलाता था। रात करीब 10:15 बजे उसकी पत्नी सोनी को पुलिस के माध्यम से सूचना मिली कि कल्लू का शव सैदनगर कांटे के पास लालपुर रोड पर घास में पड़ा है। मृतक के शरीर और गले पर चोट के निशान थे। इस संबंध में मृतक के भाई ने 14 मार्च को थाना टांडा में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देशन में गठित टीम ने साक्ष्य संकलन और विवेचना के आधार पर दो संदिग्धों को चिन्हित किया। सोमवार को उपनिरीक्षक मानचंद और एसओजी टीम ने घेराबंदी कर भटपुरा मजरा मोड़ के पास से वीरेन्द्र निवासी ग्राम निपनिया, थाना शहजादनगर जितेंद्र उर्फ छोटू निवासी ग्राम गहलोईया, थाना मिलक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान युवकों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना से जुड़े साक्ष्य एक मफलर, एक मोटरसाइकिल, 2 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक मानचंद के साथ एसओजी टीम के उप-निरीक्षक दीपक कुमार, हेमराज सिंह और अन्य कांस्टेबल शामिल रहे। पुलिस द्वारा दोनों को जेल भेजने की विधिक कार्रवाई की जा रही है।


टांडा थाना पुलिस की हिरासत में हत्यारोपी। ● अमृत विचार

● **13 मार्च को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था कल्लू**

# जानलेवा हमले के चार आरोपी पकड़े


स्वार पुलिस की गिरफ्त में जानलेवा हमले के आरोपी। ● अमृत विचार

संवाददता, स्वार

**अमृत विचार :** गांव नवाब नगर मझरा निवासी दलित नंदकिशोर ने रविवार रात स्वार थाने में तहरीर दी। आरोप लगाया कि उनके बेटे मुकेश पर गांव के ही कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया है।

आरोपी जाफर उर्फ गुड्डू, अरमान, नवाब और मेराज निवासी ग्राम नवाब नगर ने बेटे के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। उसके विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। हमले में मुकेश के गर्दन पर गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों का आरोप है कि आरोपियों ने हमला कर दिया किया और जान से धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी। सोमवार को कोतवाल संजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव मोहब्बत नगर मार्ग में आरोपियों की घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

# मजार शरीफ पर चादरपोशी कर मांगी दुआ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सैंजनी नानकार स्थित शाह विलायत साहब के सालाना उर्स के दूसरे दिन अकीदतमंदों ने मजार शरीफ पर चादरपोशी कर दुआ मांगी। इससे पहले फज्र की नमाज के बाद तिलावते कुरआन मजीद हुई और इसके बाद पहला कुल शरीफ हुआ। लंगर के बाद कव्वाली हुई और कव्वालो ने हजरत की शान में कलाम पेश किए। अस्र की नमाज के बाद उलमा ने तकरीर की।

शाह विलायत साहब के सालाना उर्स के मौके पर मजार शरीफ को रंग- बिरंगी रोशनियों से सजाया गया है। मेले में लोग खरीदारी कर रहे हैं। सोमवार को पहला कुल शरीफ हुआ इसके बाद लोगों में लंगर तकसीम किया गया। लंगर के कव्वालों ने कव्वाली पेश की कव्वाली सुनकर अकीदतमंद झूम उठे। अस्र की नमाज के बाद मौलाना शाह खालिद खां ने तकरीर में कहा कि बुजुर्गों के आस्तानों से कोई खाली हाथ नहीं लौटता है। बुजुर्गों के आस्तानों में राजा हो या रंक सबकी सुनवाई होती है। तकरीर के बाद मौलाना ने दुनिया में अमन चैन के लिए दुआ कराई। इस मौके पर सज्जादानशीं सैयद शाह नासिर मियां, हाजी मोहम्मद अलमास, सैयद उस्मान मियां, सैयद फैजान मियां, सैयद साकिब मियां, रकीब मियां, सैयद आमिर मियां, नोमान मियां, आदिल मियां समेत काफी तादाद में अकीदतमंद मौजूद रहे।


शाह विलायत साहब के सालाना उर्स में तकरीर करते मौलाना शाह खालिद खां।

● **शाह विलायत साहब के मजार पर हुई कव्वाली, झूमे अकीदतमंद**

**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रायबरेली**

पत्रांक/के0जी0बी0वी0/9105–09/2025–26 दिनांक: 23.03.2026

विज्ञप्ति

शासनादेश संख्या–1553/68–5/2020 दिनाँक 11 दिसम्बर 2020 एवं निदेशक राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक– के0जी0बी0वी0/शिक्षक/1837/2024–25 दिनाँक 30.05.2024 द्वारा दिए गए निर्देशों के कम में जनपद रायबरेली के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (कक्षा 6 से 8) में अस्थाई रूप से सृजित संविदा आधारित शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों की नियुक्ति हेतु इच्छुक, अर्ह, योग्य महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रायबरेली में निर्धारित प्रारूप पर निर्धारित शर्तो के अधीन आवदेन पत्र आंमत्रित किये गये थे। आवदेन पत्र स्वीकार करने की अन्तिम तिथि 22.12.2025 की सायं 05:00 बजे तक थी। प्राप्त आवेदन पत्रों से पात्र अभ्यर्थियों (पूर्णकालिक व अंशकालिक शिक्षिका एवं लेखाकार) की काउंसलिंग दिनांक 23.01.2026 व साक्षात्कार हेतु पात्र अभ्यर्थियों (सहायक रसोइया, चौकीदार व चपरासी) को 28.01.2026 को साक्षात्कार पूर्ण किया गया। शासनादेश देश में निहित प्राविधानों के अनुसार काउंसलिंग एवं साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थियों से विकल्प लिए जाने के निर्देश है। तत्क्रम में काउंसलिंग एवं साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थी कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रायबरेली में दिनाँक 25.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे विकल्प हेतु अपने समस्त मूल अभिलेखों सहित उपस्थित होंगे।

विकल्प हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची जनपद रायबरेली के एन0आई0सी0 की वेबसाइड– http://raebareli.nic.in व कार्यालय के सूचना तट पर उपलब्ध है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
रायबरेली

# पंचायत में मारपीट, महिला समेत 5 घायल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में पंचायत के दौरान कोई मारपीट में महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने नौ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

उत्तराखंड के गदरपुर निवासी सज्जाद ने बेटी की शादी 3 वर्ष पहले बजावाला गांव के एक युवक के साथ की थी। काफी समय से दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था। विवाद के चलते रविवार की शाम गांव में पंचायत बुलाई गई थी। पंचायत के दौरान दोनों पक्षों में बवाल हो गया। जमकर हुई मारपीट में लड़की पक्ष के शादाब, सईद अहमद और अंजुम घायल हो गए। पंचायत के दौरान बवाल की सूचना पुलिस को मिली तो हड़कंप मच गया। आनन फानन में चौकी इंचार्ज उत्तम मलिक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। मारपीट में हुए घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने लड़का पक्ष के याकूब, अय्यूब, मोहब्बे, महबूब, आरिफ, नदीम, मेहमूद, जुनैद, नदीम एवं कुछ रिश्तेदार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

● **नौ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, विवाह के बाद से दोनों पक्षों में था विवाद**

## न्यूज डायरी

### मिलक में ईद को लेकर एक-दूसरे को बधाई दी



**मिलक, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के इस्लाम नगर निवासी जाकिर कुरैशी के आवास पर हिंदू मुस्लिम भाईचारे के साथ ईद मिलन कार्यक्रम किया। एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर शाजेब कुरैशी, विनोद, प्रकाश सक्सेना, प्रमोद सक्सेना, राजीव अग्रवाल, अजय सिंघल, इकरार हुसैन, फुरकान अली, असलम, शाकिर कुरैशी, नन्हे कादरी, रेहान अल्वी आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ ने मनाया ईद मिलन समारोह




**बिलासपुर, अमृत विचार :** सोमवार को राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ के कैंप कार्यालय पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संगठन के संस्थापक व अध्यक्ष प्रेम नरेश वाल्मीकि ने बधाई देते हुए कहा कि ईद का त्योहार हमें एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। यह समारोह समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया है। कहा कि सभी ई-रिक्शा चालक नियमों का पालन करें तथा शासन-प्रशासन का सहयोग करें। इस मौके पर कुलदीप वाल्मीकि, ओविन्द्र गंगवार, बब्लू अंसारी, अमानत रज़ा, लक्ष्मण राठौर, संजय शर्मा, अली अहमद अन्सारी, मुकेश सागर, रामस्वरूप चौहान, अकरम शाह, दीपक कुमार, आसिम, सोनल भारती, राजू नरेश वाल्मीकि आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जीवन में शिक्षा का होना बहुत जरूरी

**मसवासी, अमृत विचार :** सोमवार को स्वार टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी ने मानपुर महाराजपुर में एशियन वर्ल्ड स्कूल का उद्घाटन किया। उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। विधायक ने कहा हमारे जीवन में शिक्षा का होना बहुत जरूरी है। एक रोटी कम खाएं, लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं। स्कूल के फाउंडर मुमताज हुसैन मैनेजर अब्दुल्ला बिन मुमताज, सतनाम सिंह ढिल्लो, शरीफ, जमील, दीप गोयल, इरफान, वसीम, रफी, दीपक नागर, आरिफ प्रधान, फरहान प्रधान, साजिद प्रधान, डॉ. समी, नाहिद खां, इस्लाम मेंबर, हामिद अल्वी, फैजान बल्ली, जावेद मेवाती, मानवीर प्रधान, ठाकुर नूर हसन प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।



न्यूज ब्रीफ

### स्कूटी का टायर फटने से दो छात्र घायल

**डिडौली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में ढकिया चमन गांव के पास हाईवे पर सोमवार को स्कूटी का टायर फटने से दो छात्र सड़क पर गिरकर घायल हो गए। जानकारी के अनुसार दोनों छात्र लोदीपुर स्थित आईएफटीएम से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान ढकिया चमन गांव के पास अचानक स्कूटी का टायर फट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया और दोनों छात्र सड़क पर गिर पड़े। हादसे में दोनों को चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तुरंत जोया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां उनका उपचार शुरू किया गया। घायलों में मोहित पुत्र पदम सिंह निवासी रहरा अड्डा और अभिषेक निवासी राजपूत कॉलोनी शामिल हैं। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत खतरे से बाहर है और उनका इलाज जारी है।

### शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

**हसनपुर, अमृत विचार :** राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकर्ता शहीद दिवस कार्यक्रम मनाने के लिए सोमवार को नगर के अतरासी अड्डे पर इकट्ठा हुए। राष्ट्र सेवी संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि आज के दिन सन 1931 में लाहौर जेल में सरदार भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को फांसी दी गई थी। आज उन अमर शहीदों को नमन करने का दिन है। हम महान शहीदों के सपनों का भारत बनाने में योगदान दें और उनके आदर्शों पर चलकर देश से गरीबी, अशिक्षा, अन्याय जैसी बुराइयों को मिटाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर प्रयास करें। जिला कोषाध्यक्ष धर्मपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, सुदेश चौहान, राजू चौहान, त्रिलोकी सिंह, खिलेंद्र सिंह, मनवीर सिंह, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गजरौला, अमृत विचार :** किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। शहर के एक मोहल्ला निवासी किशोरी को क्षेत्र का एक गांव निवासी युवक 18 मार्च को बहला फुसलाकर ले गया था। आरोप है कि युवक ने इस दौरान किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले में क्षेत्र के गांव छोया निवासी साकिब को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है।

# पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ, दो शावक भी मिले

## अपने शावकों को खोजते हुए आई तेंदुआ खेत में लगाए गए पिंजरे में फंसी, सुरक्षित छोड़ा जाएगा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** जिले में लंबे समय से तेंदुए की दहशत के बीच वन विभाग को सफलता हाथ लगी है। क्षेत्र के नयागांव में मादा तेंदुआ भी पिंजरे में कैद कर लिया गया है। दो शावक भी मिले हैं। हालांकि, तेंदुआ पकड़े जाने के बाद भी ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है। लोगों का कहना है कि इलाके में अभी और तेंदुए भी हो सकते हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से लगातार कॉबिंग और तेंदुओं को पकड़ने की मांग की है।

यह घटना थाना नौगावां सादात क्षेत्र के गांव नयागांव की है। दरअसल पिछले कई महीनों से नौगावां क्षेत्र में तेंदुए की दहशत बरकरार है। कभी नहर किनारे तो कभी सड़क पर तेंदुआ दिखने से ग्रामीण खौफ के साए में जी रहे हैं। वहीं रविवार शाम को नयागांव में किसान खेत पर काम कर रहे थे इसी दौरान किसान गौरव चौधरी के खेत में काम कर रहे लोगों ने खेत में तेंदुए के दो शावक देखे।



पिंजरे में कैद तेंदुआ। ● अमृत विचार



तेंदुए के शावक।

● **ग्रामीणों को मिली राहत, देखने के लिए जुटी भीड़**

शावकों को देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और तुरंत वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया। टीम ने शावकों को पिंजरे के पास ही सुरक्षित छोड़ दिया, ताकि उनकी मां को आकर्षित किया जा सके।

### झंडूपुरा में पालतू कुत्ते को बनाया था शिकार

जिले में पिछले कुछ समय से तेंदुए की दहशत बनी हुई है। करीब तीन दिन पहले ही मंडी धनौरा क्षेत्र के झंडूपुरा गांव में गुरुद्वारे के पास किसान गुरदीप सिंह मान के पालतू कुत्ते को तेंदुए ने अपना शिकार बना लिया था। इससे पहले भी इसी इलाके में ईख के खेत के पास तेंदुआ देखे जाने का वीडियो सामने आया था, जिससे ग्रामीणों में भय और बढ़ गया था।

सोमवार सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि पिंजरे में एक तेंदुआ कैद है। इसके बाद तुरंत वन विभाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची टीम ने पिंजरे में कैद तेंदुआ को अपने कब्जे में ले लिया।

पिंजरे में कैद तेंदुआ और उसके शावकों को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। वन दरोगा केपी सिंह ने बताया कि पकड़े गए तेंदुए और दोनों शावकों को पशु चिकित्सक द्वारा मेडिकल परीक्षण कराया गया है। शावक और तेंदुआ सुरक्षित है। शासन से निर्देश मिलने पर उन्हें सुरक्षित स्थान पर छोड़े जाने या अन्य कार्रवाई पर निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल वन विभाग की टीम क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए हुए है। वहीं ग्रामीणों से सतर्क रहने और अकेले खेतों में न जाने की अपील की गई है।

### 10 दिन पहले गांव अलीपुरा नहर पुल पर दिखा था तेंदुआ

जिले में लगातार तेंदुए की दहशत बनी हुई है। 10 दिन पहले गांव अलीपुर कलां के पास रामगंगा पोषक नहर पुल के नजदीक रात में तेंदुआ दिखाई देने से आसपास के गांवों के लोगों में हड़कंप मच गया था। ग्रामीणों ने तेंदुए को अपने मोबाइल फोन के कैमरे में कैद कर लिया। गांव अलीपुरा में अभी भी दहशत का माहौल है।

# इसीलिए तो सुकून है मेरी हवेली में...



मुशायरे में कलाम पेश करते शायर। ● अमृत विचार

संवाददाता सैदनगली

**अमृत विचार:** तंजीम ए उर्दू अदब के जेरे अहतमाम जश्न ए उर्दू एक शाम गलसुआ के नाम के तहत मुशायरे का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक अशफाक अली खान, डॉ अहमद मुर्तजा ने शमा रोशन की।

उझारी के उस्ताद शायर चमन हैदर बाक़री ने कहा, दरिया जो वादा करके सरासर मुकर गया, मैं तशना लब था प्यास की शिद्दत से मर गया। अरक़म हसनपुरी ने कहा, इसीलिए तो सुकून है मेरी हवेली में, बुज़ुर्ग बाप की हर बात मानी जाती है। बिलाल बाक़री ने कहा, बिलाल महफिल में तेरी हर कोई आकर बैठे, अगर महफिल तुझे अदब की सजानी आए। बछराऊं के हाफिज फरमान अनवर ने कहा, छोड़कर देखिए मसनद अनवर, पल में हालात बदल जाते हैं। मुबश्शिर बछरायूंनी ने कहा, मुंसिफों ने बेच डाले इस तरह अपने जमीर, मुजरिमों को कैद खानों से जुदा रखा गया। असद अशरफ ने कहा- ईरान मुख़ालिफ़ से सदा डट के लड़ा है, दुनिया में किसी से ये डरेगा न डरा है। फैसल शुजात ने कहा कि तेरी तस्वीर को सीने में लगा रक्खा है। सारी दुनिया से तुझे मैंने छुपा रक्खा है। संचालन शमशुल कमर शम्स ने किया तथा अध्यक्षता चमन हैदर बाक़री ने की। इस दौरान दानिश अबरार, वसीम अकरम, फ़ैजान, आकिल चौधरी, सलीम, अनस चौधरी, शाहनवाज़, रिहान, बिलाल आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मां स्कंदमाता से मांगी सुख-समृद्धि

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार:** नवरात्र के पांचवें दिन मां दुर्गा के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ की गई। सुबह भोर से ही क्षेत्र के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी। प्राचीन नवदुर्गा मंदिर परिसर में भक्तों का खासा जमावड़ा देखने को मिला, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि, शांति और आरोग्य की कामना की।

सुबह से ही मंदिरों में पूजा-पाठ का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर रात तक चलता रहा। महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन कर माता रानी का गुणगान किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। जय माता दी के जयकारों से मंदिर परिसर देर रात तक गूंजता रहा और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल बना रहा।



मंदिर में माता रानी की पूजा करते लोग। ● अमृत विचार

● **मंदिरों में गूंजे जयकारे, भजन-कीर्तन से भक्तिमय हुआ वातावरण**

श्रद्धालुओं ने माता रानी को फल, फूल, नारियल और प्रसाद अर्पित कर अपनी आस्था व्यक्त की। मंदिर परिसर में व्यवस्थाएं भी सुचारू रूप से संचालित की गईं, जिससे दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। इस दौरान प्राचीन नवदुर्गा मंदिर के पुजारी हरिओम त्रिवेदी ने बताया कि नवरात्र का पांचवां दिन मां स्कंदमाता की उपासना के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। मां स्कंदमाता भगवान कार्तिकेय की माता हैं और उनकी आराधना से भक्तों को ज्ञान, शक्ति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से मां की पूजा करने पर सभी कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है।

## पांचवें नवरात्र में मां स्कंद माता की पूजा अर्चना

**हसनपुर, अमृत विचार:** नगर में पांचवें नवरात्र को मां स्कंद माता की पूजा अर्चना कर भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

नगर के शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर में मां स्कंद माता की भक्तों द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर माता रानी से घर में सुख शांति एवं समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर, हनुमान मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, शिव मंदिर, माई जी महाराज का मंदिर सहित नगर के अन्य मंदिरों में भी आस्था का सैलाब दिखाई दिया नगर पालिका परिषद द्वारा नवरात्रों के अवसर पर नगर स्थित सभी मंदिरों पर सफाई एवं चूने की विशेष व्यवस्था कराई गई, वही सुरक्षा के मध्य नगर के मंदिरों पर पुलिस बल तैनात रहा।

# डीएम-एसपी ने सुनीं शिकायतें

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** सोमवार को जिलाधिकारी डीएम निधि गुप्ता की और एसपी अमित कुमार आनंद की मौजूदगी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

डीएम ने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 15, विद्युत विभाग की 3, पुलिस विभाग की 1 तथा नगर पालिका की 2 सहित कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को संदर्भित करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ स्थलीय निरीक्षण कर निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। एसडीएम विभा श्रीवास्तव, सीओ अंजलि कटारिया, परियोजना निदेशक अम्बरीष कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



शिकायतों को सुनकर निस्तारण करते डीएम और एसपी। ● अमृत विचार

### 9 शिकायतों में एक का किया गया निस्तारण

**हसनपुर, अमृत विचार :** सोमवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम गरिमा सिंह और एएसपी अखिलेश भदोरिया ने शिकायतें सुनीं। कुल 9 शिकायतें दर्ज की गईं। जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। एडीएम ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जनसमस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। पिछले शनिवार के लंबित मामलों को भी प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के आदेश दिए गए। इस अवसर पर एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, सीओ पंकज त्यागी, नायब तहसीलदार मनोज कुमार, खंड विकास अधिकारी विजय कुमार सक्सेना, सप्लाई इंस्पेक्टर मोहित कुमार और वन दरोगा अमित चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 25 को नवदुर्गा मंदिर से निकलेगी विशाल शोभा यात्रा

**मंडी धनौरा, अमृत विचार:** नगर की सब्जी मंडी स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में सोमवार को युवा समाज सेवा समिति के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 25 मार्च को प्राचीन नवदुर्गा मंदिर से निकलने वाली माता रानी की भव्य एवं विशाल शोभा यात्रा को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

समिति के सदस्यों ने बताया कि इस बार शोभा यात्रा को पहले से अधिक भव्य बनाने के लिए आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे, डीजे एवं भक्ति संगीत की विशेष व्यवस्था की जाएगी। साथ ही पूरे मार्ग पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं पेयजल की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

● **दीप अग्रवाल को मिला मातारानी की प्रतिमा लेकर बैठने का मौका**

दीप अग्रवाल द्वारा 14 हजार रुपये की बोली लगाकर माता रानी की प्रतिमा को लेकर शोभा यात्रा में विराजमान होने का सौभाग्य प्राप्त किया गया। समिति के अध्यक्ष आयुष रस्तोगी, अरुण जैन, शरद गर्ग, रूपक अग्रवाल, अजय गोयल, हिमांशु अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, अंकित घरोटिया, पराग अग्रवाल, अमित अग्रवाल, गर्वित राजपूत, आदित्य सिंघल, दीपू सिंघल, सौरभ जैन, शुभम जैन, सागर सिंघल, ओम मांगलिक, अंकुश गुप्ता, सचिन बिश्नोई आदि लोग मौजूद रहे।

# लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

● **नवनिर्माण के 9 वर्ष पर कार्यक्रम का किया आयोजन**

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को नौगांवा सादात में नगर पंचायत कार्यालय के निकट कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

सूचना विभाग द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी के अवलोकन से हुई। मुख्य अतिथि ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबियां, व्यक्तिगत शौचालय योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही प्रदेश सरकार की नौ वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित विकास पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाएं समाज के हर वर्ग तक पहुंच रही हैं और लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। कहा कि गन्ना किसानों के हित में भुगतान व्यवस्था में सुधार किया गया है और बंद पड़ी चीनी मिलों को पुनः संचालित करने के साथ कई मिलों का आधुनिकीकरण किया गया है। ब्लॉक प्रमुख गुरेंद्र सिंह ढिल्लो, नगर पंचायत अध्यक्षा सुबीना जैदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष भूप सिंह, परियोजना निदेशक अंबरीष कुमार, जिला सूचना अधिकारी मोहम्मद दानिश, बीडीओ अमरोहा, ईओ सलिल भारद्वात, उषा रानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लों व अन्य।





सीएचसी में बड़ी संख्या में पहुंचे मरीज। ● अमृत विचार

# दो दिन बाद खुला सीएचसी मरीजों की पहुंची भीड़

**हसनपुर, अमृत विचार:** शनिवार और रविवार के अवकाश के बाद सोमवार को जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुला, तो वहां मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अस्पताल परिसर में सुबह से ही लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं, लेकिन अव्यवस्थाओं के चलते मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

ओपीडी संख्या 22 और 23 में चिकित्सक नदारद दिखे। दूर-दराज से आए मरीज घंटों चिकित्सकों का इंतजार करते रहे, जिससे उनमें खासा रोष देखने को मिला। इलाज के अभाव में बुजुर्गों और बच्चों को काफी परेशानियां उठानी पड़ीं। क्षेत्र में पिछले दिनों हुई बेमौसम बारिश के कारण मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ा है। इसके चलते नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में बुखार पैर पसार रहा है। सीएचसी में आने वाले अधिकांश मरीज नजला जुकाम, खांसी, खुजली और तेज बुखार से पीड़ित हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी धुर्वेंद्र सिंह ने बताया की लगभग 550 मरीजों को दवाई वितरित की गई है।

## नशे में युवक ने घर में घुसकर की फायरिंग

**अमरोहा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव धकतौड़ा एक युवक ने नशे की हालत में घर में घुसकर फायरिंग कर दी। गांव निवासी किसान तरुण कुमार रविवार को अपने परिवार के साथ घर पर थे। इसी दौरान सुखविंदर नाम का युवक नशे की हालत में उनके घर में घुस आया। परिजनों ने विरोध किया तो आरोपी ने तमंचा निकालकर फायर कर दिया। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी और दीवार में जा धंसी। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। सीओ अवधमान भदौरिया व थाना प्रभारी बालेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। किसान की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुखविंदर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी बालेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

# समीक्षा में डीएम ने खराब रैंकिंग पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने सोमवार को सीएम डैशबोर्ड आधारित विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में डीएम ने खराब प्रगति और असंतोषजनक फीडबैक पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार के सख्त निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि फैमिली आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाई जाए और इसके लिए जिले में मेगा कैंप आयोजित किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक परिवारों को इस योजना से जोड़ा जा सके।

उन्होंने जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम के तहत चयनित परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर सरकारी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। स्पष्ट किया कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापरक और समयबद्ध निस्तारण किया जाए तथा शिकायतकर्ता से अनिवार्य रूप से संपर्क करने के बाद ही शिकायत को बंद किया जाए। सीएम डैशबोर्ड पर विभागों की रैंकिंग को लेकर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई।

● **अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार के सख्त निर्देश दिए**

मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. प्रवेश कुमार, अर्थ एवं संख्या अधिकारी पुनीत कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सिटी डायरी

### चेयरमैन ने शहीद दिवस पर वीर सपूतों को किया नमन



**हसनपुर, अमृत विचार :** अमर शहीदों की स्मृति में मनाए जाने वाले शहीद दिवस के अवसर पर सोमवार को नगर पालिका कार्यालय प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कहा कि आज का दिन उन वीरों को याद करने का है जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। निशांत सैनी, राहुल सैनी, विपिन हिंदुस्तानी, राहुल हिंदुस्तानी, निशांत चौहान, अंकुर प्रजापति, शिवम प्रजापति, चंदन प्रजापति, राहुल प्रजापति, करन सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### बच्चों का विवाद निपटाने को चल रही पंचायत में मारपीट

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपलौती कला में रविवार सुबह गांव में बच्चों के बीच विवाद हो गया था। मामला निपटाने के लिए रात करीब 9 बजे गांव निवासी सुल्तान की चौपाल पर दोनों पक्षों की पंचायत चल रही थी। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई और जमकर लाठी डंडे चले। मारपीट में अतीक पुत्र हामिद, रफी मोहम्मद व उसका भाई मुजीब तथा दूसरे पक्ष के मुस्तकीम आदि घायल हो गए। दो घायलों को नाजुक हालत के मद्देनजर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि पंचायत के दौरान दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई है। दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। कातिलाना हमले की धारा में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

### युवक को किया घायल

गजरौला, अमृत विचार : गंगापुरी गांव निवासी सतीश का गांव के ही दीपक से विवाद चल रहा है। आरोप है कि दीपक ने रविवार को सतीश के साथ गाली-गलौजकी। विरोध करने पर मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले में दीपक, मुकुल, संजय कुमार, तरून के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### सिलेंडर नहीं मिलने पर भी आया डिलीवरी का मैसेज, हंगामा

**गजरौला, अमृत विचार :** सिलेंडर नहीं मिला महिला के फोन पर डिलीवरी का मैसेज पहुंच गया। इस बात से गुस्साई महिला गैस एजेंसी पहुंची तथा हंगामा करना शुरू कर दिया। काफी समझाने के बाद महिला शांत हुई। इसके अलावा गैस की लाइन में खड़े लोगों की एजेंसी के कर्मचारियों से दिन में कई बार तीखी नोकझोंक हुई। गैस की किल्लत से अभी तक निजात नहीं मिल सकी है। खास बात यह है कि उपभोक्ताओं के फोन पर गैस डिलीवरी का मैसेज आ रहा है। होम डिलीवरी बंद पड़ी है। ऐसे में उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। सोमवार की सुबह से ही गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भीड़ लगी रही। जलालनगर मोहल्ला निवासी सविता अपनी गैस की किताब लेकर गैस एजेंसी पहुंची तथा हंगामा करना शुरू कर दिया। उन्होंने एजेंसी संचालक पर उनका सिलेंडर ब्लैक करने का आरोप लगाया। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसा कोई मामला संज्ञान में आता है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



### समग्र शिक्षा अभियान के तहत ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी



गजरौला, अमृत विचार : समग्र शिक्षा अभियान के तहत सोमवार को आयोजित ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला में मेधावियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। आरंभ मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सुधार एवं नवाचार के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि समग्र शिक्षा अभियान के माध्यम से विद्यालयों में आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने शिक्षकों से नवाचारों को अपनाते हुए बच्चों को बेहतर एवं व्यवहारिक शिक्षा प्रदान करने का आह्वान किया। पूजा, ज्योति, अन्नू ने टीएलएम मेले का आयोजन कर शिक्षण के नवीन तरीकों का प्रदर्शन किया। विधायक ने सभी प्रतिभागियों को मेडल एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्यपाल सिंह पाल, विनोद कुमार, योगेंद्र सिंह, जगवीर सिंह, ओमेंद्र कुमार, एआरपी एवं समस्त अध्यापक मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### टेंपो पलटा, दो युवक गंभीर घायल

असमोली, अमृत विचार : अमरोहा के सैदनगली क्षेत्र से एक परिवार दावत में शामिल होकर अपने गांव सब्जी पुर उमरी लौट रहा था। जैसे ही टेंपो मनौटा तिराहे के पास पहुंचा, चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और टेंपो सड़क पर पलट गया। हादसे की आवाज सुनते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंच गए। टेंपो में करीब सात लोग सवार थे। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए टेंपो के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला और घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। इस दुर्घटना में रिहान पुत्र कल्लू और मोहसिन पुत्र सरताज गंभीर रूप से घायल हो गए।

### न्यायालय के आदेश से कब्जा मुक्त कराया भवन

चंदौसी, अमृत विचार : न्यायालय के आदेश के बाद सोमवार को पुलिस व प्रशासन ने मकान को कब्जा मुक्त कराया। फडयाई बाजार में एक मकान को लेकर काफी समय विवाद चला आ रहा था। मकान के काफी बड़े हिस्से का बैनामा एक पक्ष द्वारा करा लिया गया था जिस पर उसने कब्जा भी ले लिया था। इसी में दूसरे हिस्से पर 126 वर्ग गज बने मकान पर एक परिवार काबिज था। इसको लेकर खरीददार का न्यायालय में वाद विचाराधीन था। न्यायालय ने खरीददार पक्ष में फैसला सुनाते हुए मकान खाली कराने के आदेश दिए। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मकान खाली कराने की कार्रवाई शुरु की। उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी, नायब तहसीलदार, न्यायालय अमीन आदि मौजूद रहे।

### महिला ने दो पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला ने दो लोगों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 फरवरी की शाम करीब छह बजे वह जंगल में शौच के लिए गई थी। गांव का ही एक युवक अपने एक साथी के साथ आया और जबरन उसे बाइक पर बैठाकर गुन्नौर क्षेत्र के एक गांव में ले गया जहां दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार चौधरी ने बताया कि महिला की थाने में गुमशुदगी दर्ज है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# मॉल के लिए बंजर भूमि कब्जाने का आरोप, पैमाइश

## फिरोजपुर में जमीन की पैमाइश करने पहुंची राजस्व व चकबंदी विभाग की टीम, मची खलबली

कार्यालय संवाददाता, संभल


फिरोजपुर में जमीन की पैमाइश करते राजस्व विभाग के लोग। ● अमृत विचार


जमीन की पैमाइश करने पहुंचे राजस्वव चकबंदी कर्मी। ● अमृत विचार

- अनुसूचित जाति के लोगों पर दबाव बनाकर बैनामे कराने के भी आरोप
- सपा विधायक के बेटे के नाम भी है इस परिसर में जमीन, सियासी हलकों में भी चर्चा

**अमृत विचार:** संभल- मुरादाबाद मार्ग स्थित फिरोजपुर गांव के पास निर्माणाधीन मॉल और रेजिडेंशियल एक्सटेंशन की जमीन को लेकर उठे विवाद के बीच सोमवार को राजस्व विभाग व चकबंदी की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर विस्तृत नापजोख की। इस कार्रवाई से निर्माण करने वालों में बेचैनी नजर आई।

जानकारी के अनुसार फरवरी माह में जिलाधिकारी से शिकायत की गई थी कि गाटा संख्या 35, जो राजस्व अभिलेखों में बंजर भूमि के रूप में दर्ज है, उसे अवैध रूप से कब्जे में लेकर मॉल और रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट में शामिल किया जा रहा है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया था कि उक्त परिसर में समाजवादी पार्टी के विधायक के बेटे के नाम भी जमीन शामिल है, जिसके चलते मामला और संवेदनशील हो गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर इस पूरे प्रकरण की जांच के लिए चकबंदी और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई। इसी क्रम में सोमवार को टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि की पैमाइश शुरू की और संबंधित अभिलेखों का मिलान किया। अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह संकेत मिले हैं कि बंजर भूमि के कुछ हिस्सों पर भी प्लॉटिंग कर उसे निजी भूमि में शामिल कर लिया गया है।

जांच के दौरान यह बात भी सामने आई कि कथित रूप से अनुसूचित जाति के कुछ लोगों पर दबाव बनाकर उनकी जमीन के बैनामे कराए गए हैं। हालांकि इस संबंध में अभी अंतिम पुष्टि नहीं हुई है और मामले की विस्तृत जांच जारी है। तहसीलदार धीरेंद्र कुमार ने बताया कि जिन लोगों के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज हैं, उन्हें नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने के लिए समय दिया गया है। उनके द्वारा लिखित जवाब प्रस्तुत किए जाने के बाद ही आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि जांच के दौरान फैज अहमद नाम के व्यक्ति द्वारा भूमि कब्जे की बात सामने आई है, जिसे भी नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अभी पैमाइश की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है और कई बिंदुओं पर जांच जारी है। मॉल के सामने स्थित बंजर भूमि को प्रोजेक्ट में शामिल किए जाने के आरोपों की भी गंभीरता से पड़ताल की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि सभी पक्षों को सुनने के बाद ही निष्पक्ष निर्णय लिया जाएगा और यदि अवैध कब्जा या अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# साम्राज्यवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया शहीद दिवस

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** शहीद दिवस ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने साम्राज्यवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया।

संगठन के जिला अध्यक्ष सोमपाल सिंह ने कहा कि जिन आदर्शों और संघर्षों के लिए भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने अपने प्राण न्यौछावर किए, आज उन्हीं मूल्यों पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने किसान और मजदूर वर्ग से एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। साथ ही सरकार से मांग की कि किसी भी ऐसे समझौते से बचा जाए, जिससे देश के कृषि क्षेत्र और आम किसानों को नुकसान पहुंचे। इस दौरान किरतपाल सिंह, चौधरी नवकेश चहल, मास्टर महेंद्र सिंह, कल्लन सिंह, देवेंद्र सिंह, विजयपाल सिंह, अंकित सिंह, भगवान सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाकियू ने मनाया बलिदान दिवस

चन्दौसी, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का बलिदान दिवस मनाया गया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रवक्ता देशराज सिंह यादव, रनवीर सिंह यादव, मुनाजिर हुसैन, मोहम्मद इस्लाम, नीरज सक्सेना, अंकित सक्सेना, वसीम खान युसूफ अली, जीशान, अली मकसद खान, हरपाल सिंह चौहान शब्बू मियां, नौवीं सिंह आदि मौजूद रहे।


शहीद दिवस पर भगत सिंह पार्क में मौजूद पदाधिकारी।

# जमीन विवाद के बीच किसान की मौत, हत्या का आरोप

संभल/धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गांव भिरावटी में जमीन के लेनदेन को लेकर चल रहे विवाद के बीच एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।


मृतक हरिओम।

हरिओम ने गांव के ही कुछ लोगों से करीब 16 लाख रुपये में जमीन का सौदा किया था, जिसमें से लगभग 6 लाख रुपये बयाने के रूप में मिल चुके थे। परिवार इस सौदे का लगातार विरोध कर रहा था और पैसे वापस करने की बात कर रहा था, लेकिन खरीदार पक्ष इसके लिए तैयार नहीं था। परिजनों का आरोप है कि इसी विवाद के चलते हरिओम की हत्या कर शव को खेत में डाल दिया गया। मृतक की पत्नी ने बताया कि हरिओम पिछले कई दिनों से खेत पर बने मचान पर ही सोते थे। वह खेत पर पहुंची तो पति को संदिग्ध हालत में मृत पाया। दूसरी ओर आरोपित पक्ष ने सभी आरोपों को खारिज किया है।

### युवक की सड़क हादसे में मौत

डिडौली, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में मीरपुर गांव के सामने सोमवार को सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान असद (21) पुत्र सैय्यद हसन निवासी सुल्तानपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि असद ईद के मौके पर अपनी बहन सूफिया के घर मनौटा गया था। वापस लौटते समय मीरपुर गांव के सामने अचानक एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। असद की मौके पर ही मौत हो गई।

# जिंदा जलाये गये ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत

संभल/ ओबरी, अमृत विचार: असमोली थाना क्षेत्र के गांव असगरीपुर में जिंदा जलाए व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई।

47 वर्षीय आरिफ 16 मार्च देर रात पशुओं के पास चारपाई पर सो रहे थे। आरोप है कि रात करीब एक बजे दो-तीन लोग चुपके से घेर में घुसे और उनकी रजाई पर पेट्रोल या अन्य ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। उन्हें दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार को उनकी मौत हो गई। 2 मार्च को आरिफ और उनके भाई यूसुफ के बीच तालाब के पास ट्रैक्टर-टिपलर खड़ा करने को लेकर विवाद हुआ था। थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि आरोपी यूसुफ को 20 मार्च को गिरफ्तार कर लिया गया है। अब विवेचना में आरिफ की मौत का तथ्य शामिल कर जांच आगे बढ़ाई जायेगी।

# विपक्ष मुद्दाविहीन, सिर्फ चुनाव के समय निकलता है

- भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया बोले, भाजपा कार्यकर्ता 365 दिन करते हैं काम

कार्यालय संवाददाता, संभल


क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया का स्वागत करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता केवल चुनाव के समय सक्रिय नहीं होता, बल्कि वह पूरे वर्ष यानी 365 दिन जनता के बीच रहकर कार्य करता है। यही कारण है कि पार्टी लगातार चुनावों में सफलता हासिल कर रही है।

संभल में एकता विहार स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हमेशा चुनावी मूड में रहता है, जबकि विपक्ष के लोग केवल चुनाव के समय बरसाती मेंढक की तरह नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आम जनमानस के बीच रहकर सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाता है और लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनता है। फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे प्रोपेगेंडा के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष मुद्दाविहीन हो चुका है, इसलिए इस तरह के बयान दे रहा है। उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माण करने वालों का यह अधिकार है कि वे अपनी फिल्म किस प्रकार बनाएं और उसमें क्या प्रस्तुत करें। इसके लिए सेंसर बोर्ड है, जो सभी पहलुओं को देखता है, विपक्ष का इससे कोई लेना-देना नहीं है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा भाजपा पर पैसे देकर फिल्में बनवाने और समाज में नफरत फैलाने के आरोपों को खारिज करते हुए सिसोदिया ने कहा कि अगर विपक्ष को ऐसा लगता है तो वे भी फिल्म बनवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकारें आम जनता के हित में काम करती हैं, इसी वजह से जनता का भरोसा पार्टी पर लगातार बना हुआ है और पार्टी को जीत मिलती है।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया सम्मान

संभल, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय संभल पर नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों के स्वागत एवं सम्मान के लिए भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी का सच्चा सिपाही बनकर कार्य करना है। मुख्य अतिथि सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कि भाजपा व्यक्ति नहीं, बल्कि विचार और कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। संगठन ने जिन ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी है, वे पार्टी की रीढ़ हैं। संचालन जिला महामंत्री हरिओम शर्मा ने किया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, परमेश्वर लाल सैनी, मंजू दिलेर, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, भीष्म शर्मा, डॉ. नरेंद्र सिंह, चंद्रपाल, ओमवीर सिंह खड़गवंशी, हिरदेश यादव, योगेंद्र त्यागी, विकास वार्ष्णेय, सुधीर मल्होत्रा, दीपक यादव, सौरभ गुप्ता, विपिन गुप्ता, अर्जुन वाल्मीकि, शिल्पी गुप्ता, चरन सिंह भारती, सोनू चाहल आदि मौजूद रहे।

# सपाइयों ने मनाई डॉ. लोहिया की जयंती, शहीदों को दी श्रद्धांजलि


कार्यक्रम में बोलते जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी। ● अमृत विचार

संभल, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी की बैठक में डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती मनाई गई। साथ ही शहीद दिवस के अवसर पर भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया महान समाजवादी नेता, विचारक और स्वतंत्रता सेनानी थे। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने कहा कि डॉ. लोहिया ने कई महत्वपूर्ण पुस्तकें लिखीं। सतीश प्रेमी ने कहा कि डॉ. लोहिया समाजवाद के सच्चे पुरोधा थे। बैठक को उमेश दिवाकर, उमेश यादव, कमल शर्मा और बलवंत सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उमेश यादव, सद्दाम कुरेशी, शोभित कुमार काका, कमल शर्मा, रवि दिवाकर, कपिल देव, लोकेश यादव, निकुंज गंगवार, एपी यादव एडवोकेट, राजवीर सिंह यादव, पप्पू शर्मा, मुकेश यादव आदि मौजूद रहे।

# नगर हिंदू सभा की कार्यकारिणी गठित

कार्यालय संवाददाता, संभल


नगर हिंदू सभा के कार्यक्रम में बोलते डा. अरविंद गुप्ता। ● अमृत विचार

- लंबे समय के बाद हुई बैठक में शामिल हुए तमाम दिग्गज

आर्य समाज सत्संग भवन में आयोजित बैठक में नगर हिंदू सभा की 51 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। नौ सदस्यीय मार्गदर्शक निर्णायक मंडल भी घोषित किया गया।

श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल ने आय-व्यय प्रस्तुत किया, वहीं नगर हिंदू सभा अध्यक्ष कमलकांत तिवारी ने गत वर्ष का लेखा-जोखा और संगठन की उपलब्धियों का विवरण रखा। इसके बाद नौ सदस्यीय मार्गदर्शक मंडल में डॉ. यूसी सक्सेना, डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता, परीक्षित कुमार मोंगिया, राजेश कुमार सिंघल, सुशील कुमार गुप्ता भगत जी, डॉ. मूलचंद दालभ, अरविंद अरोरा, आशुतोष रस्तोगी और विनय कुमार गुप्ता को शामिल किया गया। महामंत्री शोभित गुप्ता के अनुमोदन पर अध्यक्ष कमलकांत तिवारी ने कार्यकारिणी की घोषणा की।

उपाध्यक्ष अरविंद सक्सेना एडवोकेट, अनंत कुमार अग्रवाल, अनुराग गुप्ता अन्नू, संजय सांख्यधर, दीपक कुमार गुप्ता, सुभाष चंद्र शर्मा, संजीव कुमार शुक्ला और सौरभ गुप्ता को बनाया। कैलाश चंद्र गुप्ता, नीरज भारद्वाज, शशि भूषण शास्त्री, राजीव भारद्वाज, हरनाम सिंह ठाकुर और सुभाष त्यागी एडवोकेट को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी। अभिनंदन शर्मा को कोषाध्यक्ष, कशिश कौशल एडवोकेट, गोपाल शर्मा आय-व्यय निरीक्षक, सत्यवीर सिंह पाल, दुर्वेश सैनी और अजय कुमार शुक्ला प्रचार मंत्री और पीयूष गुप्ता को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य, मंत्री और सह मंत्रियों के विभिन्न पदों पर भी कई नाम घोषित किए गए। अध्यक्ष कमलकांत तिवारी ने अप्रैल माह में कार्यकारिणी का और विस्तार करने की बात कही।

## न्यूज डायरी

### कल्कि सेना के स्थापना दिवस के निमंत्रण पत्र का विमोचन



संभल, अमृत विचार : प्राचीन श्री कल्कि विष्णु मंदिर में श्री कल्कि सेना निष्कलंक दल के 33वें स्थापना दिवस के निमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया। प्रथम निमंत्रण पत्र भगवान श्री कल्कि जी को अर्पित किया गया। संगठन के अध्यक्ष कुलदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि 21 व 22 अप्रैल को संगठन का दो दिवसीय 33वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। महामंत्री गगन वार्ष्णेय ने बताया कि 21 अप्रैल को 24 घंटे का अखंड संकीर्तन, 22 अप्रैल को भजन संध्या, सांस्कृतिक कार्यक्रम, संबोधन सत्र और प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और कल्कि सैनिकों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। इस दौरान सुभाष त्यागी, सत्येंद्र चौधरी, राजवीर सिंह, ऋषभ श्रीवास्तव, आशीष गुप्ता, संजू कश्यप, सोनू, वैभव शर्मा, अक्षय शर्मा, सुभाष खन्ना, यश गुप्ता, नवीन सक्सेना, अभिषेक शर्मा, सुषमा गुप्ता, पिंकी ग्रेवाल, अर्चना सक्सेना, उमा शर्मा, आशा शर्मा, पनवती शर्मा, कुमकुम शर्मा सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। अध्यक्षता पंडित महेंद्र प्रसाद शर्मा ने व संचालन जिला प्रभारी उज्ज्वल सक्सेना ने किया।



### सौंधन में जागरण में भजनों पर रात भर झूमे श्रद्धालु

सौंधन, अमृत विचार : नवरात्र पर गांव सौंधन में मां चामुंडा सेवा समिति के तत्वावधान में जागरण में भक्ति और आस्था की अद्भुत झलक देखने को मिली। वृंदावन से आए भजन गायक दलवीर सिंह के गाए सब तीर्थ होते हैं मां-बाप के चरणों में ने सभी के दिलों को छू लिया। जागरण में राधा-कृष्ण, भगवान विष्णु और भोलेनाथ के स्वरूपों में कलाकारों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। देवी जागरण में पूरी रात श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर भजनों का आनंद लेते रहे। समिति अध्यक्ष विजय कुमार बंसल सहित प्रेम सिंह यादव, दीपक वर्मा, दिनेश अग्रवाल, महेंद्र कुमार शर्मा, राकेश यादव, राजपाल यादव, बिट्टू सिंघल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।



### संपूर्ण समाधान दिवस में आई 68 शिकायतें, 8 का निस्तारण

चंदौसी, अमृत विचार : संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों ने 68 शिकायत दर्ज कराईं जिसमें आठ शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 68 शिकायत दर्ज कराई। जिसमें सबसे अधिक राजस्व की 19, पुलिस की 14, चकबंदी की 6, विकास विभाग की पांच, खादय एवं रसद विभाग की चार, समाज कल्याण की दो, शिक्षा की एक, अन्य विभाग की 17 शिकायत दर्ज कराई। जिसमें राजस्व की तीन पुलिस की दो अन्य विभागों की तीन शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया जा सका। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, एसडीएम आशुतोष तिवारी, क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी आदि ने शिकायतें सुनीं।

### हयातनगर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न, संगठन की मजबूती पर दिया जोर



संभल, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी हयातनगर मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम सत्र में पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मूल विचारधारा और कार्यशैली से अवगत कराया। द्वितीय सत्र में जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र त्यागी ने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने पर बल दिया। तृतीय सत्र में वर्ग प्रभारी पंकज गुप्ता ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। प्रातः चतुर्थ सत्र में राजेश शंकर राजू, पंचम सत्र में राजेश सिंघल और हरेंद्र सिंह ने संगठन के विस्तार और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विचार साझा किए। छठे सत्र में परमेश्वर लाल सैनी ने बूथ और मंडल स्तर पर संगठन को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। अंतिम सत्र में यश मदान ने आईटी, सोशल मीडिया और फेसबुक के प्रभावी उपयोग को लेकर कार्यकर्ताओं को जागरूक किया। मंडल अध्यक्ष पारूल शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन मंडल महामंत्री सुमित श्याम और जितेंद्र सैनी ने किया। पूर्व नगर अध्यक्ष सुरेश अटल, गणेश शर्मा, मनोज राणा, जय प्रकाश गुप्ता, चरन सिंह भारती, बंटी सागर, निक्की बाल्मीकि, सैय्यद शान अली, श्रवण कुमार प्रजापति, विपिन गुप्ता, राजीव वार्ष्णेय, निशि वार्ष्णेय, रिचा वार्ष्णेय, राजीव कुमार, गंगाराम सैनी, सतपाल गुप्ता, अब्दुल हकीम, धीरज आर्य आदि मौजूद रहे।

# एक न्याय पंचायत एक प्रोडक्ट योजना के तहत महिलाओं को उपलब्ध कराया जाएगा रोजगार

कार्यालय संवाददाता, संभल/बहजोई


सम्मानित की गई महिलाओं के बीच डा. अनामिका यादव व मंजू दिलेर।

- बहजोई में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की गोष्ठी, योजनाओं की दी जानकारी

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित जन जागरण, प्रदर्शनी एवं विचार गोष्ठी संवाद सम्मेलन के अंतर्गत बहजोई बस स्टैंड पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व सदस्य राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग मंजू दिलेर ने किया। जिला विकास अधिकारी राम आशीष ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

विशिष्ट अतिथि मंजू दिलेर ने कहा कि महिला परिवार की रीढ़ होती है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और उन्हें अपने परिवार की मर्यादाओं का ध्यान रखते हुए आर्थिक विकास की दिशा में कार्य करना चाहिए। मुख्य अतिथि डॉ. अनामिका यादव ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि जनपद में एक न्याय पंचायत एक प्रोडक्ट के तहत महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा, साथ ही उन्हें एमएसएमई से भी जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है और महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। खंड विकास अधिकारी कमलकांत, अखिलेश कुमार सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# सरिया सीमेंट कारोबारी के यहां पहुंची जीएसटी टीम

चंदौसी, अमृत विचार: एक सरिया-सीमेंट कारोबारी के प्रतिष्ठान पर सोमवार की शाम जीएसटी टीम ने कार्रवाई शुरू की।

सोमवार की शाम गौशाला रोड के सीमेंट, सरिया करोवारी के प्रतिष्ठान पर मुरादाबाद की जीएसटी टीम पहुंची। बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी की आशंका के चलते जीएसटी डिप्टी कमिश्नर के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई है। टीम ने सरिया, सीमेंट, बांस-बल्ली कारोबार से जुड़े दस्तावेजों की जांच की। जीएसटी टीम कारोबारी के बहजोई रोड स्थित दुकान पर भी पहुंची है। टीम दोनों स्थानों को घेर रखा है और किसी को अंदर -बाहर नहीं जाने दिया जा रहा था। इस टीम में डिप्टी कमिश्नर बीआर तिवारी, उत्तम तिवारी, अखिलेश कुमार, धनंजय कुमार और पंकज शामिल हैं। करीब 25 से अधिक अधिकारी पांच गाड़ियों में मौके पर पहुंचे थे।

अन्य फैसले

### लोक सेवा अधिकरण के पदाधिकारियों की आयु सीमा बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण) अधिनियम, 1976 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। इसके तहत अधिनियम की धारा-3(8) के स्थान पर नई उपधारा 3(8)(क) जोड़ी गई है, जिससे अधिकरण के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों की आयु सीमा में दो साल की बढ़ोत्तरी हुई है। सरकार का मानना है कि इस निर्णय से अधिकरण में अनुभवी अधिकारियों की सेवाएं अधिक समय तक मिल सकेंगी, जिससे मामलों के निस्तारण में गति आएगी और न्यायिक प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी। इस संशोधन का उद्देश्य प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों में निरंतरता बनाए रखना तथा लंबित मामलों के समाधान में तेजी लाना है।

### बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण का दायरा बढ़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण के क्षेत्र का विस्तार करते हुए 14 नए गांवों को शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। सरकार का मानना है कि इस फैसले से क्षेत्र में नियोजित शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा और तेजी से हो रहे विस्तार को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा। नए गांवों के शामिल होने से इन क्षेत्रों में सड़क, जल निकासी, बिजली, आवास और अन्य आधारभूत सुविधाओं का विकास बेहतर ढंग से किया जा सकेगा। विकास प्राधिकरण का दायरा बढ़ने से औद्योगिक और आवासीय परियोजनाओं को गति मिलेगी, जिससे निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### ललितपुर मेडिकल कॉलेज को 3250 वर्ग मीटर भूमि मिलेगी मुफ्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में ललितपुर मेडिकल कॉलेज के लिए 3250 वर्गमीटर भूमि नि:शुल्क उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। सरकार का मानना है कि इस फैसले से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं और मेडिकल शिक्षा को नई मजबूती मिलेगी। मेडिकल कॉलेज के विकास से न केवल क्षेत्र के मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता भी बढ़ेगी।

### चिलुआताल में फ्लोटिंग सोलर प्लांट को मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में गोरखपुर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में अहम फैसला लेते हुए चिलुआताल में 20 मेगावाट क्षमता का फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट स्थापित करने को मंजूरी दी गई है। यह परियोजना नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के मानकों के अनुरूप होगी, जिसके तहत शहर की ऊर्जा जरूरतों का एक हिस्सा अक्षय स्रोतों से पूरा किया जाएगा। इसके लिए करीब 80 एकड़ जल क्षेत्र का उपयोग किया जाएगा। परियोजना में पर्यटन विभाग की 28.20 एकड़ भूमि को कोल इंडिया लिमिटेड को नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा, जो अपने संसाधनों से प्लांट स्थापित करेगी।

### सस्ती बिजली की दिशा में बढ़े कदम

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट ने 2242.90 करोड़ लागत से पछवारा साउथ कोल ब्लॉक विकास को भी मंजूरी दी है। इससे घाटमपुर तापीय परियोजना के लिए कोयला उपलब्ध होगा और बिजली उत्पादन लागत में करीब 1 रुपये प्रति यूनिट तक कमी आने की संभावना है, जिससे उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली मिल सकेगी।

# तहसीलों का अधिकार छीनने से खत्म होगा भ्रष्टाचार का खेल

**यूपी कैबिनेट के फैसले : भूमि उपयोग परिवर्तन की जटिल प्रक्रिया होगी सरल, भूखंड का नक्शा स्वीकृत होते ही उसका लैंड यूज स्वतः बदल जाएगा**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने भूमि उपयोग परिवर्तन की जटिल प्रक्रिया को सरल बना दिया है। अब किसी भी भूखंड का नक्शा स्वीकृत होते ही उसका लैंड यूज स्वतः बदल जाएगा और इसके लिए अलग से जिलाधिकारी या एसडीएम से अनुमति लेने की जरूरत नहीं होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विभाग के इस प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी से तहसीलों का जहां अधिकार छिन गया है, वहीं एसडीएम से लेकर लेखपाल स्तर तक होने वाले भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में उप्र. राजस्व संहिता, 2006 की धारा-80 में संशोधन के लिए अध्यादेश 2026 को मंजूरी दे दी गई। इस अहम फैसले के तहत विकास प्राधिकरणों, औद्योगिक विकास प्राधिकरणों, विनियमित क्षेत्रों तथा उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के अधीन क्षेत्रों में गैर-कृषि उपयोग (लैंड यूज) परिवर्तन की प्रक्रिया को बेहद सरल बना दिया गया है। अब इन क्षेत्रों में अलग से लैंड यूज बदलवाने की आवश्यकता नहीं होगी। यदि किसी भूखंड का नक्शा प्राधिकरण द्वारा पास हो जाता है, तो उसी को भूमि उपयोग परिवर्तन माना जाएगा। इससे पहले लोगों को दोहरी प्रक्रिया (पहले लैंड यूज परिवर्तन और फिर नक्शा पास कराने) से गुजरना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की अधिक खपत होती थी।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि नई व्यवस्था में नक्शा पास कराने की प्रक्रिया में ही सभी औपचारिकताएं समाहित कर दी गई हैं। इससे न केवल आमजन को बड़ी राहत मिलेगी, बल्कि निवेशकों के लिए भी प्रक्रिया आसान और पारदर्शी बनेगी। इस सुधार से प्रदेश में निवेश को बढ़ावा मिलेगा, उद्योग स्थापना में तेजी आएगी और उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

अब तक की व्यवस्था में किसी कृषि भूमि को आवासीय या व्यावसायिक उपयोग में बदलने के लिए एसडीएम, तहसीलदार और लेखपाल स्तर पर लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था। प्राधिकरण क्षेत्र में भू-उपयोग परिवर्तन के लिए मुख्य नगर और ग्राम नियोजक के यहां प्रस्ताव भेजे जाते थे, लेकिन उन पर त्वरित फैसला नहीं हो पाता था। इस दौरान फाइलें महीनों तक लंबित रहती थीं और कई मामलों में बिचौलियों के माध्यम से लाखों रुपये की अवैध वसूली की शिकायतें सामने आती थीं।



कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना और नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा। अमृत विचार

**क्या बदला, क्या होगा फायदा**

**पहले क्या था**
- लैंड यूज बदलने के लिए अलग से अनुमति जरूरी
- एसडीएम, तहसील और लेखपाल स्तर पर लंबी प्रक्रिया
- महीनों तक फाइल लंबित रहती थी
- दलालों के जरिए अवैध वसूली

**अब क्या होगा**
- नक्शा पास होते ही स्वतः लैंड यूज बदल जाएगा
- अलग से अनुमति लेने की जरूरत खत्म
- प्रक्रिया पूरी तरह सरल और तेज

**सीधा फायदा**
- तहसीलों में भ्रष्टाचार पर बड़ा प्रहार
- आम लोगों और निवेशकों को राहत
- निर्माण और निवेश परियोजनाओं में तेजी
- पारदर्शिता और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा

## नवयुग पालिका योजना को मंजूरी 58 शहरों का होगा स्मार्ट विकास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2916 करोड़ से बदलेगी नगर पालिकाओं की तस्वीर, डिजिटल गवर्नेंस पर जोर
- जिला मुख्यालयों के संतुलित विकास से घटेगी क्षेत्रीय असमानता

**अमृत विचारः** प्रदेश में संतुलित शहरी विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में "नवयुग पालिका योजना" को मंजूरी दे दी गई है। इस योजना के तहत प्रदेश के 58 जिला मुख्यालयों के नगरीय निकायों को स्मार्ट सुविधाओं से लैस किया जाएगा, जिससे नगर निगमों के बाहर के शहरों में भी आधुनिक विकास का लाभ पहुंच सके।

योजना के अंतर्गत 55 नगर पालिका परिषद, 3 नगर पंचायतों तथा दादरी नगर पालिका परिषद को शामिल किया गया है। पहली बार राज्य सरकार ने नगर निगमों से इतर नगरीय निकायों पर फोकस करते हुए उनके समग्र विकास के लिए अलग नीति लागू की है। इस योजना पर अगले 5 वर्षों (2025-26 से 2029-30) में कुल 2916 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। हर वर्ष करीब 583.20 करोड़ रुपये निवेश किए जाएंगे, जिसे पूरी तरह राज्य सरकार वहन करेगी।

नवयुग पालिका योजना के तहत डिजिटल गवर्नेन्स, ई-सेवाएं और स्मार्ट तकनीक को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे नागरिक सेवाएं अधिक पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी बनेंगी। साथ ही सड़कों, जल निकासी, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और अन्य बुनियादी सुविधाओं का व्यापक उन्नयन किया जाएगा।

नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि योजना के तहत निकायों को उनकी जनसंख्या के आधार पर दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है, ताकि जरूरत के अनुसार विकास कार्य किए जा सकें। इसके अंतर्गत ऑडिटोरियम, उत्सव भवन, प्रदर्शनी केंद्र, पार्कों का विकास और विद्युत व्यवस्था का आधुनिकीकरण जैसे कार्य भी शामिल हैं। परियोजनाओं के चयन के लिए जनपद और राज्य स्तर पर समितियां गठित की जाएंगी, जो तकनीकी परीक्षण और अनुमोदन के बाद कार्यों को लागू करेंगी।

### ग्रेटर नोएडा में 174 एकड़ में बनेगा मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स पार्क

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क नीति-2024 के तहत ग्रेटर नोएडा में 174.12 एकड़ भूमि पर मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) की स्थापना को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना में 1000 करोड़ रुपये से अधिक निवेश करने वाली कंपनियों को प्रोत्साहन दिया जाएगा और 30% फ्रंट-एंड लैंड सब्सिडी उपलब्ध होगी। भूखंड का आवंटन ई-नीलामी मॉडल से किया जाएगा, जिसमें कंपनियां, एलएलपी और साझेदारी फर्म भाग ले सकेंगी। परियोजना के लिए भूमि का रिजर्व प्राइस 11,000 रुपये प्रति वर्गमीटर तय किया गया है। चयनित निवेशक को 7 वर्षों में परियोजना पूरी करनी होगी, जिसमें पहले 3 वर्षों में 40% कार्य अनिवार्य होगा। यह लॉजिस्टिक्स पार्क प्रदेश को राष्ट्रीय और वैश्विक सप्लाई चेन से जोड़ने, माल ढुलाई लागत कम करने और रोजगार सृजन में अहम भूमिका निभाएगा।

## प्रदेश में 'री-यूज वाटर' नीति लागू पेयजल बचाने की बड़ी पहल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश सरकार ने सेफ री-यूज ट्रीटेड वाटर पॉलिसी को मंजूरी देते हुए जल प्रबंधन के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाया है। इस नीति के तहत अब घरों और उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट जल को शोधन (ट्रीटमेंट) के बाद दोबारा उपयोग में लाया जाएगा, जिससे पेयजल संसाधनों पर बढ़ते दबाव को कम किया जा सके।

प्रदेश में सिंचाई, घरेलू, औद्योगिक और ऊर्जा क्षेत्रों में पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। इसे देखते हुए सरकार ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) के माध्यम से शोधित जल के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने की योजना बनाई है। नीति के तहत पहले चरण में नगर निकायों के कार्य, निर्माण गतिविधियों, बागवानी और सिंचाई में इस पानी का उपयोग किया जाएगा। दूसरे चरण में इसे उद्योग, कृषि और रेलवे जैसे क्षेत्रों तक विस्तारित किया जाएगा। वहीं तीसरे चरण में ड्यूल पाइप सिस्टम के जरिए घरों तक गैर-पीने योग्य पानी की अलग आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

सरकार का मानना है कि इस पहल से न केवल स्वच्छ पेयजल की बचत होगी, बल्कि नदियों और जलाशयों में प्रदूषण भी कम होगा। साथ ही जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और ऊर्जा की खपत में भी कमी आएगी।

**'री-यूज वाटर' नीति की विशेषताएं**
- *अपशिष्ट जल को ट्रीट कर दोबारा उपयोग
- *एसटीपी और एफएसटीपी के जरिए शोधन
- *निर्माण, बागवानी और सिंचाई में उपयोग
- *उद्योग और रेलवे तक विस्तार
- *ड्यूल पाइप सिस्टम से घरों में अलग सप्लाई
- *प्रदूषण में कमी
- *जल संरक्षण और ऊर्जा बचत को बढ़ावा

## अयोध्या, गोरखपुर, रायबरेली, फतेहपुर व मिर्जापुर में लगेंगी यूनिट, हजारों युवाओं को मिलेगा रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**3540** करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को कैबिनेट से मिली मंजूरी, जल्द जारी होगा लेटर ऑफ कंफर्ट



नंद गोपाल नंदी

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 3540 करोड़ के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई है। इसके तहत प्रदेश के पांच जिलों अयोध्या, गोरखपुर, रायबरेली, फतेहपुर और मिर्जापुर में सुपर मेगा श्रेणी की औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाएंगी। इन परियोजनाओं के लिए संबंधित कंपनियों को जल्द ही लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया जाएगा।

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने बताया कि इन निवेश प्रस्तावों से प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और हजारों युवाओं के लिए प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। स्वीकृत प्रस्तावों के तहत पक्का लिमिटेड अयोध्या में 676.26 करोड़, गैलेंट इस्पात लिमिटेड गोरखपुर में 765.11 करोड़, रिलायंस सीमेंट कंपनी प्रा. लि. रायबरेली में 550.31 करोड़, डालमिया भारत ग्रीन विजन लिमिटेड फतेहपुर में 776.35 करोड़ और मिर्जापुर में 772.26 करोड़ के निवेश से औद्योगिक इकाइयां स्थापित करेंगी। इसके अलावा कैबिनेट ने जनपद सीतापुर में स्थापित रेडिको खेतान लिमिटेड को 6.88 करोड़ की पूंजीगत सब्सिडी देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

मंत्री नंदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से निवेश का प्रमुख केंद्र बन रहा है। सरकार हर निवेश प्रस्ताव को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है और एमओयू को अंतिम रूप तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### औद्योगिक इकाइयों को 566.77 करोड़ की एसजीएसटी प्रतिपूर्ति को मंजूरी

मंत्रिपरिषद ने औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन देने के लिए 566.77 करोड़ की एसजीएसटी प्रतिपूर्ति को भी मंजूरी दी है। इसके तहत गोरखपुर की गैलेंट इस्पात लिमिटेड को करीब 244.39 करोड़, जबकि अन्य कंपनियों अंकुर उद्योग, पसवारा पेपर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और अन्य को भी निर्धारित राशि दी जाएगी। इसके अलावा उन्नाव की इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड और गौतमबुद्धनगर की विजन सोर्स एलएलपी को फ्रंट एंड लैंड सब्सिडी के रूप में भी बड़ी राशि स्वीकृत की गई है।

## प्लग-एंड-प्ले मॉडल पर विकसित होंगे आधुनिक पार्क

- निजी बिजनेस पार्क योजना से औद्योगिक निवेश को मिलेगी रफ्तार, 45 साल की लीज

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए योगी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश निजी बिजनेस पार्क विकास योजना-2025 को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत आधुनिक प्लग-एंड-प्ले और रेडी-टू-यूज बिजनेस पार्क विकसित किए जाएंगे, जहां वैश्विक कंपनियों के कार्यालय, आरएंडडी सेंटर और संचालन इकाइयां स्थापित की जा सकेंगी।

सरकार का मानना है कि तैयार इंफ्रास्ट्रक्चर के अभाव में निवेश परियोजनाओं में देरी और लागत बढ़ती है। नई योजना इस समस्या को दूर कर विश्वस्तरीय औद्योगिक वातावरण तैयार करेगी, जिससे बड़े उद्योगों के साथ-साथ एमएसएमई और स्टार्टअप को भी लाभ मिलेगा। योजना को डीबीएफओटी (डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट, ट्रांसफर) मॉडल पर लागू किया जाएगा, जिसमें निजी डेवलपर पार्क का निर्माण, संचालन और रखरखाव करेगा। प्रत्येक पार्क के लिए कम से कम 10 एकड़ भूमि चिन्हित होगी और इसे 45 वर्ष की लीज पर विकसित किया जाएगा। प्रस्तावों के चयन के लिए पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाएगी और नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी।

## समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरी करें मेट्रो परियोजनाएं : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ, कानपुर और आगरा मेट्रो परियोजनाओं की समीक्षा

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रदेश में संचालित मेट्रो परियोजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश को विश्वस्तरीय शहरी परिवहन व्यवस्था में अग्रणी बनाना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए निर्माण से लेकर संचालन तक हर स्तर पर पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रो केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि शहरों की अर्थव्यवस्था को गति देने और निवेश आकर्षित करने का माध्यम भी है। उन्होंने परियोजनाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए नए आय स्रोत विकसित करने पर जोर दिया। इसके तहत स्टेशनों पर रिटेल, फूड कोर्ट, मल्टीलेवल पार्किंग, ऑफिस स्पेस और विज्ञापन जैसे विकल्पों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने मेट्रो परियोजनाओं में मल्टी-मोडल और लास्ट माइल कनेक्टिविटी को प्राथमिकता देने को कहा, ताकि यात्रियों को निर्बाध यात्रा सुविधा मिल सके। बैठक में लखनऊ, कानपुर और आगरा मेट्रो परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। लखनऊ मेट्रो का 23 किमी कॉरिडोर संचालित है और विस्तार 2030 तक पूरा करने का लक्ष्य है। कानपुर मेट्रो के दोनों कॉरिडोर पर तेजी से काम जारी है और शेष कार्य मार्च 2027 तक पूरा होगा। आगरा मेट्रो के कॉरिडोर-1 को जून 2026 और कॉरिडोर-2 को 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

मेट्रो सेवाओं के बढ़ते उपयोग से यातायात दबाव कम हुआ है। नॉन-फेयर बॉक्स आय 2024-25 में करीब 222 करोड़ रुपये रही। सीएम ने नियमित मॉनिटरिंग और गुणवत्ता से समझौता न करने के निर्देश दिए।

## तीन वर्ष में 57 हजार बीमा सखी तैयार करेगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हर ग्राम पंचायत में एक बीमा सखी महिलाओं को मिलेगा रोजगार

**अमृत विचारः** प्रदेश में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने अगले तीन वर्षों में प्रदेश की सभी 57 हजार ग्राम पंचायतों में 57 हजार 'बीमा सखी' तैयार करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा, जिससे उनकी आय बढ़ेगी और गांव-गांव तक बीमा सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित होगी।

यह पहल भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के सहयोग से संचालित की जा रही है। योजना के तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षण देकर "बीमा सखी" बनाया जा रहा है, जो ग्राम स्तर पर बीमा उत्पादों का प्रचार-प्रसार और सेवाएं प्रदान करेंगी। प्रशिक्षण के लिए एलआईसी के ट्रेनिंग सेंटरों के सहयोग से जिला स्तर पर कैलेंडर तैयार किया जा रहा है और परीक्षा में असफल अभ्यर्थियों के लिए रिफ्रेशर ट्रेनिंग की भी व्यवस्था की जा रही है।

जनता दर्शन | मुख्यमंत्री ने दिए अधिकारियों को निर्देश, कहा-जवानों व आमजन की शिकायतें समयसीमा में निपटाएं

## सैनिकों के परिवार की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित 'जनता दर्शन' में आए सैनिकों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि आप बेफिक्र होकर देशसेवा कीजिए, आपके परिवार की सुरक्षा, सम्मान और देखभाल सरकार की जिम्मेदारी है।

जनता दर्शन में विभिन्न जनपदों से आए सैनिकों ने अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के सामने रखीं, जिनमें कई मामले जमीनी विवाद से जुड़े थे। सीएम योगी ने संबंधित प्रार्थना पत्र लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीमा और आंतरिक सुरक्षा में तैनात जवानों से संपर्क कर उनकी समस्याओं का समयसीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाए और उनके परिवारों को किसी प्रकार की परेशानी न होने दी जाए।



जनता दर्शन में आए सैनिकों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

इसके अलावा जनता दर्शन में पुलिस, जमीनी विवाद, आर्थिक सहायता और स्थानांतरण से जुड़े कई मामले भी सामने आए। मुख्यमंत्री ने हर प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का निष्पक्ष और नियमानुसार निस्तारण किया जाए। आर्थिक सहायता से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री ने परिजनों से कहा कि इलाज के लिए अस्पताल से अनुमान (एस्टिमेट) तैयार कर आवेदन करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी भी मरीज का इलाज नहीं रुकेगा, सरकार हर संभव मदद करेगी।

## अखिलेश के हाथ नहीं आएगी सत्ता, सपा पर साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केशव मौर्य बोले, अखिलेश यादव जहां जाते हैं, वहीं हार तय



- ब्रजेश पाठक का तंज, सौ-सौ चूहे खाकर बिल्ली हज पर चली



**अमृत विचारः** कैबिनेट बैठक के बाद प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी और उसके अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला। दोनों नेताओं ने साफ कहा कि अखिलेश यादव के हाथ प्रदेश की सत्ता कभी नहीं आएगी।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि जिस तरह बिहार में उनके प्रचार के बावजूद तेजस्वी यादव चुनाव हार गए, उसी तरह पश्चिम बंगाल में भी अखिलेश के समर्थन से ममता बनर्जी को नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि अखिलेश जहां भी जाते हैं, वहां हार तय हो जाती है। मौर्य ने समाजवादी पार्टी पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा का मतलब ही कानून-व्यवस्था को कमजोर करना रहा है।

वहीं, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का हाल वही है, सौ-सौ चूहे खाकर बिल्ली हज पर चली। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सरकार के दौरान प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा सबसे बड़ा मुद्दा था और जनता अब सब कुछ देख चुकी है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि मौजूदा सरकार विकास के एजेंडे पर काम कर रही है। प्रदेश में आधारभूत संरचना मजबूत हुई है, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है।



ज्ञान को केवल दिमाग से प्राप्त नहीं किया जा सकता है, इसे अनुभव से भी प्राप्त किया जाना चाहिए।
ओशो, दार्शनिक

# संकट विकट निकट है

तेल, गैस आपूर्ति के सुचारु रहने के आश्वासनों तथा सामान्य पेट्रोल, डीजल के दामों में बढ़ोतरी को कुशलतापूर्वक थामे रहने के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि विकट संकट निकट आता दिख रहा है। पश्चिमी एशिया में तनाव और युद्ध का चौथा सप्ताह शुरू हो चुका है और युद्ध की तीव्रता मंद पड़ने की बजाय और भी तीव्रतर होती जा रही है। चौथे हफ्ते की शुरुआत ईरान द्वारा इजराइल पर भीषण हमले के जवाब से हुई, जो इजराइल के उसके परमाणु संयंत्र पर आक्रमण का प्रत्युत्तर था। उधर अमेरिका ने धमकी दी है कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य को नहीं खोला गया, तो वह ईरान के तमाम ऊर्जा संयंत्रों, पावर प्लांट को तबाह कर देगा। जवाब में ईरान ने भी अमेरिका को खाड़ी के देशों में उनके खारे पानी को पीने योग्य बनाने वाले संयंत्रों को भारी नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। हजारों किलोमीटर दूर डियागो गार्सिया पर ईरानी मिसाइल हमले के बाद यूरोप भी खौफजदा है, उसे लगता है कि लंदन और बर्लिन भी उसके निशाने पर आ सकते हैं। ब्रिटेन की परमाणु संचालित पनडुब्बी के अरब सागर में उतरने के बाद अब ब्रिटेन भी युद्ध में शामिल हो चुका है। ये सभी ऐसे संकेत हैं, जिससे लगता है कि शायद जंग जल्द खत्म नहीं होगी।

इस बीच डैम कैपिटल एडवाइजर्स की रिपोर्ट की चेतावनी चिंता बढ़ाने वाली है कि खाड़ी क्षेत्र में जारी तनाव और आशंकित व्यवधानों के चलते दुनिया के कई प्रमुख क्षेत्रों में वैश्विक आपूर्ति संकट खड़ा हो सकता है। यह संकट यदि दो महीने और चला तो भारतीय अर्थव्यवस्था व्यापक मंदी की शिकार हो सकती है। रिपोर्ट में व्यक्त यह चिंता वाकई काबिले गौर है कि कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहीं तथा होर्मुज जलडमरूमध्य इसी तरह बाधित रहा, तो देश का राजकोषीय घाटा बुरी तरह बढ़ेगा और सल्फर, हिलियम, मेथेनॉल,एल्यूमीनियम जैसी वस्तुओं की आपूर्ति बाधित होगी। रसायन, सेमीकंडक्टर तथा उर्वरक निर्माण उद्योग को गहरा धक्का लगेगा। साथ ही कृषि एवं खाद्य सुरक्षा पर भी बहुत बुरा असर दिखेगा। आम उपभोक्ता वस्तुओं के दाम भी बढ़ेंगे। तेल कीमतों की उछाल को नियंत्रित करने के लिए ऑल इंडिया डिस्टलर्स एसोसिएशन द्वारा पेट्रोल के साथ 20 प्रतिशत एथेनॉल के मिश्रण की आपूर्ति की पेशकश और इसे तीस फीसदी तक पहुंचाने की बात हो अथवा एथेनॉल से चलने वाली गाड़ियों और कुकिंग स्टोव के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक करना, इस आसन्न संकट से निपटने के बहुत ठोस उपाय नहीं हैं और न ही अमेरिका से एलपीजी तथा रूस से कच्चे तेल लिए भारत पहुंचने वाले कुछ जहाज। अच्छी बात यह है कि भारत सरकार इस संकट के पूर्वानुमानों को लेकर सतर्क है। मंत्रालय ने कच्चे तेल की आपूर्ति के विकल्पों की तरफ देखा है और प्रधानमंत्री ने इस बात की सख्त ताकीद की है कि कालाबाजारी और जमाखोरी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार ने गैस परियोजनाओं को तेजी से मंजूरी देने के साथ ही उपभोक्ताओं और उद्योगों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने के संकेत दिए। उम्मीद है यह सतर्कता संकट समाधान का स्थायी कारक बनेगी।

# युद्ध की तपिश से भारत भी सशंकित





अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

अमेरिका व इजराइल का ईरान के साथ युद्ध अब भयावह हो चला है। विगत 28 फरवरी से ही वे एक दूसरे के सैन्य ठिकानों पर बम बरसा रहे हैं। युद्ध से तीनों देशों के धन-जन को काफी क्षति भी पहुंच रही है। इसकी विभीषिका का प्रभाव विश्व की समेकित ऊर्जा पर पड़ता दिख रहा है। इसके प्रत्यक्ष असर से भारत भी अछूता नहीं है। कच्चे तेल व एलपीजी (तरलीकृत पेट्रोलियम गैस) का एक बड़ा हिस्सा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते भारत के समुद्र तटीय क्षेत्रों में बड़े जहाजों से आता है। होर्मुज ईरान व ओमान के मध्य स्थित करीब 33 किमी का महत्वपूर्ण संकरा समुद्री गलियारा दुनिया के करीब 25 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल व प्राकृतिक गैस के निर्यात का प्रमुख मार्ग है। वर्तमान में भारत के करीब 24 जहाज वहां फंसे हुए हैं। एलपीजी व कच्चे तेल से लदे उक्त जहाज यदि जल्द नहीं आएं तो यहां के विनिर्माण, परिवहन, खाद्य उत्पादन के अलावा ऊर्जा क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ना तय। यहां वस्तुओं की कीमतें तो प्रभावित होंगी ही, उत्पादन व रोजगार पर भी खासा प्रभाव पड़ेगा।

> अपनी जरूरत का करीब 89 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करने वाला भारत क्या इससे यथाशीघ्र उबर पाएगा? यक्ष प्रश्न यह भी कि संकट की इस घड़ी में सरकार के साथ प्रत्येक भारतीय अपनी जिम्मेदारी को क्या बखूबी निभा रहा है?

अपनी जरूरत का करीब 89 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करने वाला भारत क्या इससे यथाशीघ्र उबर पाएगा? यक्ष प्रश्न यह भी कि संकट की इस घड़ी में सरकार के साथ प्रत्येक भारतीय अपनी जिम्मेदारी को क्या बखूबी निभा रहा है? अमेरिका की दादागिरी ने समूचे विश्व के आर्थिक तंत्र को झकझोर कर रख दिया है। करीब साढ़े 11 हजार किमी दूर ईरान से भला अमेरिका को किस बात का खतरा है कि वह इजराइल के साथ मिलकर उसे नेस्तनाबूद करने को युद्ध कर रहा? इसे गहराई से जानने के लिए अमेरिका का वेनेजुएला के कच्चे तेल भंडारों पर कब्जा तथा ग्रीनलैंड को हथियाने की उसकी मंशा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। अमेरिका द्वारा खेला जा रहा तेल का खेल वास्तव में वैश्विक बाजार पर आधिपत्य का ही है। ईरान पर उसका हमला मध्य-एशिया में अमेरिकी प्रभाव में वृद्धि का ही है। ऊर्जा के क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदम को इस युद्ध ने कमजोर करने का काम किया है। क्योंकि कच्चे तेल से निर्मित पेट्रोलियम पदार्थों के निर्यात में भारत का स्थान विश्व में चौथा है। यदि इसे सुचारु रूप से कच्चा तेल नहीं मिल पाएगा, तो हमारी रिफाइनरियों का क्या होगा? तेज रफ्तार से बढ़ती हमारी अर्थव्यवस्था क्या गतिमान रह पाएगी? यह आने वाला समय ही बता पाएगा।


हमारे देश के लोग बिना कुछ सोचे-समझे राशनिंग को ढाल बनाने लगते हैं। सामान्य दिनों में यहां एलपीजी की औसत बुकिंग करीब 55 लाख सिलेंडर प्रतिदिन है, लेकिन कुछ गत कुछ दिनों में बुकिंग बढ़कर करीब 76 लाख सिलेंडर प्रतिदिन हो गई। आपदा में अवसर ढूंढने वाले स्वार्थी किस्म के लोगों को क्या यह नहीं समझना चाहिए कि कच्चा तेल और एलपीजी भारत बड़े पैमाने पर आयात करता है? कालाबाजारी से तो उसके ही बंधु-बांधव प्रभावित होंगे। देश में करीब 25 हजार गैस वितरक हैं। जाहिर है, इसमें कुछ राशनिंग को बढ़ावा देने वालों को लाभ देते हों, लेकिन संकटकाल के इस दौर में उन्हें भी ईमानदारी और पारदर्शिता दिखानी होगी। उक्त ईंधनों के असमान वितरण तथा पैनिक पैटर्न से हमें बचना ही होगा।

आम भारतीयों की सुविधा के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गत दिनों नियमित आवंटन से इतर करीब 48 हजार किलोलीटर अतिरिक्त केरोसीन का आवंटन कर दिया है। अपनी भूमिका को और सक्रिय करते हुए भारत सरकार के वन मंत्रालय और कोयला मंत्रालय ने भी चुनौती से निपटने को कमर कस ली है। युद्ध की विभीषिका के मध्य सरकार व प्रत्येक भारतीय को गंभीरतापूर्वक समझना होगा कि कच्चे तेल व एलपीजी का हमारे यहां विकल्प क्या हो सकता है? क्योंकि भारत में दोनों ईंधन बहुतायत में आयात किया जाता है। आत्मनिर्भर होकर अपनी ऊर्जा संप्रभुता की सुलभ राह खोजनी होगी। उक्त राह हमारे खेतों, गोशालाओं व हमारी उस परंपरा में छिपी है, जिसे हमने आधुनिकता की आड़ में पीछे धकेल दिया है। हमें अपने उपलब्ध पशुधन का उपयोग कर प्रतिवर्ष 60 हजार करोड़ रुपये का जीवाश्म ईंधन बचाना होगा। आंकडे बताते हैं कि देश के पशुधन में 21,924 अरब किलोवाट ऊर्जा प्रतिवर्ष उत्पन्न करने की क्षमता है। अफसोसजनक यह कि हम उसका केवल 25 प्रतिशत भाग ही उपयोग कर पा रहे हैं।

यह भी जान लें कि एक देसी बैल की जोड़ी प्रतिवर्ष 247 लीटर डीजल का स्थान लेती है। पशु अपशिष्ट व कृषि अवशेषों से बायोगैस के रूप में तीन हजार से अधिक टेराजूल प्रतिदिन ऊर्जा उत्पन्न की जा सकती है, जो देश के 55 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों की ऊर्जा आवश्यकता की पूर्ति करने में सक्षम है। भारत के करीब 65 प्रतिशत घरों में भोजन बनाने को लकड़ी व उपलों का प्रयोग आज भी किया जाता है। हमारे लिए सबसे बड़ा सबक यह है कि ऊर्जा की असली सुरक्षा किसी आयात समझौते में नहीं, अपितु अपनी मिट्टी, पेड़-पौधे, जीव-जंतु और अपने पशुधन में है। अपेक्षा यह है कि हम उस 75 प्रतिशत ऊर्जा क्षमता को पहचानें और तेल संपन्न देशों की निर्भरता से पार पाएं। हमें बायोगैस संयंत्रों का भी विस्तार करना होगा। हमें किसानों में भी विश्वास भरना होगा कि भारत की ऊर्जा संप्रभुता उसके अपने खेतों में ही है। युद्ध ने हमें सशंकित तो किया है, तो आ अब लौट चलें... की तर्ज पर हम अपनी परंपरागत ऊर्जा का पूर्व की भांति उत्पादन करें। इसका संरक्षण कर आत्मनिर्भर बनें। ऐसा कर लेने के पश्चात न तो हम अमेरिका, रूस, ईरान पर निर्भर रहेंगे न ही वैश्विक युद्ध से सशंकित।

## सोशल फोरम

# युद्ध का परिणाम



डॉ. राजेन्द्र रंजन चतुर्वेदी
वरिष्ठ लेखक

युद्ध जीवन और प्रकृति का विनाश कर रहा है, चारों ओर आग की लपटें और धुआं हैं, चारों ओर हाहाकार हो रहा है, लेकिन तृष्णा का अंत अभी भी नहीं दिख रहा है, संसार के नेता टुकुर-टुकुर देख रहे हैं, विश्वजनमत सो रहा है, संयुक्त राष्ट्र की भावना मूर्च्छित है। सभ्यता हार रही है और बर्बरता जीत रही है। विवेक सो रहा है और अविवेक का नशा सिर पर चढ़ गया है। महायुद्ध नहीं है, किंतु जो विध्वंस प्रतिदिन हो रहा है, वह कुछ कम नहीं है। यह कहीं पर से भी विश्व के कल्याण के लिए सही नहीं ठहराया जा सकता है।

यह सब जो हो रहा है, वह एकाएक नहीं हो रहा है, इसका कारण संसार की वह राजनीति है, जो अभी तक अंदर ही अंदर चल रही थी और अभी भी चल रही है, यह अंदर ही अंदर सुलगने वाली उस राजनीति का विस्फोट है। भले ही वह मजहबी उन्माद की राजनीति हो या आर्थिक साम्राज्यवाद की राजनीति हो। मजहबी आतंक कट्टरता और संकीर्णता की संतान है, तो बाजारवाद, आर्थिक साम्राज्यवाद का आतंक तृष्णा और प्रभुता का विस्फोट है, वह इंसान और प्रकृति दोनों एको कच्चा माल समझता है। अभिमान का कैसा मद है कि वह कह रहा है कि इस देश का नाम दुनिया के नक्शे से मिटा देंगे। पर्यावरण प्रदूषण का संकट इसी अविवेक और जड़ता का परिणाम है, जिसकी वजह से जलवायु परिवर्तन देखने को मिल रहा है। राजनीति का पतन हुआ है कि वह दायरों को देख रही है, किंतु मनुष्य को नहीं देख पा रही है। दुष्ट प्रकृति के लोग युद्ध में भी व्यक्तिगत स्वार्थ या लाभ देख रहे हैं। वे लोग युद्ध से भी मुनाफा कमाएंगे। यदि ऐसा न होता, तो शायद युद्ध ही न होता और यदि युद्ध होता, तो अब तक युद्ध के विरुद्ध जनमत खड़ा हो जाता।

यह सही है कि तकनीकी और विज्ञान ने बहुत तरक्की कर ली है, मौसम की सटीक भविष्यवाणी प्रतिदिन आ जाती है, अब कोई तकनीकी और विज्ञान संसार के राजनेताओं को इस युद्ध का परिणाम समझा सके तो बहुत अच्छी बात होगी। युद्ध में हारने वाला तो हारेगा ही, जीतने वाला भी हारेगा, किंतु सबसे बड़ी हार तो मनुष्य और मनुष्यता की होगी। सामान्य जन की जिंदगी और अधिक कठिन हो जाएगी।

-फेसबुक वॉल से

## प्रसंगवश

# टीबी: 2026 में भी सिस्टम के लिए चुनौती

ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) आज भी समाज और स्वास्थ्य व्यवस्था के सामने एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। सरकार लगातार नए इनोवेशन, दवा रेजीमेन और प्रोटोकॉल के जरिए ज्यादा से ज्यादा संक्रमित लोगों तक बेहतर इलाज पहुंचाने की कोशिश कर रही है। इसके बावजूद, वर्ष 2030 के टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य को कई स्तरों पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान को दोबारा शुरू किए जाने के बाद भी सिस्टमिक और सामाजिक बाधाएं बनी हुई हैं, खासकर 2025 के लक्ष्य से पीछे रह जाने के बाद। ज्यादा मरीजों वाले जिलों में व्यापक स्क्रीनिंग की आवश्यकता साफ दिखाई देती है। दूर-दराज के इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की सीमित पहुंच के कारण डायग्नोसिस में देरी होती है, जिससे संक्रमण का फैलाव बढ़ता है। वहीं, प्राइवेट सेक्टर में कम रिपोर्टिंग भी एक बड़ी समस्या है, क्योंकि कई मरीज सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के दायरे में आ ही नहीं पाते।



डॉ. राजेंद्र प्रसाद
वाइस चेयरमैन
नेशनल टीबी टास्क फोर्स

सामाजिक और आर्थिक कारक भी टीबी के प्रसार में अहम भूमिका निभाते हैं। कुपोषण, गरीबी व भीड़भाड़ जैसी परिस्थितियां, खासकर प्रवासी मजदूरों और कमजोर वर्गों में इस बीमारी को बढ़ावा देती हैं। इन चुनौतियों के बीच, पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला है। यह बदलाव केवल नई योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि टीबी को समझने और उससे निपटने के तरीके में परिवर्तन को दर्शाता है। घर-घर जाकर जांच, कमजोर वर्गों की पहचान व फ्रंटलाइन वर्करों की सक्रिय भागीदारी से मरीजों की समय पर पहचान संभव हो रही है। इसका परिणाम यह रहा कि वर्ष 2025 में 6.90 लाख टीबी मरीजों की पहचान की गई, जो निर्धारित लक्ष्य 6.75 लाख से अधिक है। डायग्नोसिस और उपचार में तकनीकी प्रगति ने इस अभियान को और मजबूती दी है। एआई आधारित पोर्टेबल एक्स-रे मशीनें दूरस्थ क्षेत्रों में संदिग्ध मरीजों की तुरंत पहचान कर रही हैं। मॉलिक्यूलर टेस्टिंग से जांच की सटीकता बढ़ी है, जबकि ड्रग-रेसिस्टेंट टीबी के लिए छोटे और पूरी तरह मौखिक इलाज ने उपचार अवधि को लगभग दो साल से घटाकर 6-9 महीने कर दिया है। इससे मरीजों में इलाज का पालन बेहतर हुआ है और मृत्यु दर में कमी आई है। प्रिवेंटिव थेरेपी का विस्तार भी खासकर उच्च जोखिम समूहों में संक्रमण को रोकने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

उत्तर प्रदेश में अब तक 1.83 लाख से अधिक निक्षय मित्र पंजीकृत हो चुके हैं। बुलंदशहर जैसे जिलों में संस्थाओं द्वारा सभी टीबी मरीजों को गोद लेने जैसी पहलें भी सामने आई हैं। ग्राम स्तर पर भी व्यापक भागीदारी देखने को मिल रही है। 20,000 से अधिक ग्राम प्रधानों ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में योगदान दिया है और हजारों पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है। मोबाइल डायग्नोस्टिक वैन, हैंडहेल्ड एक्स-रे और एआई तकनीक के उपयोग से दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ी है। साथ ही, नियमित वल्नरेबिलिटी मैपिंग और एक्टिव केस फाइंडिंग से जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान कर समय रहते कार्रवाई की जा रही है। वर्ष 2030 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब स्वास्थ्य शिक्षा पर और अधिक जोर देना आवश्यक है। लोगों में जागरूकता बढ़ाकर ही टीबी के प्रति भय और कलंक को खत्म किया जा सकता है। साथ ही, जांच के लिए आवश्यक रीएजेंट और दवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है। सामुदायिक भागीदारी, तकनीकी नवाचार और मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली के संयुक्त प्रयासों से ही भारत को टीबी मुक्त बनाने का सपना साकार हो सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



भाजपा चुनाव आयोग के माध्यम से कितनी भी बाधाएं लगाए, कुछ भी कर ले, लेकिन पश्चिम बंगाल की जनता पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार को ही चुनेगी। पश्चिम बंगाल में हर स्तर पर ममता बनर्जी ने काम किया है। ऐसे में ममता की ही सरकार वहां फिर से बनेगी।

-अखिलेश यादव,
पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

अखिलेश यादव तो बिहार में तेजस्वी यादव को भी जिता रहे थे और अब वैसे ही वे पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को जिता रहे हैं। जिस तरह अखिलेश यादव के प्रचार के कारण तेजस्वी यादव हारे थे, अब वैसे ही ममता बनर्जी भी चुनाव हारेंगी।

-केशव प्रसाद मौर्य
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



# युद्ध के बीच भारत में ऊर्जा आपूर्ति पर्याप्त व सुरक्षित



राजीव जैन
पूर्व महानिदेशक
पीआईबी, नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में बाधाओं ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को गहरे संकट में डाल दिया है। यह वही समुद्री मार्ग है, जिससे दुनिया के बड़े हिस्से का तेल और गैस गुजरता है। हालात इतने गंभीर हैं कि एशिया के कई देशों में ईंधन आपूर्ति प्रभावित हुई है और कीमतों में तेज उछाल देखा गया है। भारत भी इस संकट से अछूता नहीं है, क्योंकि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है और उसका एक बड़ा भाग इसी मार्ग से आता है। इसके बावजूद, भारत में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की उपलब्धता व्यापक स्तर पर सामान्य बनी हुई है। यह स्थिति किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, सक्रिय कूटनीति और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के कुशल प्रबंधन का परिणाम है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तनाव के कारण तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हुई है।

> कई देशों को आपूर्ति संकट और कीमतों के झटके झेलने पड़े हैं, लेकिन भारत ने समय रहते अपने आयात स्रोतों और आपूर्ति श्रृंखला को पुनर्संतुलित किया।

कई देशों को आपूर्ति संकट और कीमतों के झटके झेलने पड़े हैं, लेकिन भारत ने समय रहते अपने आयात स्रोतों और आपूर्ति श्रृंखला को पुनर्संतुलित किया। सरकार ने स्पष्ट किया कि देश में ऊर्जा आपूर्ति "पर्याप्त और सुरक्षित" है और घबराने की आवश्यकता नहीं है। भारत की ऊर्जा नीति का सबसे मजबूत आधार है स्रोतों का विविधीकरण। आज हमारा देश केवल खाड़ी देशों पर निर्भर नहीं है, बल्कि रूस, अमेरिका, ब्राजील और अफ्रीका के कई देशों से तेल आयात कर रहा है। हाल के घटनाक्रम में यह भी देखा गया कि रूस और अन्य वैकल्पिक स्रोतों से आयात बढ़ाकर भारत ने आपूर्ति संतुलन बनाए रखा। सरकार के प्रयासों से अब लगभग 70 प्रतिशत कच्चे तेल का आयात स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बाहर के मार्गों से किया जा रहा है, जिससे जोखिम काफी कम हुआ है। मजबूत भंडार और मजबूत रिफाइनिंग क्षमता के कारण भारत ने इस संकट से पहले ही अपनी रणनीतिक तैयारी मजबूत कर ली थी। देश के पास कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों के पर्याप्त भंडार उपलब्ध हैं, जो अल्पकालिक झटकों को संभालने में सक्षम हैं। साथ ही, भारत की मजबूत रिफाइनिंग क्षमता जो दुनिया में अग्रणी है, घरेलू मांग को पूरा करने के साथ अतिरिक्त उत्पादन की भी क्षमता रखती है। संकट के दौरान सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इनमें तेल कंपनियों को घरेलू मांग को प्राथमिकता देने के निर्देश, रिफाइनरियों को अधिकतम उत्पादन बढ़ाने के आदेश के अलावा एलपीजी आपूर्ति को घरेलू उपयोग के लिए प्राथमिकता देना तथा रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिए डेटा साझा करने की व्यवस्था की गई है। इन कदमों से यह सुनिश्चित हुआ कि संकट का असर आम नागरिक तक न्यूनतम पहुंचे। रसोई गैस की कोई परेशानी आम आदमी को कतई न होने पाए इसका व्यापक प्रबंध किया गया है।

पीएम मोदी ने गत दिनों कहा भी था कि भारत में एलपीजी की स्थिति को लेकर दहशत फैलाने वालों से देशवासियों को सतर्क रहना चाहिए। झूठी सूचना फैलाने वाले न केवल जनता के सामने अपनी पोल खोल रहे हैं, बल्कि देश को भी नुकसान पहुंचाने की भी कोशिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य सरकारों से अनुरोध किया है कि वे ऐसे समय में कालाबाजारियों और जमाखोरों को रोकने के लिए अपनी निगरानी सख्त कर दें। इसी बीच सरकार की ओर से घोषणा की गई है कि राज्यों को एलपीजी के विकल्प के रूप में 48 हजार किलोलीटर अतिरिक्त केरोसिन आवंटित कर दिया गया है। शहरी क्षेत्रों के लिए दो एलपीजी सिलेंडर बुक करने के बीच की अंतरिम अवधि 25 दिन ही रहेगी, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए इसे बढ़ाकर 45 दिन कर दिया गया है। एलपीजी के मोर्चे पर स्थिति सबसे चुनौतीपूर्ण रही, क्योंकि भारत अपनी बड़ी आवश्यकता आयात से पूरी करता है। फिर भी सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी, औद्योगिक उपयोग में अस्थायी कटौती की और वैकल्पिक आयात बढ़ाकर आपूर्ति संतुलित रखी। मूल्य स्थिरता से आम उपभोक्ता को राहत दी गई है। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में उछाल के बावजूद भारत में कीमतों को नियंत्रित रखने का प्रयास किया गया। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने संतुलित दृष्टिकोण अपनाया, जिससे आम जनता पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ा। पीएम मोदी ने बार-बार स्पष्ट किया है कि ऊर्जा सुरक्षा केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय है।

इसी दृष्टिकोण के तहत भारत ने तीन प्रमुख स्तंभों पर काम किया। पहला, आपूर्ति का विविधीकरण, दूसरा रणनीतिक भंडारण तथा तीसरा वैकल्पिक ऊर्जा इथेनॉल व गैस आधारित वैकल्पिक ऊर्जा की व्यवस्था। जब दुनिया के कई देश ऊर्जा संकट से जूझ रहे हैं, भारत ने संतुलित नीति, समयबद्ध निर्णय और मजबूत प्रशासनिक समन्वय के जरिए स्थिति को संभाला है। उक्त उदाहरण दर्शाते हैं कि यदि नेतृत्व स्पष्ट हो, नीति दूरदर्शी हो और निर्णय समय पर लिए जाएं, तो सबसे बड़ी वैश्विक चुनौतियों को भी प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है। केंद्र सरकार ने यह सिद्ध किया है कि संकट के समय भी आम नागरिक का हित सर्वोच्च प्राथमिकता रह सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## सामयिकी

# वैश्विक शक्ति के रूप में उभरता ईरान

अमेरिका और इजराइल के ईरान के विरुद्ध जारी युद्ध को 24 दिन पूरे हो चुके हैं। जैसे-जैसे यह संघर्ष आगे बढ़ रहा है, ईरान की शक्ति के विविध आयाम स्पष्ट रूप से सामने आ रहे हैं। इस जंग में ईरान कूटनीतिक, सैनिक, भू-राजनीतिक तथा तकनीकी स्तर पर अमेरिका और इजराइल की अपेक्षाओं के विपरीत अधिक प्रभावशाली दिखाई दे रहा है। अमेरिकी हवाई हमलों और बमबारी के जवाब में ईरान ने पूरे मध्य-पूर्व में अमेरिकी ठिकानों, तेल-गैस रिफाइनरियों और आधारभूत ढांचे को निशाना बनाया है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर व्यापक असर पड़ा है।



बीना नयाल
शिक्षिका, हल्द्वानी

ईरान की आक्रामक सैन्य और मिसाइल क्षमता यह संकेत देती है कि उसके पास अत्याधुनिक हथियारों का भंडार और उन्नत तकनीक मौजूद है। उसकी मिसाइलों की मारक क्षमता लगातार बढ़ती दिख रही है। तेहरान से हजारों किलोमीटर दूर तक हमले की क्षमता प्रदर्शित कर उसने यह स्पष्ट किया है कि उसकी पहुंच यूरोप तक हो सकती है। यह केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन को चुनौती देने का संकेत भी है। रणनीतिक दृष्टि से होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान का सबसे बड़ा हथियार बनकर उभरा है। इस मार्ग पर उसकी पकड़ ने विश्व शक्तियों को यह अहसास कराया है कि ऊर्जा आपूर्ति के प्रमुख मार्गों पर नियंत्रण कितना निर्णायक हो सकता है। तेल और गैस के परिवहन में बाधा आने से अनेक देशों की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है और इसका असर आम नागरिकों के दैनिक जीवन तक पहुंच रहा है।

यह संघर्ष भले ही ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच है, लेकिन इसकी तपिश पूरी दुनिया महसूस कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और विभिन्न देशों के रुख से भी यह स्पष्ट है कि वे प्रत्यक्ष रूप से युद्ध में शामिल होने से बचना चाहते हैं। कई राष्ट्र मध्यस्थता की भूमिका निभाने के लिए सक्रिय हैं, क्योंकि उनका प्राथमिक उद्देश्य ऊर्जा आपूर्ति और व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। युद्ध के चलते ईरान अब एक मजबूत सौदेबाजी की स्थिति में पहुंचता दिखाई दे रहा है। उस पर लगे आर्थिक और सैन्य प्रतिबंधों को हटाने की दिशा में परिस्थितियां उसके पक्ष में बन रही हैं। साथ ही, तेल व्यापार को वैकल्पिक मुद्राओं में करने की उसकी रणनीति वैश्विक आर्थिक व्यवस्था, विशेषकर डॉलर के वर्चस्व को चुनौती देती है। इससे अमेरिका की आर्थिक और कूटनीतिक स्थिति पर दबाव बढ़ सकता है। इस युद्ध ने यह भी दिखाया है कि आधुनिक युद्ध केवल हथियारों का नहीं, बल्कि आर्थिक, तकनीकी और मनोवैज्ञानिक शक्ति का भी होता है। लंबे समय तक चलने वाला संघर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है और कई देशों की विकास यात्रा को पीछे धकेल सकता है। वर्तमान परिस्थितियों में दोनों पक्षों का कठोर रुख युद्धविराम की संभावनाओं को जटिल बना रहा है। स्थिति यदि और बिगड़ती है, तो यह संघर्ष व्यापक और विनाशकारी रूप ले सकता है। ऐसे में केवल वही देश प्रभावी मध्यस्थ बन सकते हैं, जिनकी विदेश नीति संतुलित, विश्वसनीय और शांति पर आधारित रही है। यह युद्ध केवल भू-राजनीतिक वर्चस्व का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान, रणनीतिक हितों और वैश्विक संतुलन का प्रश्न बन चुका है। यदि समय रहते समाधान नहीं निकला, तो इसके परिणाम दूरगामी और अत्यंत गंभीर हो सकते हैं।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह* 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

बरेली की आध्यात्मिक पहचान जिन कुछ प्राचीन तीर्थस्थलों से निर्मित होती है, उनमें धोपेश्वर नाथ मंदिर का स्थान अत्यंत विशिष्ट, प्राचीन और श्रद्धा से परिपूर्ण है। यह केवल एक शिव मंदिर नहीं, बल्कि समय, साधना, लोकआस्था, इतिहास और सांस्कृतिक निरंतरता का जीवंत केंद्र है। इस मंदिर के प्रांगण में प्रवेश करते ही एक ऐसा अनुभव होता है मानो अनेक शताब्दियों की आराधना आज भी वातावरण में स्पंदित हो रही हों। मंदिर की घंटियों की ध्वनि, शिवलिंग पर निरंतर चढ़ता जल, धूप की सुगंध, प्राचीन वृक्षों की छाया और भक्तों की मौन प्रार्थनाएं इस स्थल को एक अद्वितीय दिव्यता प्रदान करती हैं। धोपेश्वर नाथ केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि बरेली की आत्मा में बसने वाला वह आध्यात्मिक केंद्र है, जहां पीढ़ियां अपनी आशा, आस्था और भावनाएं समर्पित करती रही हैं।


डॉ. तनु जैन
सीईओ, बरेली छावनी



### मंदिर से जुड़ी कथा

धोपेश्वर नाथ मंदिर से जुड़ी एक अत्यंत भावनात्मक कथा केदार नाथ टंडन की भी है, जो आज भी भक्तों में श्रद्धा से सुनाई जाती है। वे एक साधारण मुनीम थे, जो प्रतिदिन मंदिर आकर भगवान शिव के समक्ष अपनी जीवन की कठिनाइयां रखते थे। एक दिन एक संत ने उन्हें आशीर्वाद दिया कि उनकी भक्ति शीघ्र ही उन्हें सामान्य जीवन से उठाकर समृद्धि के उच्च स्तर पर ले जाएगी। कुछ समय बाद उन्हें असम जाकर व्यापार प्रारंभ करने का अवसर मिला। वहां वे अत्यंत सफल हुए, किंतु समृद्धि के बीच भी उनका मन धोपेश्वर नाथ से जुड़ा रहा। वे प्रत्येक श्रावण मास में बरेली आकर दर्शन करते, दान देते, भंडारा कराते और अंततः असम में भी धोपेश्वर नाथ नाम से शिवलिंग स्थापित कर मंदिर बनवाया। यह कथा आज भी इस मंदिर को "जीवन बदलने वाली कृपा" के रूप में प्रतिष्ठित करती है।

# धोपेश्वर नाथ मंदिर

## ऐतिहासिक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक संगम



### पांचाल भूभाग का हिस्सा

स्थानीय परंपराओं और जनश्रुतियों के अनुसार इस मंदिर की पौराणिक जड़ें प्राचीन पांचाल राज्य से जुड़ी मानी जाती हैं। यह संपूर्ण क्षेत्र महाभारत कालीन पांचाल भूभाग का हिस्सा माना जाता है, जहां राजा द्रुपद का राज्य था और जहां से उनकी पुत्री द्रौपदी का गौरवशाली इतिहास जुड़ता है। लोकमान्यता है कि अपने जीवन के संघर्षपूर्ण समय में द्रौपदी ने इस क्षेत्र में स्थित शिवस्थलों पर भगवान शिव की उपासना की थी और धोपेश्वर नाथ में जल, पुष्प और श्रद्धा अर्पित कर अपने जीवन के लिए शक्ति, संरक्षण और न्याय की प्रार्थना की थी। यह कथा केवल धार्मिक भावना नहीं, बल्कि स्त्री-शक्ति, धैर्य और आंतरिक सामर्थ्य का प्रतीक बन चुकी है। आज भी अनेक महिलाएं यहां आकर यह अनुभव करती हैं कि द्रौपदी की भांति यहां की प्रार्थना जीवन को संबल देती है। धोपेश्वर नाथ इस दृष्टि से वह स्थल बन जाता है, जहां शिव केवल देवता नहीं, बल्कि पीड़ा को सुनने वाले करुणामय साक्षी बन जाते हैं।



### नाथ परंपरा

मंदिर की प्राचीनता को स्थानीय स्तर पर प्राप्त कुछ पुरातात्विक संकेत भी पुष्ट करते हैं। मंदिर परिसर और उसके आसपास समय-समय पर प्राचीन शिलाखंड, पुरानी मूर्तियों के अवशेष तथा पत्थर पर उत्कीर्ण आकृतियां प्राप्त होने की बातें स्थानीय लोगों द्वारा कही जाती रही हैं। इन अवशेषों की शैली यह संकेत देती है कि यह क्षेत्र संभवत: किसी प्राचीन मंदिर समूह अथवा आध्यात्मिक संरचना का भाग रहा होगा। यद्यपि इस क्षेत्र में व्यापक वैज्ञानिक उत्खनन सीमित है तथापि स्थानीय स्मृतियों में सुरक्षित ये पुरातात्विक चिह्न यह बताते हैं कि धोपेश्वर नाथ की आराधना केवल कुछ पीढ़ियों पुरानी नहीं, बल्कि अनेक कालखंडों को पार करती हुई वर्तमान तक पहुंची है। धोपेश्वर नाथ का महत्व केवल पौराणिक नहीं, बल्कि नाथ परंपरा के कारण भी अत्यंत विशिष्ट है। बरेली क्षेत्र लंबे समय से साधना, योग और तपस्या की भूमि माना जाता रहा है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार यहां धूम्र ऋषि जैसे महात्माओं ने तप किया और बाद में उनके शिष्यों ने इस क्षेत्र को साधना-केंद्र के रूप में विकसित किया। जहां आज आर. एन. टैगोर इंटर कॉलेज स्थित है, उस क्षेत्र को भी कभी ऋषियों की तपोभूमि माना जाता है। कहा जाता है कि यहां आश्रम थे, जहां दूर-दूर से विद्यार्थी शिक्षा और अनुशासन ग्रहण करने आते थे। साधना और शिक्षा का यह अद्भुत संगम इस क्षेत्र को केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बनाता है।



### बाबा हरदेव तालाब

स्थानीय परंपरा में बाबा हरिहर देव का उल्लेख विशेष श्रद्धा से किया जाता है। कहा जाता है कि उन्होंने अपने गुरु की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यहां एक विशाल आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया। विद्यार्थियों के लिए तालाब बनवाया गया, जिसके चारों ओर 108 पीपल के वृक्ष लगाए गए। यह तालाब आज भी बाबा हरदेव तालाब के रूप में स्मृतियों में जीवित है। इसके आसपास आम, अमरूद, कटहल, जामुन, अंजीर, केला आदि के वृक्ष लगाए गए, जिससे यह क्षेत्र प्रकृति और आध्यात्मिकता का सुंदर संगम बन गया। यह बताता है कि यहां केवल पूजा नहीं होती थी, बल्कि जीवन को संतुलित, अनुशासित और आत्मनिर्भर बनाने की व्यवस्था भी थी।



### नाथ नगरी कॉरिडोर

वर्तमान समय में धोपेश्वर नाथ मंदिर बरेली के सबसे सक्रिय आध्यात्मिक केंद्रों में से एक है। महाशिवरात्रि और श्रावण मास में यहां विशाल जनसमूह उमड़ता है। भक्त दूर-दूर से गंगाजल लेकर आते हैं। मंदिर परिसर में "हर हर महादेव" की गूंज, शिव स्तुति, रुद्राभिषेक और भक्ति का प्रवाह वातावरण को अत्यंत दिव्य बना देता है। अनेक परिवार पीढ़ियों से यहां आकर अपने बच्चों को भी इस परंपरा से जोड़ते हैं। हाल के वर्षों में मंदिर का महत्व और अधिक बढ़ा है, क्योंकि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में अनेक प्राचीन धार्मिक स्थलों को समग्र विकास से जोड़ने का प्रयास हुआ है। इसी क्रम में बरेली के लिए नाथ नगरी कॉरिडोर की अवधारणा अत्यंत महत्वपूर्ण बनकर उभरी है। इस कॉरिडोर का उद्देश्य केवल मंदिर तक पहुंच बनाना नहीं, बल्कि नाथ परंपरा से जुड़े प्रमुख स्थलों, मंदिरों, प्राचीन तालाबों, मार्गों और सांस्कृतिक बिंदुओं को एक समग्र आध्यात्मिक धारा में जोड़ना है। नाथ नगरी कॉरिडोर के अंतर्गत धोपेश्वर नाथ मंदिर का विशेष स्थान माना जा रहा है, क्योंकि यह बरेली की प्राचीन शिव परंपरा का केंद्रीय स्थल है। यदि यह परियोजना पूर्ण रूप से विकसित होती है, तो मंदिर क्षेत्र में सौंदर्यीकरण, पारंपरिक शैली की प्रकाश व्यवस्था, तीर्थयात्री सुविधाएं, विरासत-उन्मुख मार्ग, सांस्कृतिक सूचना पट्ट और पर्यावरणीय संरक्षण जैसे अनेक कार्य संभव होंगे। इससे बरेली की आध्यात्मिक पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और सशक्त होगी।


### जीवित विश्वास का मंदिर

वर्तमान समय में स्थानीय प्रशासनिक दृष्टि से भी इस क्षेत्र के प्रति संवेदनशीलता बढ़ी है। डॉ. तनु जैन, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बरेली छावनी, द्वारा आसपास के सांस्कृतिक और विरासत-संबद्ध स्थलों को गरिमा और स्वच्छता के साथ विकसित करने की दृष्टि इस व्यापक विरासत चेतना से जुड़ती है। यह समझ अत्यंत महत्वपूर्ण है कि किसी मंदिर की पवित्रता केवल उसके गर्भगृह तक सीमित नहीं होती, उसके आसपास का वातावरण, स्वच्छता, हरियाली और सार्वजनिक गरिमा भी उसकी आध्यात्मिक अनुभूति को गहरा करती है। धोपेश्वर नाथ मंदिर आज केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान की जीवंत आस्था और भविष्य की सांस्कृतिक दिशा है। यहां द्रौपदी की मौन प्रार्थना की कल्पना है, ऋषियों की तपस्या, नाथ संतों की साधना, साधारण भक्तों की बदली हुई नियति है, प्राचीन मूर्तियों की मौन गवाही है और आधुनिक समाज की नई आध्यात्मिक पुनर्स्थापना की संभावना है। जब कोई भक्त शिवलिंग के सामने खड़ा होकर जल अर्पित करता है, तब वह केवल पूजा नहीं करता-वह स्वयं को शताब्दियों पुरानी उस आस्था से जोड़ता है, जो पीढ़ियों से यहां प्रवाहित हो रही है। यही धोपेश्वर नाथ की सबसे बड़ी शक्ति है। यह मंदिर केवल पत्थरों का नहीं, बल्कि जीवित विश्वास का मंदिर है।

पौराणिक कथा

## श्रीकृष्ण के प्रेम में दीवानी मीराबाई

भारत का राजस्थान प्रांत वीरों की खान कहा जाता है, पर इस भूमि को श्रीकृष्ण के प्रेम में अपना तन-मन और राजमहलों के सुखों को ठोकर मारने वाली मीराबाई ने भी अपनी चरण रज से पवित्र किया है। हिन्दी साहित्य में रसपूर्ण भजनों को जन्म देने का श्रेय मीरा को ही है। साधुओं की संगत और एकतारा बजाते हुए भजन गाना ही उनकी साधना थी। मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई.. गाकर मीरा ने स्वयं को अमर कर लिया। मीरा का जन्म मेड़ता के राव रत्नसिंह के घर 23 मार्च, 1498 को हुआ था। जब मीरा तीन साल की थी, तब उनके पिता का और दस साल की होने पर माता का देहांत हो गया। जब मीरा बहुत छोटी थी, तो एक विवाह के अवसर पर उसने अपनी मां से पूछा कि मेरा पति कौन है? माता ने हंसी में श्रीकृष्ण की प्रतिमा की ओर इशारा कर कहा कि यही तेरे पति हैं। भोली मीरा ने इसे ही सच मानकर श्रीकृष्ण को अपने मन-मंदिर में बैठा लिया।



माता और पिता की छत्रछाया सिर पर से उठ जाने के बाद मीरा अपने दादा राव दूदाजी के पास रहने लगीं। उनकी आयु की बालिकाएं जब खेलती थीं, तब मीरा श्रीकृष्ण की प्रतिमा के सम्मुख बैठी उनसे बात करती रहती थी। कुछ समय बाद उसके दादा जी भी स्वर्गवासी हो गए। अब राव वीरमदेव गद्दी पर बैठे। उन्होंने मीरा का विवाह चित्तौड़ के प्रतापी राजा राणा सांगा के बड़े पुत्र भोजराज से कर दिया। इस प्रकार मीरा ससुराल आ गई, पर अपने साथ वह अपने इष्टदेव श्रीकृष्ण की प्रतिमा लाना नहीं भूली। मीरा की श्रीकृष्ण भक्ति और वैवाहिक जीवन सुखपूर्वक बीत रहा था। राजा भोज भी प्रसन्न थे, पर दुर्भाग्यवश विवाह के दस साल बाद राजा भोजराज का देहांत हो गया। अब तो मीरा पूरी तरह श्रीकृष्ण को समर्पित हो गईं। उनकी भक्ति की चर्चा सर्वत्र फैल गई। दूर-दूर से लोग उनके दर्शन को आने लगे। पैरों में घुंघरू बांध कर नाचते हुए मीरा प्राय: अपनी सुधबुध खो देती थीं। मीरा की सास, ननद और राणा विक्रमाजीत को यह पसंद नहीं था। राज-परिवार की पुत्रवधू इस प्रकार बेसुध होकर आम लोगों के बीच नाचे और गाए, यह उनकी प्रतिष्ठा के विरुद्ध था। उन्होंने मीरा को समझाने का प्रयास किया, पर वह तो सांसारिक मान-सम्मान से ऊपर उठ चुकी थीं। उनकी गतिविधियों में कोई अंतर नहीं आया। अंतत: राणा ने उनके लिए विष का प्याला श्रीकृष्ण का प्रसाद कहकर भेजा। मीरा ने उसे पी लिया, पर सब हैरान रह गए, जब उसका मीरा पर कुछ असर नहीं हुआ। राणा का क्रोध और बढ़ गया। उन्होंने एक काला नाग पिटारी में रखकर मीरा के पास भेजा, पर वह नाग भी फूलों की माला बन गया। अब मीरा समझ गई कि उन्हें मेवाड़ छोड़ देना चाहिए। अत: वह पहले मथुरा-वृंदावन और फिर द्वारका आ गईं। इसके बाद चित्तौड़ पर अनेक विपत्तियां आईं। राणा के हाथ से राजपाट निकल गया और युद्ध में उनकी मृत्यु हो गई।

यह देखकर मेवाड़ के लोग उन्हें वापस लाने के लिए द्वारका गए। मीरा आना तो नहीं चाहती थी, पर जनता का आग्रह वे टाल नहीं सकीं। वे विदा लेने के लिए रणछोड़ मंदिर में गईं, पर पूजा में वे इतनी तल्लीन हो गईं कि वहीं उनका शरीर छूट गया। इस प्रकार 1573 ई. में द्वारका में ही श्रीकृष्ण की दीवानी मीरा ने अपनी देहलीला समाप्त की।


सुरेश बाबू मिश्रा
साहित्य भूषण, बरेली

## मां नंदादेवी भक्तों को सपने में देती हैं दर्शन

अल्मोड़ा में स्थित मां नंदा देवी का पावन मंदिर हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। यहां स्थापित मां नंदा देवी को शैलपुत्री का रूप माना जाता है। अल्मोड़ा की नंदा देवी चंद वंश राजाओं की कुलदेवी हैं, जो आज भी अपने भक्तों को सपने में दर्शन देती हैं और उनकी मनोकामना पूरी करती हैं। पुजारी तारा दत्त जोशी बताते हैं कि यह मंदिर प्राचीन काल का है और माता की मूर्ति की स्थापना इस प्रांगण में करीब 200 साल पहले की गई थी। इससे पहले नंदा देवी को मल्ला महल में पूजा जाता था। उसके बाद इस प्रांगण में माता की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। तब से लेकर आज तक यहां माता की पूजा-अर्चना की जाती है। उन्होंने बताया कि इस मंदिर में हर महीने हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं के द्वारा यह भी कहा जाता है कि माता ने उन्हें सपने में आकर दर्शन दिए, जिसके बाद वह इस मंदिर तक पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि चंद वंशज राज परिवार मां नंदादेवी को अपनी कुल देवी के रूप में पूजन करते है।

*-रमेश जड़ौत, अल्मोड़ा*

### 200 अशर्फियों को गलाकर हुई मंदिर की स्थापना

नंदादेवी मंदिर समिति संयोजक अर्जुन बिष्ट ने बताया कि 1670 में बाज बहादुर चंद बधानगढ़ से नंदादेवी की स्वर्ण प्रतिमा अल्मोड़ा लाए थे। 1699 में राजा ज्ञानचंद भी बधानकोट से एक स्वर्ण प्रतिमा अल्मोड़ा लाए। 1710 में राजा जगत चंद को बधानकोट विजय के अवसर पर नंदादेवी की प्रतिमा प्राप्त नहीं हुई, जिसके बाद उन्होंने अपने खजाने से 200 अशर्फियों को गलाकर नंदादेवी की प्रतिमा का निर्माण कराया और इन्हें मल्ला महल स्थित नंदादेवी मंदिर में प्रतिष्ठित कराया। जिस परिसर में वर्तमान नंदादेवी मंदिर स्थित है, वहां पर 1690-91 में तत्कालीन नरेश उद्योत चंद ने दो शिव मंदिर उद्योत चंद्रेश्वर और पार्वती चंद्रेश्वर बनाए। अंग्रेजी शासनकाल में 1815 में तत्कालीन कमिश्नर ट्रेल ने उन्हें उद्योत चंद्रेश्वर मंदिर में रखवा दिया। इसके बाद कमिश्नर ट्रेल उनकी आंखों की रोशनी अचानक काफी कम हो गई। कुछ लोगों की सलाह पर उन्होंने अल्मोड़ा आकर 1816 में नंदादेवी का मंदिर बनवाकर (वर्तमान मंदिर) वहां नंदादेवी की मूर्ति स्थापित कराई। उसके बाद उनके आंखों की रोशनी लौट आई।



### मंदिरों में खजुराहो कलाकृति

नंदादेवी मंदिर अल्मोड़ा की मंदिर की निर्माण शैली भी काफी पुरानी है। यहां उद्योत चंद्रेश्वर मंदिर की स्थापना 17 वीं शताब्दी के अंत में मानी जाती है। उद्योत चंद्रेश्वर मंदिर के ऊपरी हिस्से में एक लकड़ी का छज्जा है। मंदिर में बनी कलाकृति खजुराहो मंदिरों की तर्ज पर है। ये मंदिर संरक्षित श्रेणी में शामिल हैं।



### चंद वंशज करते हैं तांत्रिक पूजा

अल्मोड़ा में मां नंदा की पूजा-अर्चना तारा शक्ति के रूप में तांत्रिक विधि से करने की परंपरा है। पहले से ही विशेष तांत्रिक पूजा चंद शासक व उनके परिवार के सदस्य करते आए हैं। वर्तमान में चंद वंशज नैनीताल के पूर्व सांसद स्व. केसी सिंह बाबा का परिवार राजा के रूप में पूजा में बैठते हैं।

बोधकथा

## लालच का अंत

एक समय की बात है, एक छोटे से गांव में रामू नाम का किसान रहता था। वह बहुत मेहनती था, लेकिन उसकी एक बुरी आदत थी-उसे हमेशा और अधिक पाने की लालसा रहती थी, जो उसके पास था, उससे वह कभी संतुष्ट नहीं होता था। एक दिन खेत में काम करते हुए उसे जमीन के अंदर एक चमकती हुई सोने की मूर्ति मिली। रामू की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने सोचा, "अब तो मेरी किस्मत बदल गई।" वह मूर्ति को घर ले आया और उसे बेचकर बहुत सारा धन कमा लिया। अब उसके पास अच्छे कपड़े, बड़ा घर और ढेर सारी सुविधाएं थीं, लेकिन कुछ ही दिनों में उसका मन फिर असंतुष्ट हो गया। उसने सोचा, "अगर मुझे एक मूर्ति मिल सकती है, तो और भी मिल सकती हैं।" लालच में आकर वह रोज अपने खेत की खुदाई करने लगा। वह खेती पर ध्यान देना भूल गया।



दिन बीतते गए, खेत बर्बाद हो गया, फसल नष्ट हो गई और घर का खर्च भी बढ़ता गया, जो पैसा उसने मूर्ति से कमाया था, वह धीरे-धीरे खत्म होने लगा। अब रामू के पास न खेत बचा, न पैसा। एक दिन वह थककर बैठ गया और सोचने लगा, "मैंने क्या खो दिया?" तभी उसके गांव का एक बुजुर्ग उसके पास आया और बोला, "रामू, प्रकृति ने तुम्हें मेहनत से कमाने का रास्ता दिया था, लेकिन तुमने लालच में आकर उसे छोड़ दिया।" रामू को अपनी गलती समझ में आ गई। उसने फिर से अपने खेत को संवारना शुरू किया, मेहनत की और धीरे-धीरे उसकी हालत सुधरने लगी। अब उसने तय कर लिया कि वह जो मिलेगा, उसमें संतोष रखेगा और मेहनत से ही आगे बढ़ेगा। कथा से सीख मिलती है कि लालच इंसान को उसके मूल रास्ते से भटका देता है। सच्ची सफलता मेहनत और संतोष में ही छिपी होती है।

## मर्यादा, करुणा और आदर्श के शाश्वत प्रतीक श्रीराम

गोस्वामी जी ने लिखा है- विप्र धेनु सुर संत हित लीन्ह मनुज अवतार। उल्लेख मिलता है कि इक्ष्वाकु वंशीय, अयोध्या के चक्रवर्ती राजा दशरथ ने चौथेपन में पुत्र-प्राप्ति के लिए पुत्रेष्ठि यज्ञ किया, जिसके फलस्वरूप श्रीहरि के सातवें अवतार के रूप में श्रीरामचंद्र उनको पुत्र-रूप में प्राप्त हुए। एक मां के ममत्व की दृष्टि से रानी कौशल्या ने प्रगट हुए श्रीहरि के विशायकाय रूप को देखकर अनुरोध किया कि आप मेरे गर्भ से जन्म लेकर शिशु-लीला कीजिए। मेरे वात्सल्य-स्नेह की पूर्णता तो आपके बालरूप में ही प्राप्त होगी। इस संदर्भ में कौशल्या सहित अन्य समस्त नारी समाज के लिए भी यह अवसर उसके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और सार्थकता प्रदान करने वाला होता है, जब वह मां बनती हैं। तदनंतर श्रीहरि कौशल्या के गोद में नवजात शिशु की भांति चैत्र मास के शुक्ल पक्ष, तिथि नवमी, पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न की शुभ मुहूर्तबेला में जन्म लेते हैं। यही दिन चैत्र नवरात्रि के पवित्र दिवस (नवमी) शक्ति उपासना-आराधना के विराम का भी होता है।



रामकथा में वनवास- प्रसंग को मूलतः संसारी जीवों के अनेक उतार-चढ़ाव, उथल-पुथल और झंझावातों के बीच से संतुलन बनाकर निकलने के सांकेतिक निष्कर्ष के रूप में ही ग्रहण करना चाहिए, जिसे प्रभु राम भरपूर, सानंद जीते हैं तथा 14 वर्ष के दीर्घ अंतराल तक तापस-वेष में जंगल-जंगल घूमने वाले श्रीराम स्वयं में इस यथार्थ के प्रतीक हैं कि अपने-अपने हिस्से का वनवास तो सबको स्वयं ही काटना पड़ेगा। अपने हालात पर किसी को दोष न देना और सत्साहस से उसका मुकाबला करते हुए परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेने का सबक उन्हीं से सीखना चाहिए। कंटकाकीर्ण पथ पर आम और खास सब एक समान हैं। अपने कर्म व प्रारब्ध की गति पर पर सभी को तैयार रहना चाहिए, चाहे वह कोई भी हो।

रामजी के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण व ग्रहणीय पक्ष यही है कि आप जीवन को दीन-दुखियों, जरूरतमंदों और हाशिये पर जी रहे लाखों लोगों के लिए प्रेरक कैसे बन सकते हैं। उनको मुख्यधारा में लाकर सम्मानित जीवन का उजाला कैसे प्रदान कर सकते हैं। श्रीराम ने चौदह वर्ष के जंगल-प्रवास को इसी संकल्प के साथ जिया। चाहे वह केवटराज को अपने स्नेह से अत्यंत प्रिय बना लेना हो, चाहे जनम-जनम से हरिदर्शन की भूखी एकनिष्ठ स्नेही-शबरी की कुटिया में जाकर उनके जूठे बैर खाना हो या वानर जाति, जो एक से दूसरी शाखा पर उछलकूद करके जीवन गुजार देते हैं, उनसे मैत्री कर भार्या सीता की खोज व प्राप्ति का पूरा श्रेय उन्हें देने का हो। श्रीराम की यह भिन्न-भिन्न गुण, धर्म, जाति व संस्कृति के साथ सर्वग्राहकता अद्भुत और अनूठी है। राजा न होते हुए भी उन्होंने सबको एक मंच पर अन्याय के विरुद्ध एकत्र कर लिया। लंकाधिपति को अयोध्या या अन्य राजाओं की सैन्य मदद से भी परास्त किया जा सकता था, परंतु राम जी ने ऐसा नहीं किया। कारण स्पष्ट है उन्होंने बिखरी हुई जनशक्ति को सही दिशा दी। महाबली के घमंड को माटी में मिलाना गुणनिधान के उसी चिंतन का प्रतिफल है। राम रथविहीन हैं, वानरों की सेना के सहारे, तापस वेषधारी हैं, सैन्य साजोसामान से वंचित हैं, किंतु स्त्री-अस्मिता की लड़ाई के लिए जो साहस और इरादे की जरूरत होती है, उनमें भरी हुई है। संपूर्ण रामकथा को पढ़ाते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि वे अंतिम समय तक युद्ध को टालते के विकल्पों पर विचार विमर्श करते रहे। आज पूरी दुनिया युद्ध के मुहाने पर खड़ी है, चंद सिरफिरों के अहंकार और वर्चस्व की आग में खाड़ी के कई देश जल रहे हैं। ऐसे में राम का चरित्र, राम का आचरण और उनकी महानता से अहंकारी और लालची देशों को सबक लेना चाहिए कि उन्होंने जो अपनी ताकत इकट्ठा कर रखी है, वह दूसरे को भयभीत करने में नहीं, परस्पर सहयोग वह सामंजस्य में ही उसका सदुपयोग करें। हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम राजाओं-महाराजाओं के ऐश्वर्यवादी जीवन से दूर केवल एक पत्नीव्रती हैं। पत्नी को सुरक्षित कैद से मुक्ति दिलाने हेतु रावण के एक लाख पूत सवा लाख नाती, ता रावन घर दिया न बाती की कहावत को उन्होंने चरितार्थ किया। सत्य की इसी स्थापना की पूर्ति के लिए ही तो उनका अवतार हुआ था। वे तभी तो जन-जन के प्रिय और आदर्श बन गए। जानकी के कंठाभूषण और प्रजापालक ऐसे कि प्रजा के सवाल खड़ा करने पर बिना देर किए उसी प्राणबल्लभा जानकी को त्यागने मे तत्पर हो गए। यह किसी और राजा-महाराजा के वश की बात नहीं, प्रजा को प्राणों की तरह मानने वाले प्रभु राम प्राण-प्यारी माता सीता को भी निर्वासन देने में नहीं हिचके। वस्तुतः आज के समय में जो अपनी प्रजा (जनमानस) की आर्त-पुकार अनसुना कर दे, उसे श्रीराम को हृदयंगम करना चाहिए।




संतोष कुमार तिवारी
नैनीताल

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,696.39 | 22,512.65 |
| गिरावट | 1,836.57 | 601.85 |
| प्रतिशत में | 2.46 | 2.60 |

सोना 1,43,600 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,30,000 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, मंगलवार, 24 मार्च 2026
www.amritvichar.com

# कारोबार

## बरेली मंडी

### आंध्र में स्टील के इस्पात संयंत्र का शिलान्यास

**अनकापल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को अनकापल्ली जिले के नक्कापल्ली मंडल में आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस) के 1.36 लाख करोड़ रुपये के इस्पात संयंत्र की आधारशिला रखी। सरकार के अनुसार, 1.78 करोड़ टन सालाना क्षमता वाला यह संयंत्र 5,465 एकड़ में दो चरणों में स्थापित किया जाएगा और इससे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष करीब एक लाख रोजगार पैदा होंगे। पहले चरण में संयंत्र की क्षमता 73 लाख टन सालाना की होगी, दूसरे चरण में इसे बढ़ाकर 1.5 करोड़ टन किया जाएगा।

### स्वतंत्र निदेशक बिना सबूत आक्षेप न लगाएं

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक के गैर-कार्यकारी चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के अचानक इस्तीफे के कुछ दिन बाद भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को कहा कि स्वतंत्र निदेशकों से अपेक्षा की जाती है कि वे जिम्मेदारी से काम करें और बिना ठोस सबूत के कोई आक्षेप न लगाएं। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब चक्रवर्ती ने नैतिकता और मूल्यों से जुड़े मुद्दों का हवाला देते हुए देश के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक के गैर-कार्यकारी चेयरमैन के पद से इस्तीफा दे दिया था।

### वेदांता की याचिका पर सुनवाई कल तक टली

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने सोमवार को वेदांता समूह को आदेश दिया कि वह जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए अदाणी समूह की 14,535 करोड़ रुपये की बोली को मंजूरी देने वाले एनसीएलटी के आदेश को चुनौती देने वाली अपीलों में अदाणी समूह को भी पक्षकार बनाए। दो सदस्यीय पीठ ने वेदांता समूह को निर्देश दिया कि वह सफल समाधान आवेदक अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को दिन के अंत तक याचिका की प्रति उपलब्ध कराए।

## वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ा खतरा बन चुका है ईरान युद्ध: आईईए

### अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख बिरोल ने कहा- कोई देश इसके प्रभाव से नहीं बचेगा अछूता

**वेलिंगटन, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख फातिह बिरोल ने सोमवार को कहा कि ईरान युद्ध के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने बहुत बड़ा खतरा खड़ा हो गया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में नेशनल प्रेस क्लब को संबोधित करते हुए कहा, अगर यह संकट यूं ही आगे बढ़ता रहा तो कोई भी देश इसके प्रभाव से अछूता नहीं रहेगा।

बिरोल ने कहा कि पश्चिम एशिया का यह संकट 1970 के दशक के दो तेल संकटों और रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान गैस बाजारों पर पड़े प्रभाव से भी अधिक गंभीर असर डाल रहा है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब तेहरान पर सोमवार तड़के इजराइल ने हमलों की बौछार शुरू की। इस बीच, एक वरिष्ठ अमेरिकी सैन्य कमांडर ने ईरान के लोगों से फिलहाल शरणस्थलों में रहने को कहा है जबकि ईरान ने अपने खाड़ी पड़ोसी देशों पर हमले तेज कर दिए हैं और उनके बिजली संयंत्रों को निशाना बनाने की धमकी दी है। बिरोल ने बताया कि इस पूरे क्षेत्र में नौ देशों के 40 ऊर्जा प्रतिष्ठान गंभीर या बेहद गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह यूरोप और एशिया की सरकारों के साथ तेल भंडार को मुहैया करने की संभावना पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम बाजार की स्थिति पर नजर रखेंगे। अगर आवश्यकता पड़ी, तो हम निश्चित रूप से कदम उठाएंगे, लेकिन पहले हम हालात का विश्लेषण करेंगे और सदस्य देशों के साथ चर्चा करेंगे।



**नौ देशों के 40 ऊर्जा प्रतिष्ठान गंभीर या बेहद गंभीर रूप से हो चुके हैं क्षतिग्रस्त**

### महाराष्ट्र: रेस्तरांओं को पीएनजी आपूर्ति बढ़ी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पीएनजी की आपूर्ति 20 प्रतिशत बढ़ा दी गई है। राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि इससे रेस्तरां एवं भोजनालयों को राहत मिलेगी। मंत्री ने रविवार को कहा कि 23 मार्च से अगले आदेश तक व्यावसायिक पीएनजी आपूर्ति 20 प्रतिशत बढ़ने के साथ यह आपूर्ति 50 प्रतिशत हो जाएगी।

## भारतीय ध्वज वाले दो और जहाज होर्मुज पार करके भारत हुए रवाना

**नई दिल्ली।** भारतीय ध्वज वाले दो और एलपीजी टैंकर फारस की खाड़ी से निकलकर युद्धग्रस्त होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर चुके हैं और भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं। जहाज निगरानी से जुड़े आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। एलपीजी टैंकर पाइन गैस और जग वसंत सोमवार दोपहर को ईरान के लारक और क्वेशम द्वीपों के बीच के जलक्षेत्र के पास थे। दोनों एक-दूसरे के करीब चल रहे हैं। ये दोनों जहाज उन 22 भारतीय झंडे वाले जहाज में शामिल हैं जो पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से फारस की खाड़ी में फंस गए थे। जहाज ट्रैकिंग आंकड़ों से पता चला है कि ये दोनों जहाजों ने सोमवार को जलडमरूमध्य को पार कर लिया और भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ना शुरू कर दिया। इससे पहले, लगभग 92,712 टन एलपीजी ला रहे एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी सुरक्षित रूप से भारतीय तट पर पहुंच चुके हैं। यह देश की लगभग एक दिन की खाना पकाने की गैस की खपत के बराबर है।

### युद्ध क्षेत्र में अब भारतीय ध्वज वाले 24 जहाज इन पर 611 नाविक

युद्ध क्षेत्र में बचे हुए 24 भारतीय ध्वज वाले जहाजों में से 22 जलडमरूमध्य के पश्चिमी भाग में हैं, जिनमें 611 नाविक सवार हैं, जबकि दो पूर्वी भाग में हैं। पश्चिमी भाग में बचे हुए 22 भारतीय ध्वज वाले जहाजों में से छह एलपीजी वाहक हैं। इनमें से दो भारत के लिए रवाना हो चुके हैं। बाकी बचे जहाजों में से एक तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) टैंकर है, चार कच्चे तेल के टैंकर हैं, एक रासायनिक उत्पादों का परिवहन कर रहा है, तीन कंटेनर जहाज हैं और दो बल्क यानी थोक सामान की ढुलाई करने वाले हैं। इसके अतिरिक्त, एक ड्रेजर है, एक खाली है और तीन नियमित रखरखाव के लिए बंदरगाह पर हैं।

## पश्चिम एशिया संकट के बाद अमेरिका की नई व्यापार जांच से वैश्विक बाजारों में और बढ़ी अस्थिरता : रिजर्व बैंक

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और अमेरिका की ओर से नई व्यापार जांच के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ी है। भारतीय रिजर्व बैंक के बुलेटिन में प्रकाशित अर्थव्यवस्था की स्थिति पर लेख में कहा गया कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों से निपटने के लिए पर्याप्त है। वित्त 2025-26 के लिए जीडीपी के दूसरे अग्रिम अनुमान भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शाते हैं। अर्थव्यवस्था की स्थिति का संकेतक देने वाले आंकड़े फरवरी में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने का संकेत दे रहे हैं। बुलेटिन में कहा गया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई फरवरी में खाद्य और पेय पदार्थों की कीमतों के कारण बढ़ी।

## खरीफ सत्र से पहले देश में बाधित हो सकती है उर्वरक की आपूर्ति

- गैस संकट से प्रभावित यूरिया उत्पादकों ने सरकार से मांगी वित्तीय राहत

**नई दिल्ली।** भारतीय उर्वरक संघ (एफएआई) ने चेतावनी दी है कि उत्पादन में कमी और पैकेजिंग सामग्री की अलग से कमी के कारण महत्वपूर्ण खरीफ सत्र से पहले उर्वरक आपूर्ति बाधित हो सकती है। इसके साथ, एफएआई ने सरकार से गैस आपूर्ति में व्यवधान से प्रभावित यूरिया उत्पादकों को वित्तीय राहत प्रदान करने का आग्रह किया है। सरकार को लिखे पत्र में एफएआई ने मौजूदा भूराजनीतिक संकट से उत्पन्न असाधारण परिस्थितियों का हवाला देते हुए सीमित गैस आपूर्ति के तहत संचालित संयंत्रों के लिए ऊर्जा लागत प्रतिपूर्ति और जुर्माने में छूट की मांग की है।

## शेयर बाजार में निवेशकों के एक ही दिन डूबे 14.23 लाख करोड़

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को भारी गिरावट के कारण निवेशकों को एक ही दिन में 14.23 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान उठाना पड़ा। बीएसई के अनुसार, सोमवार की गिरावट से कुल बाजार पूंजीकरण 14,23,396 करोड़ रुपये घटकर 4,14,52,902 करोड़ रुपये रह गया जो पिछले साल 15 अप्रैल के बाद का निचला स्तर है।

पिछले कारोबारी दिवस पर 20 मार्च को कुल बाजार पूंजीकरण 4,28,76,298 करोड़ रुपये रहा था। शेयर बाजारों में सोमवार को प्रमुख सूचकांक निफ्टी-50 और सेंसेक्स ढाई प्रतिशत के करीब टूट गये। सेंसेक्स 21 महीने और निफ्टी-50 ग्यारह महीने से ज्यादा के निचले स्तर पर बंद हुआ। खास बात यह रही कि बिकवाली का दबाव चौतरफा रहा जिससे 10 प्रतिशत कंपनियां ही गिरावट से अछूती रहीं। शेयर बाजार में शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1,78,499 करोड़ रुपये घटकर 87,29,171 करोड़ रुपये रहा गया।



### युद्ध शुरू होने के बाद से निवेशकों की 48.29 लाख करोड़ रुपये घटी संपत्ति

पश्चिम एशिया युद्ध के 28 फरवरी को शुरू होने के बाद से बीएसई सेंसेक्स 8,590.8 अंक यानी 10.56 प्रतिशत गिरा, जबकि एनएसई का निफ्टी 2,666 अंक या 10.58 प्रतिशत नीचे आया। युद्ध शुरू होने के बाद से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 48.29 लाख करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज हुई और यह 415 लाख करोड़ रुपये पर आ गया है।

### रिजर्व बैंक ने जनवरी में शुद्ध रूप से 2.53 अरब डॉलर खरीदे

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने जनवरी में हाजिर मुद्रा बाजार से शुद्ध रूप से 2.53 अरब डॉलर की खरीदारी की। केंद्रीय बैंक ने अमेरिकी डॉलर की यह खरीद लगातार सात महीनों की शुद्ध डॉलर बिक्री के बाद की है। रिजर्व बैंक के सोमवार को जारी मासिक बुलेटिन के मुताबिक केंद्रीय बैंक ने ने पिछली बार मई 2025 में हाजिर मुद्रा बाजार से 1.76 अरब अमेरिकी डॉलर की खरीद की थी। इससे पहले दिसंबर में 10.02 अरब, नवंबर में 9.71 अरब, अक्टूबर में 11.88 अरब, सितंबर में 7.91 अरब, अगस्त में 7.69 अरब, जुलाई में 2.54 अरब, और जून में 3.66 अरब अमेरिकी डॉलर की शुद्ध बिक्री की। सकल आधार पर केंद्रीय बैंक ने जनवरी में 27.99 अरब अमेरिकी डॉलर की खरीद और 25.473 अरब अमेरिकी डॉलर की बिक्री की।



## गिरावट: सोना 9,050 रुपये टूटा, चांदी 10,500

**नई दिल्ली।** कमजोर घरेलू मांग और सुस्त वैश्विक रुझानों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 9,050 रुपये टूटकर 1.43 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि चांदी 10,500 रुपये की गिरावट के साथ 2.30 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार के 1,52,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 9,050 रुपये या लगभग छह प्रतिशत टूटकर सभी करों सहित 1,43,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। चांदी भी 10,500 रुपये या 4.36 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ सभी करों सहित 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।



## सेबी ने आईपीओ खुलासे के नियमों को बनाया सरल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- निवेशकों की सहूलियत के लिए पेश किया संक्षिप्त विवरण पुस्तिका का मसौदा

बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के दस्तावेजों को सरल और मानकीकृत बनाने के लिए 'संक्षिप्त विवरण पुस्तिका का मसौदा' पेश किया है। इस कदम का उद्देश्य निर्गम संबंधी जानकारियों को निवेशकों के लिए अधिक सुलभ और समझने में आसान बनाना है।

अब सार्वजनिक निर्गम लाने वाली कंपनियों को अपने विस्तृत प्रस्ताव दस्तावेजों के साथ इस संक्षिप्त विवरण पुस्तिका को भी जमा करना अनिवार्य होगा। नियामक ने कहा कि इस दस्तावेज में कंपनी के कारोबारी मॉडल, वित्तीय विवरण, प्रवर्तकों, जोखिम कारकों और मुख्य प्रदर्शन संकेतकों जैसी महत्वपूर्ण जानकारी अत्यंत सरल प्रारूप में प्रस्तुत की जाएगी। सेबी द्वारा 16 मार्च को जारी अधिसूचना के अनुसार, इस संक्षिप्त मसौदे को निर्गम जारी करने वाली कंपनी, नियामक, उन शेयर बाजारों जहां प्रतिभूतियां सूचीबद्ध होनी हैं, और निर्गम से जुड़े मुख्य प्रबंधकों की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

नियामक ने यह भी निर्देश दिया है कि कंपनियां आवेदन पत्रों और विज्ञापनों में 'क्यूआर कोड' और लिंक उपलब्ध कराएं, ताकि निवेशक विवरण पुस्तिका और मूल्य सीमा की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकें। सूचनाओं की स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए सेबी ने शब्द सीमा भी तय की है। कंपनी के प्राथमिक व्यवसाय का सारांश 500 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए। उद्योग के अवलोकन के लिए 250 शब्द और प्रत्येक प्रवर्तक की पृष्ठभूमि व योग्यता के ब्योरे के लिए अधिकतम 100 शब्द तय किए गए हैं।

## सीएनजी में 20% सीबीजी मिश्रण करने का सुझाव

**नई दिल्ली।** भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) ने दिल्ली सरकार को सुझाव दिया है कि वह संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) में संपीड़ित बायोगैस के 20 प्रतिशत तक मिश्रण को अपनाए। इससे गैस से चलने वाले वाहनों को कॉर्बन निरपेक्षता के करीब ला सकता है। एक बयान में, आईबीए ने बताया कि हालांकि बिजलीचालित वाहन (ईवी) की स्वीकार्यता बढ़ रही है, लेकिन समग्र वाहन बेड़े में ईवी की पहुंच सीमित है।

## एफडीआई में 2% से ज्यादा होगी चीन की हिस्सेदारी

**मुंबई, एजेंसी**

सरकार की ओर से 'प्रेस नोट 3' में किए गए संशोधनों से भारत में आने वाले कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में चीन की हिस्सेदारी बढ़कर फिर से दो प्रतिशत के स्तर पर पहुंच सकती है। प्रेस नोट 3 लागू होने से पहले यह इसी स्तर पर था।

क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट में कहा गया है कि नियमों में बदलाव से कुल एफडीआई में चीनी निवेश का हिस्सा दो प्रतिशत से अधिक होने की उम्मीद है। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2014 से 2019 के बीच हांगकांग सहित चीन से होने वाला कुल एफडीआई प्रवाह भारत के कुल निवेश का लगभग दो प्रतिशत था। हालांकि, प्रेस नोट 3 के नए नियम लागू होने के बाद यह घटकर मात्र 0.27 प्रतिशत रह गया था। रिपोर्ट के अनुसार, नियमों में ढील दिए जाने से लंबित प्रस्तावों का रास्ता साफ होने की उम्मीद है। इससे अल्पावधि में चीन और हांगकांग से निवेश में तेजी आ सकती है।



- क्रिसिल का केंद्र की ओर से प्रेस नोट 3 में बदलाव के बाद दावा

सरकार के इस कदम से भारत में एफडीआई प्रवाह तेज होने, घरेलू क्षमताओं के मजबूत होने और आयात पर निर्भरता कम होने की संभावना है। सरकार ने अप्रैल, 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय कंपनियों के अवसरवादी अधिग्रहण को रोकने के लिए ये नियम लागू किए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूंजीगत वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों और पॉलीसिलिकॉन जैसे क्षेत्रों के लिए मंजूरी की समयसीमा 60 दिन तय किए जाने से भारतीय और चीनी फर्म के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, प्रेस नोट 3 के तहत 75,691 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनमें से केवल 13,625 करोड़ रुपये को ही मंजूरी मिली थी।

## कोयला कारोबार में मुनाफाखोरी पर रोक लगाएं राज्य: केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र ने राज्यों को निर्देश दिया है कि वे पश्चिम एशिया संकट के कारण छोटे कोयला खुदरा विक्रेताओं को मुनाफाखोरी करने से रोकें, क्योंकि वैश्विक ऊर्जा व्यवधानों से घरेलू ईंधन बाजार पर असर पड़ने का खतरा है।

कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा, हमारे सचिव (कोयला) ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों से बात की है। मैंने कल मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है। कोयले की कोई कमी नहीं है और घरेलू कोयले की कीमतों में वृद्धि की कोई गुंजाइश नहीं है। मंत्री ने कहा कि अगर कोयले की कीमतें बढ़ती हैं तो कार्रवाई करना राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, हमने राज्यों से कोयले की कीमतों पर नजर रखने और खुदरा विक्रेताओं को मौजूदा संकट से लाभ नहीं उठाने देने को कहा है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कोयले की कीमतें नहीं बढ़नी चाहिए।

## निर्यात पर घरेलू कर, शुल्क छूट की पुरानी दरें बहाल

**पश्चिम एशिया संकट**

**नई दिल्ली।** सरकार ने पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न चुनौतियों के बीच निर्यातकों की मदद के लिए निर्यात माल को शुल्कों और करों से छूट देने की योजना आरओडीटीईपी के अंतर्गत पुरानी दरों को तत्काल प्रभाव से बहाल करने का निर्णय किया है। इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

इस फैसले से शुल्क और करों में छूट की गत 22 फरवरी तक लागू दरें और मूल्य सीमा पुनः प्रभावी हो गयी हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों के कारण समुद्री लॉजिस्टिक्स में चुनौतियाँ उत्पन्न हुई हैं, जिनमें मार्ग और पारगमन पैटर्न में परिवर्तन शामिल हैं। इनका प्रभाव इस क्षेत्र में या इसके माध्यम से जाने वाले निर्यात माल के लिए लॉजिस्टिक्स लागत और जहाज से माल भेजने के कार्यक्रम पर पड़ा है।

## मानक बॉन्ड प्रतिफल 14 महीने के उच्च स्तर पर

**कच्चे तेल की महंगाई**

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भारतीय मानक बॉन्ड प्रतिफल सोमवार को 14 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया। सोमवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे 10 वर्षीय सरकारी बॉन्ड का प्रतिफल 6.8173 प्रतिशत रहा जबकि शुक्रवार को यह 6.737 प्रतिशत पर बंद हुआ था।

बाजार भागीदारों से संकलित आंकड़ों के अनुसार यह 14 जनवरी 2025 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। एरीटे कैपिटल (चॉइस समूह) में उपाध्यक्ष माताप्रसाद पांडे ने कहा, अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से कच्चे तेल की कीमत 110 डॉलर बैरल से ऊपर जाने के बाद बॉन्ड प्रतिफल बढ़ रहा है। जनवरी-फरवरी में सरकारी बॉन्ड के शुद्ध खरीदार रहे विदेशी संस्थागत निवेशक मार्च में शुद्ध विक्रेता बन गए हैं।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



## पश्चिम बंगाल: ओवैसी-हुमायूं के गठबंधन से मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण की आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**विपक्ष ने ओवैसी पर लगाया भाजपा की मदद करके धर्मनिरपेक्ष ताकतों को कमजोर करने का आरोप**

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के गठबंधन की विपक्ष ने कड़ी आलोचना करते हुए इस गठबंधन से वोट बंटने और विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में धर्मनिरपेक्ष दलों के कमजोर होने की आशंका जताई है। विपक्ष के नेताओं ने ओवैसी को घेरते हुए कहा है कि उनकी पार्टी असल में भाजपा की मदद करना चाहती है।

एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी ने हुमायूं कबीर की आम जनता उन्नयन पार्टी के साथ गठबंधन किया है। राज्य की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 23 और 29 अप्रैल को होगा, जबकि मतगणना चार मई को होगी। तृणमूल सांसद सौगत रॉय ने इस गठबंधन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि इससे मुस्लिम समाज अलग-थलग पड़ सकता है। उन्होंने कहा, ओवैसी की पार्टी वास्तव में भाजपा की मदद करना चाहती है, लेकिन इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। उनके पास ताकत नहीं है और उन्हें वोट नहीं मिलेंगे।

कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने धर्मनिरपेक्ष ताकतों को कमजोर करने का ठेका ले रखा है।

कांग्रेस के एक अन्य सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने कहा कि गठबंधन करना राजनीतिक फैसला है, लेकिन ध्यान सांप्रदायिक ताकतों को हराने पर होना चाहिए। उन्होंने कहा, कौन किससे गठबंधन करता है, यह उनका मामला है। लेकिन हमारा लक्ष्य सांप्रदायिक ताकतों को हराना है और इसके लिए कांग्रेस लगातार काम करती रहेगी। शिवसेना (उबाठा) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने आरोप लगाया कि एआईएमआईएम अक्सर भाजपा की मदद करती है। जब भी भाजपा मुश्किल में होती है, वह एआईएमआईएम को बुलाती है, जो उसके ''स्पीड डायल'' पर रहती है। पार्टी उसे चुनाव में उतरने और जीत दिलाने के लिए आमंत्रित करती है। झारखंड मुक्ति मोर्चा की सांसद महुआ माझी ने एआईएमआईएम को भाजपा की "बी-टीम" बताया और आरोप लगाया कि वह चुनाव में सिर्फ विपक्ष के वोट बांटने के लिए उतरती है, जिससे भाजपा को फायदा होता है। यह हर जगह हो रहा है।

### आचार संहिता: 181 करोड़ कैश, शराब जब्त

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सभी 294 विधानसभा सीटों पर आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है और अब तक करीब 181 करोड़ रुपये की नकदी, शराब, मादक पदार्थ और अन्य सामग्री जब्त की जा चुकी है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होंगे, जबकि मतगणना चार मई को होगी।




कोलकाता में चुनाव प्रचार करती तृणमूल प्रत्याशी श्रेया पांडेय।

### असम : झामुमो की सूची में 21 प्रत्याशी

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने असम विधानसभा चुनाव के लिए अपने 21 उम्मीदवारों की सूची सोमवार को जारी की। झामुमो क्षेत्रीय पार्टी की छवि को मिटाकर एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के रूप में उभरना चाहता है। पार्टी का उद्देश्य चाय बागानों में काम करने वाली जनजाति के लगभग 70 लाख लोगों को अपने पक्ष में करना है, जिनमें से कई लोगों की जड़ें झारखंड से जुड़ी हुई हैं। झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडे ने बताया, विस्तृत विचार-विमर्श के बाद, पार्टी ने असम की 126-सदस्यीय विधानसभा के चुनावों के लिए 21 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

### गोगोई ने जोरहाट सीट से भरा पर्चा

**जोरहाट।** कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने सोमवार को जोरहाट सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। गोगोई राज्य विधानसभा चुनाव में पहली बार किस्मत आजमा रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के उपनेता गोगोई ने जोरहाट स्टेडियम से रैली शुरू करने से पूर्व विभिन्न धार्मिक स्थलों का दौरा किया। लगभग तीन घंटे बाद इस रैली का समापन जिला आयुक्त कार्यालय पर हुआ। रैली में बड़ी संख्या में समर्थक शामिल हुए। गोगोई नजीर अली क्षेत्र स्थित अपने पैतृक आवास पर भी पहुंचे और अपने पिता एवं असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई की तस्वीर के समक्ष खड़े होकर प्रार्थना की।

### पुडुचेरी में रंगासामी कैबिनेट के दो मंत्रियों को नहीं मिला टिकट

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी में सत्तारूढ़ ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) ने बड़ा फैसला लेते हुए अपने दो मौजूदा मंत्रियों को टिकट नहीं दिया है।

मुख्यमंत्री एन. रंगासामी के नेतृत्व वाली सरकार में लोक निर्माण विभाग मंत्री के. लक्ष्मीनारायणन और कृषि मंत्री थेनी जयकुमार को इस बार चुनाव मैदान में नहीं उतारा गया है। सूत्रों के अनुसार, लक्ष्मीनारायणन की राजभवन सीट एनडीए गठबंधन में भाजपा को दे दी गई है। जयकुमार की मंगालम सीट से रंगासामी चुनाव लड़ेंगे।

### पुडुचेरी : नामांकन के आखिरी दिन तक द्रमुक-कांग्रेस में सीट बंटवारे पर गतिरोध

**पुडुचेरी।** केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन सोमवार को द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) और कांग्रेस के बीच इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर जारी बातचीत अब तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी। चेन्नई में रविवार से शुरू हुई मैराथन बैठकें सोमवार तड़के तक चलीं लेकिन बिना किसी निष्कर्ष समाप्त हो गईं। हालांकि दोनों दलों ने गठबंधन जारी रखने पर सहमति जताई है। स्थिति को देखते हुए दोनों दलों के संभावित उम्मीदवार सोमवार दोपहर तीन बजे तक सभी 30 सीटों पर नामांकन दाखिल करेंगे। बाद में 26 मार्च तक, जो नामांकन वापसी की अंतिम तिथि है, आपसी सहमति बनने पर उम्मीदवार पर्चे वापस ले सकते हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### मिसाइल का मलबे से एक भारतीय घायल

**दुबई।** अबूधाबी के अल शवामेख इलाके में हवा में मार गिराई गई मिसाइल का मलबा गिरने से एक भारतीय नागरिक मामूली रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि हवाई रक्षा प्रणाली ने आती हुई मिसाइल पर हमला किया, जिसके बाद आपात टीमों ने कदम उठाया। इसके बाद मिसाइल का मलबा रिहाइशी इलाके पर गिर गया। अबूधाबी के मीडिया कार्यालय ने एक्स पर कहा कि हवाई रक्षा प्रणाली द्वारा एक बैलिस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक मार गिराए जाने के बाद उसका मलबा अल शवामेख क्षेत्र में गिर गया। इस घटना में एक भारतीय नागरिक को मामूली चोट आई।

### पांच पूर्व सैनिकों को वेटरन अचीवर्स अवार्ड

**नई दिल्ली।** थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अपनी भोपाल यात्रा के दौरान पांच प्रतिष्ठित पूर्व सैनिकों को 'वेटरन अचीवर्स अवार्ड' से सम्मानित किया। पुरस्कार विजेताओं, ब्रिगेडियर अवधेंद्र प्रताप सिंह (सेवानिवृत्त), कर्नल एमके तिवारी (सेवानिवृत्त), मानद सूबेदार मेजर डीके सेन (सेवानिवृत्त), नायब सूबेदार जीएस मेहता (सेवानिवृत्त) और नायक एलएस राठौड़ (सेवानिवृत्त) को विभिन्न क्षेत्रों में उनके निरंतर योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### हवाई में 2,000 लोग बिजली से वंचित

**होनोलूलू।** हवाई द्वीप पर भारी बारिश के बाद आई भीषण बाढ़ के कारण रविवार अपराह्न तक 2,000 से अधिक लोग बिजली आपूर्ति से वंचित रहे। यह बाढ़ 20 से अधिक वर्षों में आई सबसे भीषण बाढ़ बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, एक सप्ताह पहले आए शीतकालीन तूफान की बारिश से पहले से ही अत्यधिक गीली मिट्टी पर भारी वर्षा हुई जिससे उफनता पानी घरों और कई कारों को बहा ले गया।

### नेपाल के बाझंग में 4.1 तीव्रता का भूकंप

**काठमांडू।** नेपाल के सुदूरपश्चिम प्रांत में सोमवार की दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसकी तीव्रता 4.1 मापी गयी। भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, सोमवार को दोपहर बाद 1:14 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र बाझंग के रायल क्षेत्र के पास स्थित था। बाझंग के पड़ोसी जिले बाजुरा और बैताडी समेत पड़ोसी जिलों में भी झटका लगा।

# फारस की खाड़ी में बारूदी सुरंगें बिछाने की ईरान ने दी धमकी

- तटवर्ती इलाकों अथवा द्वीपों पर हमलों को लेकर चेताया

तेहरान, एजेंसी

ईरान ने सोमवार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसके तटवर्ती इलाकों या द्वीपों पर हमला होता है तो वह फारस की खाड़ी में महत्वपूर्ण संचार मार्गों पर बारूदी सुरंगें बिछा देगा। ईरान की राष्ट्रीय रक्षा परिषद ने कहा कि उसके क्षेत्र को निशाना बनाने के किसी भी प्रयास के परिणामस्वरूप फारस की खाड़ी में सभी संचार लाइनों में बारूदी सुरंगें बिछा दी जाएंगी।

उसने यह भी कहा कि जहाज केवल तेहरान के समन्वय से ही होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर सकेंगे। बयान में कहा गया कि दुश्मन द्वारा ईरानी तटों या द्वीपों पर हमला करने के किसी प्रयास के बाद स्वाभाविक रूप से और सामान्य सैन्य अभ्यास के अनुसार फारस की खाड़ी और तटों के सभी पहुंच मार्गों एवं संचार लाइनों को विभिन्न प्रकार की नौसैनिक बारूदों से भर दिया जाएगा, जिसमें तैरती बारूदें भी शामिल हैं जिन्हें तटों से छोड़ा जा सकता है। ईरान ने कहा, ऐसे में, पूरे फारस की खाड़ी क्षेत्र में लंबे समय तक होर्मुज जलडमरूमध्य जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। इस बार, होर्मुज के साथ पूरा फारस की खाड़ी क्षेत्र व्यावहारिक रूप से अवरुद्ध हो जाएगा और इसकी जिम्मेदारी धमकी देने वाले पक्ष की होगी। इस बीच, अमेरिका कथित तौर पर ईरान के खार्ग द्वीप पर कब्जा करने योजनाओं पर विचार कर रहा है।

## खाड़ी के समुद्र में बारूदी सुरंग

दुनिया आज जिस डिजिटल युग में जी रही है, उसकी असली रीढ़ ज़मीन पर नहीं, बल्कि समुद्र की अतल गहराइयों में बिछी है। वैश्विक इंटरनेट ट्रैफिक का लगभग 95% से अधिक हिस्सा इन्हीं सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल्स के जरिए एक से दूसरे महाद्वीप तक जाता है। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर से गुजरने वाली इन केबलों को निशाना बनाने की धमकी दी है। उसने केबिल काटने की चेतावनी दी है। विशेष रूप से गूगल की ब्लू-रमन परियोजना इस समय चर्चा के केंद्र में है। इधर ईरान ने भी अपने तटीय इलाकों और द्वीपों पर हमलों को लेकर फारस की खाड़ी में केबल के ऊपर बारूदी सुरंगें लगाने की चेतावनी दी है। यदि ऐसा हुआ तो दुनिया को डिजिटल ब्लैकआउट का सामना करना पड़ेगा। वित्तीय आदान-प्रदान पर भी इसका असर पड़ेगा।

## डिजिटल ब्लैकआउट का खतरा



### उपयोग और महत्व

- समुद्र के रास्ते आ रहीं यह केबल केवल 'यूट्यूब' देखने के लिए नहीं है, बल्कि इसके उपयोग बहुत व्यापक है।
- अत्यधिक डेटा क्षमता : यह केबल 218 टेराबिट्स प्रति सेकंड से अधिक की क्षमता रखती है। यह इतनी गति है कि एक सेकंड में हज़ारों हाई-डेफिनिशन फिल्में डाउनलोड की जा सकती हैं।
- क्लाउड कंप्यूटिंग : गूगल क्लाउड, माइक्रोसॉफ्ट एज़्योर और अमेज़न एडब्ल्यूएस जैसी सेवाएं इसी केबल पर निर्भर हैं। दुनिया की बड़ी कंपनियों का डेटा इसी रास्ते से सफर करता है। ● वित्तीय लेनदेन : अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग और शेयर बाज़ारों के बीच रीयल-टाइम डेटा ट्रांसफर के लिए ये केबलें अनिवार्य हैं।

### केबल कटने का दुनिया पर असर

● डिजिटल ब्लैकआउट : एशिया और यूरोप के बीच इंटरनेट की गति 25% से 40% तक गिर सकती है। ● आर्थिक नुकसान : एक अनुमान के अनुसार, महत्वपूर्ण केबल कटने से वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रति घंटे लाखों डॉलर का नुकसान हो सकता है। ● ई-कॉमर्स और बैंकिंग ठप : ऑनलाइन भुगतानसेवा धीमी हो सकती हैं, जिससे व्यापारिक लेनदेन रुक सकते हैं।

### दुनिया के पास क्या हैं समाधान

● रूट डायवर्सिफिकेशन : गूगल की 'ब्लू-रमन' केबल परियोजना की तरह नए रास्ते तलाशे जा रहे हैं जो विवादित क्षेत्रों (जैसे लाल सागर) से दूर हों। ● गहरी केबल बिछाना : केबलों को समुद्र की सतह से बहुत नीचे (8000 मीटर तक) दबाया जा रहा है ताकि जहाजों के लंगर या छोटे विस्फोट उन तक न पहुँच सकें। ● सैटेलाइट इंटरनेट : स्टारलिंक जैसे नेटवर्क को बैकअप के रूप में देखा जा रहा है।

### चोक प्वाइंट

● लाल सागर एक ऐसा चोकपॉइंट है जहां दुनिया की प्रमुख केबलें गुजरती हैं। यहाँ किसी भी प्रकार का व्यवधान न केवल इंटरनेट की गति को धीमा करेगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था, शेयर बाज़ार और बैंकिंग सेवा को पंगु बना सकता है।

### भारत के पास क्या हैं विकल्प

- मल्टीपल गेटवे : भारत केवल लाल सागर पर निर्भर नहीं है। भारत के पास सिंगापुर के रास्ते (पूर्व की ओर) जाने वाली केबलें भी हैं, जैसे मिस्ट और लेक्स।
- जियो की पहल : जियो अपनी आईईएक्स (इंडिया-यूरोप एक्सप्रेस) केबल बिछा रहा है, जो यूरोप को सीधे भारत से जोड़ती है और इसमें सुरक्षा के उन्नत उपाय किए गए हैं।
- स्वदेशी लैंडिंग स्टेशन : सरकार मुंबई, चेन्नई के अलावा नए लैंडिंग स्टेशन बना रही है ताकि डेटा ट्रैफिक को बांटा जा सके।

# गहरी सामाजिक दरारों के माध्यम से विकसित भारत का लक्ष्य संभव नहीं

## सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां

- देश में यूएपीए के अत्यधिक इस्तेमाल पर जताई चिंता

नई दिल्ली/बेंगलुरु, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां ने कहा है कि असहमति को अपराध घोषित करने, आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत अंधाधुंध गिरफ्तारियों और गहरी सामाजिक दरारों के माध्यम से 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता है।

रविवार को बेंगलुरु में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन में न्यायमूर्ति भुइयां ने उच्च न्यायपालिका में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व पर अफसोस व्यक्त किया। उन्होंने इसकी तुलना देश भर में जिला न्यायपालिका में न्यायिक अधिकारियों के पदों पर 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की नियुक्ति से की। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा लेकिन क्या संवैधानिक अदालतों में भी यही प्रणाली लागू हुई है? सवाल यही है। यहीं पर कॉलेजियम प्रणाली की जांच पड़ताल का महत्व सामने आता है। ऐसा क्यों है कि जब मूल्यांकन व्यक्तिपरक हो जाता है, तो महिलाएं उस स्तर तक नहीं पहुंच पातीं? उन्होंने कहा कि 1950 से अब तक उच्चतम न्यायालय के 287 न्यायाधीशों में से कुल मिलाकर केवल 11 महिला न्यायाधीश रही हैं। ऐसा क्यों? फातिमा बीवी से लेकर अब न्यायमूर्ति नागरत्ना तक, यह आंकड़ा लगभग दो प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि कॉलेजियम के व्यक्तिपरक मूल्यांकन मानदंडों के अनुसार, बहुत कम लोगों का ही उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में चयन होता है।

गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के इस्तेमाल के संबंध में गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए, उन्होंने 2019 से 2023 तक के आंकड़ों का हवाला दिया और कहा कि सही मायने में विकसित राष्ट्र को राजनीतिक नारों के बजाय संवैधानिक मूल्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि यूएपीए के तहत कम दोषसिद्धि दर कानून के दुरुपयोग को नहीं तो अत्यधिक उपयोग को दर्शाती है।" यूएपीए के तहत गिरफ्तार किए गए लोगों के 2019 से 2023 तक के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन दोषसिद्धि दर लगभग पांच प्रतिशत है।



### अदालतों में लैंगिग प्रतिनिधित्व में हो समानता

न्यायमूर्ति ने कहा कि अदालतों में महिला जजों की संख्या बेहद अपर्याप्त है, 25 उच्च न्यायालयों में से केवल तीन। उन्होंने कहा कि मेरे शोध से पता चलता है कि जब भी भर्ती प्रक्रिया वस्तुनिष्ठ होती है, तो न्यायिक क्षेत्र में अधिक महिलाएं प्रवेश करती हैं। जब भारत एक विकसित राष्ट्र (विकसित भारत 2047) बनेगा, तब न्यायपालिका में लैंगिक प्रतिनिधित्व में अधिक समानता होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय ऐसा स्थान होना चाहिए, जो वास्तव में देश की विविधता को दर्शाए। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा कि विकसित देशों में बहस और असहमति के लिए अधिक गुंजाइश होनी चाहिए। बहस को अपराध नहीं माना जाना चाहिए।

### अधिकांश गिरफ्तारियां तो की गईं पर दोष साबित नहीं किया जा सका

न्यायाधीश ने कहा कि इससे लगातार कम दोषसिद्धि दर दिखती है। इससे क्या संकेत मिलता है? दुरुपयोग नहीं, तो अत्यधिक इस्तेमाल का, और आपराधिक न्याय प्रणाली पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है? इससे अदालतों पर कितना बोझ पड़ता है? इससे पता चलता है कि अधिकांश लोगों को गिरफ्तार तो किया गया, लेकिन उन्हें दोषी साबित नहीं किया जा सका। इससे संकेत मिलता है कि कई गिरफ्तारियां समय से पहले और पर्याप्त सबूतों के अभाव में की गईं। उच्च न्यायपालिका में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व पर उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों में उनकी संख्या केवल 14 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि 25 उच्च न्यायालयों में से केवल दो में महिला मुख्य न्यायाधीश हैं- गुजरात और मेघालय। एक महीने में एक और महिला मुख्य न्यायाधीश बन जाएंगी।

## शीर्ष कोर्ट के गुंबद पर राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न लगाने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें उसकी इमारत के गुंबद पर राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न लगाने का अनुरोध किया गया था। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि इस मुद्दे पर प्रशासनिक स्तर पर विचार किया जाएगा। पीठ ने उच्चतम न्यायालय के महासचिव से कहा कि वे उचित नोट सक्षम प्राधिकारी के सामने पेश करें। पीठ बी. वेणुगोपाल की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के नए परिसर का निर्माण हो रहा है, जहां इस तरह की वास्तु पर ध्यान दिया जाएगा।

# प्री परीक्षा के बाद यूपीएससी जारी करेगा अस्थायी कुंजी

- सिविल सेवा परीक्षा को लेकर सरकार ने दी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा में सरकार ने सोमवार को बताया कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा आयोजित करने के बाद अपनी वेबसाइट पर अस्थायी उत्तर कुंजी जारी करने के लिए दिशानिर्देश तैयार कर लिए हैं।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) आदि के लिए अधिकारियों के चयन हेतु प्रतिवर्ष तीन चरणों - प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार - में सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है। कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक प्रश्न में लिखित उत्तर में उच्च सदन को बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले के अनुपालन में, यूपीएससी ने प्रारंभिक परीक्षा आयोजित करने के बाद अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अस्थायी उत्तर कुंजी जारी करने के लिए दिशानिर्देश तैयार कर लिए हैं। सिंह ने कहा कि यह प्रक्रिया, जो 2026 की सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा से लागू होगी, यूपीएससी द्वारा आयोजित सभी संरचित परीक्षाओं पर लागू होगी। मंत्री ने कहा, "प्रारंभिक परीक्षा के अंक अंतिम परिणाम घोषित होने के बाद ही जारी किए जाएंगे।" उन्होंने कहा कि वैकल्पिक विषयों में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए, यूपीएससी अंतर-विषय मॉडरेशन लागू करता है ताकि किसी भी उम्मीदवार को, चाहे उसने कोई भी वैकल्पिक विषय चुना हो।

## मुंबई में फेरीवालों, सहायकों की पहचान का होगा सत्यापन

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को बृहन्मुंबई महानगरपालिका और पुलिस को सभी फेरीवालों तथा उनके सहायकों की पहचान का गहन सत्यापन करने का निर्देश दिया और कहा कि यदि कोई व्यक्ति अवैध प्रवासी पाया जाता है, तो संबंधित अधिकारी उसे वापस भेजने समेत कानून के अनुसार कार्रवाई करें। न्यायमूर्ति ए. एस. गडकरी और न्यायमूर्ति कमल खाटा की पीठ ने कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। इन याचिकाओं में महानगर में फुटपाथ और सड़कों पर अवैध व अनधिकृत फेरीवालों के कब्जे की वजह से पैदल चलने वालों और वाहनों को हो रही परेशानी को लेकर चिंता जताई गई थी। अदालत ने बीएमसी को निर्देश दिया कि वह सड़कों और फुटपाथों पर स्थित सभी दुकानदारों की व्यापक जांच करे, यह भी सुनिश्चित करे कि ये दुकानें पैदल यात्रियों या वाहनों की आवाजाही में बाधा न बनें। कहा, महानगरपालिका और पुलिस फेरी लगाने वाले, उनके सहायक के रूप में काम करने वालों की पहचान, उनकी भी जिन पर गैर भारतीय होने का आरोप है, का पूरी तरह से सत्यापन करें।।

# हिरासत में मौत मामले में नौ पुलिसकर्मी दोषी करार

- तमिलनाडु के मदुरै जिले में साल 2020 में हुई थी घटना

मदुरै, एजेंसी

तमिलनाडु के मदुरै जिले की एक स्थानीय अदालत ने सोमवार को प्रदेश के थूथुकुडी जिले के साथनकुलम में 2020 में एक व्यक्ति और उसके बेटे को हिरासत में यातना देने के मामले में सभी नौ आरोपी पुलिसकर्मियों को दोषी करार दिया।

पुलिस हिरासत में यातना के बाद पिता-पुत्र की मौत हो गयी थी। प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश जी मुथुकुमारन ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने आरोप साबित कर दिया है और पुलिसकर्मियों को दोषी पाया गया है। न्यायाधीश ने कहा कि दोषी पुलिसकर्मियों को 30 मार्च को सजा सुनाई जाएगी। मोबाइल फोन की दुकान के मालिक पी जयराज (59) और उनके बेटे जे बेनिक्स (31) को कोरोना वायरस महामारी के प्रसार को रोकने के नियमों के कथित उल्लंघन के संबंध में 19 जून 2020 को साथनकुलम पुलिस थाने ले जाया गया था। कोविलपट्टी उप-जेल में हिरासत के दौरान कथित क्रूर यातना दिये जाने के बाद पिता और पुत्र की 23 जून को मृत्यु हो गई। इस मामले में पुलिस निरीक्षक एस श्रीधर, उपनिरीक्षक के बालकृष्णन, पी रघुगणेश, मुख्य आरक्षी एस मुरुगन और ए समीदुराई समेत 10 पुलिसकर्मियों पर हत्या का आरोप था। इसकी शुरुआती जांच सीबी-सीआईडी ने की थी, जिसे बाद में सीबीआई ने अपने हाथ में ले लिया। इस घटना के कारण उस वक्त राज्य में भारी जनाक्रोश फैल गया था। इस मामले में 105 गवाह थे।

## एनसीबी हिरासत में बीएसएफ के कांस्टेबल की मौत

**चंडीगढ़/अमृतसर।** बीएसएफ के एक कांस्टेबल की स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की हिरासत में मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि उसके साथ बेहरमी से मारपीट की गई। बीएसएफ कांस्टेबल जसविंदर सिंह को एक मामले में पूछताछ के सिलसिले में तीन मार्च को जम्मू से पकड़ा गया था, जिनकी शुक्रवार रात अमृतसर में इलाज के दौरान मौत हो गई। अमृतसर के मकबूलपुरा थाना प्रभारी जसजीत सिंह ने बताया कि एनसीबी एक मामले की जांच कर रहा था और कांस्टेबल की हालत अचानक बिगड़ने के बाद उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है। शनिवार को अमृतसर सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम किया गया। मां गुरमीत कौर ने रविवार को बताया कि उनका बेटा छुट्टी पर घर आया था और तीन मार्च को एनसीबी की जम्मू इकाई उसे अपने साथ ले गई।

# न्यूयॉर्क में रनवे पर विमान हादसा पायलट व सह पायलट की मौत

- न्यूयॉर्क के ला गार्डिया हवाई अड्डे पर ट्रक से भिड़ी उड़ान

न्यूयॉर्क, एजेंसी

न्यूयॉर्क के ला गार्डिया हवाई अड्डे पर रविवार रात लैंडिंग के दौरान एयर कनाडा का एक विमान रनवे पर दमकल विभाग के ट्रक से टकरा गया, जिसके चलते दो पायलटों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि भिड़ंत की वजह से विमान का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

उन्होंने बताया कि घटना के बाद 39 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को आसपास के विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया, जिनमें से कुछ को गंभीर चोट आई है। अधिकारियों ने बताया कि अधिकतर लोगों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है।




हवाई अड्डे का संचालन करने वाले न्यूयॉर्क एवं न्यूजर्सी पोर्ट अथॉरिटी की कार्यकारी निदेशक कैथरीन गार्सिया ने बताया कि ट्रक में सवार पोर्ट अथॉरिटी के दो कर्मचारी भी घायल हो गए। गार्सिया ने सोमवार सुबह संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हादसे में जान गंवाने वालों में विमान के पायलट और सह-पायलट शामिल हैं। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) के नेतृत्व में घटना की जांच की जा रही है। गार्सिया ने कहा कि दमकल ट्रक यूनाइटेड एयरलाइंस की उड़ान से जुड़ी एक अलग घटना के चलते घटनास्थल पर जा रहा था। उन्होंने कहा कि यूनाइटेड एयरलाइंस की उड़ान में दुर्गंध आने की सूचना मिली थी। इससे पहले कहा गया कि एयर कनाडा की ओर से संचालन कर रही जैज़ एविएशन की उड़ान में 72 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। विमान मॉंट्रियल-पियरे एलियट ट्रूडो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुआ था। तस्वीरों और वीडियो में विमान का अगला हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त दिखता है और कॉकपिट से तार तथा अन्य चीजें लटकी दिखती हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज का दिन नए काम की शुरुआत के लिए अच्छा है। ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। कार्यस्थल पर आपके प्रयासों की सराहना होगी।

**तुला** – आज निर्णय लेते समय सोच-समझकर कदम उठाएं। नए संबंध बन सकते हैं, जो भविष्य में लाभ देंगे। घर का माहौल सुखद रहेगा।

**वृष** – आज आर्थिक मामलों में सावधानी जरूरी है। स्वास्थ्य पर थोड़ा ध्यान दें, आराम करें। धैर्य और समझदारी से काम लें, जल्दबाजी से बचें।

**वृश्चिक** – आज कार्य में बदलाव के संकेत मिल सकते हैं। छिपी हुई चिंताएं सामने आ सकती हैं। ध्यान और योग से मन को शांति मिलेगी।

**मिथुन** – आज मित्रों से सहयोग मिलेगा और मन हल्का रहेगा। नए अवसर सामने आ सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलने के योग हैं।

**धनु** – आज यात्रा के योग बन रहे हैं, लाभदायक साबित हो सकती है। नई सीख और अनुभव मिलेंगे। आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।

**कर्क** – आज भावनाओं में बहने से बचें, व्यावहारिक निर्णय लें। कार्य में थोड़ी मेहनत अधिक करनी पड़ेगी। परिवार में सुख-शांति रहेगी।

**मकर** – आज आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कड़ी मेहनत का फल मिलने वाला है। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।

**सिंह** – आज आत्मविश्वास बढ़ेगा और कार्यों में सफलता मिलेगी। नेतृत्व क्षमता से लोग प्रभावित होंगे। आर्थिक लाभ के अच्छे संकेत हैं।


**कुंभ** – आज दोस्तों से मदद मिलेगी। मन में सकारात्मक विचार आएंगे। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं।

**कन्या** – आज का दिन संतुलित रहेगा। योजनाएं सफल होंगी, मेहनत रंग लाएगी। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**मीन** – आज रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे। रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 24 मार्च, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, षष्ठी 16.07 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-रोहिणी 19.05 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

### सुडोकू - 97 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 6 | 9 | 7 | 1 | 3 |
| 7 | 6 | 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 |
| 6 | 9 | 7 | 1 | 2 | 4 | 8 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 8 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 |

### सुडोकू -98

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 2 | | | 1 |
| 7 | | | 5 | | 9 | | | |
| 8 | | 5 | | 6 | | | | |
| | | 1 | | | 8 | | 5 | 4 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 9 | | | 4 | | 8 | | 7 |
| | | | | 5 | | 2 | | |
| | | | 8 | | 6 | | | 3 |
| 4 | | | | | | 9 | | |

## देश में और बाहर पढ़ने को उपलब्ध है ऋण की सुविधा

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि बैंक छात्रों को मांग के आधार पर शिक्षा ऋण उपलब्ध करा रहे हैं और इसमें कहीं किसी तरह की कोताही नहीं बरती जा रही है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तथा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने लोकसभा में सोमवार को कहा कि आज बैंक सभी जगह उपलब्ध हैं। विद्यालक्ष्मी और मॉडल विद्यालय में भी भारत सरकार ऋण उपलब्ध कराती है। विद्यालक्ष्मी योजना के तहत तीन प्रतिशत से कम ब्याज दर तय की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार कई शिक्षा संबंधी योजनाएं चला रही है।

संसद में बोली सरकार

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने लोकसभा में पूछे गए सवाल पर दिया स्पष्टीकरण

# किसी राज्य पर हिंदी सहित कोई भी भाषा थोपी नहीं जा रही

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने सोमवार को स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत किसी राज्य पर हिंदी समेत कोई भी भाषा नहीं थोप रही। चौधरी ने लोकसभा में प्रश्नकाल में द्रमुक सांसद कलानिधि वीरास्वामी के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह बात कही।

तमिलनाडु के सदस्य ने उनके राज्य का समग्र शिक्षा अभियान के तहत बकाया धन जारी नहीं किये जाने का मुद्दा उठाते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के तहत तीन भाषा के फार्मूले को लेकर चिंता जताई। चौधरी ने कहा कि एनईपी में स्पष्ट रूप से छात्रों को बहुभाषाएं सिखाने से उनके शिक्षण पर पड़ने वाले प्रभावों का उल्लेख है। सभी राज्यों को स्कूलों में तीन भाषाओं को सिखाने का ढांचा बनाना चाहिए। कम से कम 15 साल तक के बच्चों को विशेष रूप से दो भाषाओं में दक्षता होनी चाहिए जो मातृभाषा हों। तीसरी भाषा पूरी तरह मांग पर आधारित है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में केंद्र सरकार समग्र शिक्षा अभियान 2.0 के तहत राज्यों को शिक्षकों की नियुक्ति आदि में मदद करती है। तमिलनाडु में तीन भाषाओं के फार्मूले को लागू करने पर द्रमुक सांसद की चिंता पर चौधरी ने कहा कि मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि एनईपी 2020 में कहीं भी हिंदी समेत किसी भाषा को थोपने की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि जनगणना 2011 के भाषा एटलस के अनुसार तमिलनाडु में 96 भारतीय भाषा बोलने वाले लोग रहते हैं। चौधरी ने कहा कि एनईपी में तीन भाषाओं में दो मातृभाषाओं को सिखाने की बात है। उन्होंने कहा कि तीन भाषाओं को लागू करने की बात भी दो भाषाओं के फार्मूले, जिसे द्रमुक भी तमिलनाडु में स्वीकार करती है।



### तमिलनाडु भी लागू करे पीएमश्री योजना

शिक्षा राज्य मंत्री ने दावा किया कि तमिलनाडु ने मार्च 2024 में पीएमश्री योजना पर समझौता करने की इच्छा जताई थी, लेकिन अभी तक करार नहीं किया है। इस पर द्रमुक के कुछ सदस्यों को आपत्ति जताते सुना गया। चौधरी ने कहा कि अगर आप राष्ट्रीय शिक्षा नीति से सहमत हैं तो पीएमश्री योजना भी लागू करनी चाहिए। इसे देश में 14 हजार से अधिक स्कूलों के लिए डिजाइन किया गया है।



> मुझे लगता है कि मैंने पहले दो गेम में अच्छा खेला, तीसरे गेम में मैं थोड़ी भटक गई थी। गेम के बीच में मेरे कोच मेरे पास आए, तो मैंने उनसे बात की, और उन्होंने मुझसे अच्छी शुरुआत करने पर ध्यान देने को कहा, और मुझे खुशी है कि मैं इसे जीत पाई।
> अनाहत सिंह, स्क्वॉश खिलाड़ी


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

मुरादाबाद, मंगलवार, 24 मार्च 2026


## हाईलाइट

### मैच के दिनों में कोई भी अभ्यास सत्र करने की नहीं होगी इजाजत

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा अभ्यास सत्र के लिए जारी किये गये नए दिशा-निर्देशों के तहत मैच के दिनों में कोई भी प्रैक्टिस सेशन करने की इजाजत नहीं होगी। बीसीसीआई ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में एक अलग इंतजाम भी किया है, जहां मुख्य पिच के दोनों ओर, हर टीम को दो-दो प्रैक्टिस विकेट दिए जाएंगे। जैसा कि पहले बताया गया था, किसी भी टीम को विरोधी टीम के लिए तय किए गए प्रैक्टिस विकेट का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं होगी। बीसीसीआई के एक नोट के अनुसार टीम मैनेजरों को हाल ही में ये अतिरिक्त गाइडलाइंस भेजी गई हैं :- टीमों को प्रैक्टिस एरिया में 2 नेट और मुख्य पिच के पास के विकेटों में से 1 विकेट ' 'रेंज हिटिंग'' (जोरदार शॉट लगाने की प्रैक्टिस) के लिए मिलेगा। मुंबई के वेन्यू के लिए, अगर दोनों टीमें एक ही समय पर प्रैक्टिस कर रही हैं, तो हर टीम को 2-2 विकेट मिलेंगे।



अहमदाबाद में आईपीएल 2026 सीजन से पहले अभ्यास सत्र के दौरान टाइटन्स के ग्लेन फिलिप्स। एजेंसी

### अरुंधति रेड्डी फरवरी की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

**दुबई।** भारत की मध्यम तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी को आस्ट्रेलिया में टी20 शृंखला में शानदार प्रदर्शन के लिए फरवरी महीने में आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना गया। वहीं पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान को टी20 विश्व कप में असाधारण प्रदर्शन के लिये सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना गया है। रेड्डी ने तीन मैचों की टी20 शृंखला में भारत की 2.1 से जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने शृंखला में 7.25 की इकॉनॉमी दर से आठ विकेट लिए। रेड्डी ने कहा आईसीसी महीने की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना गर्व की बात है।

### अनाहत और अभय ने जीते स्क्वॉश के खिताब

**मुंबई।** शीर्ष वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडियन ओपन स्क्वॉश टूर्नामेंट का अपना महिला खिताब बरकरार रखा, जबकि अभय सिंह ने पुरुष वर्ग के चैंपियन बने। सीसीआई ब्रेबॉर्न स्टेडियम में रविवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में स्क्वैश रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज अनाहत सिंह ने मिस्र की दुनिया की 29वें नंबर की खिलाड़ी हाना मोअताज़ को 3-1 (11-5, 11-6, 9-11, 11-6) से हराकर अपना खिताब बरकरार रखा। वहीं, अभय सिंह ने अपने ही देश के वीर चोत्रानी को 3-0 (11-9, 11-8, 11-4) से हराकर पुरुषों का फाइनल जीतकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

# मुझे आईपीएल का 'इंपैक्ट खिलाड़ी' नियम पसंद नहीं : अक्षर



**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय हरफनमौला और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम की आलोचना करते हुए कहा मुझे यह पसंद नहीं है, क्योंकि इससे उनके जैसे खिलाड़ियों (हरफनमौला) के विकास में बाधा आती है। रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या भी 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम के खिलाफ बोल चुके हैं, जिसके तहत टीमें मैच के किसी भी समय अपनी एकादश में किसी खिलाड़ी को सूचीबद्ध पांच खिलाड़ियों में से किसी एक से बदल सकती हैं। यह नियम 2023 में लागू हुआ था और कम से कम 2027 तक लागू रहेगा।

रोहित ने 2024 में कहा था कि उन्हें यह रणनीतिक नियम पसंद नहीं है, क्योंकि इससे भारतीय क्रिकेट में ऑलराउंडर खिलाड़ियों के विकास में बाधा आती है। इसके अगले सत्र में हार्दिक ने कहा था कि टीम में किसी हरफनमौला को चुनना मुश्किल हो गया है, जब तक कि वह बल्ले और गेंद दोनों से समान रूप से अच्छा न हो। भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान ने 'इम्पैक्ट प्लेयर' से जुड़े 'पीटीआई' के सवाल के जवाब में हंसते हुए कहा, मुझे यह नियम पसंद नहीं है, क्योंकि मैं खुद एक ऑलराउंडर हूं। पहले हम इस भूमिका (बल्लेबाजी और गेंदबाजी) के लिए ऑलराउंडर चुनते थे। अब टीम प्रबंधन किसी खास बल्लेबाज या गेंदबाज को चुनता है। वे कहते हैं कि हमें ऑलराउंडर की क्या जरूरत है? उन्होंने कहा खुद एक ऑलराउंडर होने के नाते मुझे यह पसंद नहीं है, लेकिन साथ ही नियम तो नियम होते हैं। हमें उनका पालन करना होता है। व्यक्तिगत रूप से मुझे यह पसंद नहीं है।

- 2023 में लागू हुआ था नियम और 2027 तक रहेगा

**2024** में रोहित ने कहा था कि उन्हें यह रणनीतिक नियम पसंद नहीं है, क्योंकि इससे भारतीय क्रिकेट में ऑलराउंडर खिलाड़ियों के विकास में बाधा आती है

अक्षर ने पिछले आईपीएल सत्र में केवल 204 गेंदें फेंकी थीं, जबकि उससे पिछले सत्र में उन्होंने 264 गेंदें फेंकी थीं। उन्होंने कहा कि यह 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम के कारण नहीं था, बल्कि उंगली की चोट के कारण था, जो उन्हें आईपीएल से पहले परेशान कर रही थी। उन्होंने कहा मैंने ज्यादा गेंदबाजी नहीं की। यह 'इम्पैक्ट प्लेयर' की वजह से नहीं था। मैं गेंद को स्पिन कराने के लिए जिस उंगली का इस्तेमाल करता हूं, वह चैंपियंस ट्रॉफी के बाद चोटिल हो गई थी।

यह घाव इतना बढ़ गया था कि मैं गेंद की सीम पर पकड़ नहीं बना पा रहा था। अक्षर ने कहा इसीलिए मैं सिर्फ जरूरत पड़ने पर ही गेंदबाजी कर रहा था और अपनी उंगली का ध्यान रख रहा था। सात मैचों के बाद हालत बेहतर हुई और मैंने नियमित रूप से गेंदबाजी करना शुरू कर दिया। अक्षर के सामने दिल्ली को पहली बार आईपीएल चैंपियन बनाने की चुनौती है। अक्षर ने महज 18 महीनों में सबसे छोटे प्रारूप में दो बार विश्व चैंपियन का खिताब जीता है। इस महीने की शुरुआत में टी20 विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली टीम की तुलना 2000 के दशक की अजेय ऑस्ट्रेलियाई टीम से की जा रही है। उस समय हालांकि ऑस्ट्रेलिया की टीम को वनडे प्रारूप में सफलता मिली थी। कुछ लोगों ने मौजूदा भारतीय टीम को अब तक की सबसे महान टी20 टीम बताया है। अक्षर ने कहा वह अलग-अलग युगों की टीमों की तुलना करने में विश्वास नहीं रखते। भारतीय टीम के लिए यह सब 2022 के बाद शुरू हुआ। हमने इस तरह की क्रिकेट खेलना शुरू किया और कड़े फैसले लिए।

# आईपीएल की वजह से टूटी पाकिस्तान सुपर लीग की कमर

## विदेशी खिलाड़ी वेतन वृद्धि की मांग के साथ जमकर कर रहे अनुबंध का उल्लंघन

**कराची, एजेंसी**

विदेशी खिलाड़ियों के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बावजूद नाम वापस लेने के कारण दो नई टीमों के साथ पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की मेजबानी करना पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के लिए लॉजिस्टिक्स (आयोजन संबंधी) और अनुबंध संबंधी परेशानियों का सबब बनता जा रहा है। विदेशी खिलाड़ी अधिक आकर्षक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से करार मिलने के बाद पीएसएल को छोड़ रहे हैं।

दो नई फ्रेंचाइजी को शामिल करने के साथ विस्तारित पीएसएल बृहस्पतिवार को लाहौर में शुरू होने वाली है। यह आईपीएल के 28 मार्च को शुरू होने से दो दिन पहले है। इस तरह इन दोनों लीगों का आयोजन एक साथ होगा।

पीएसएल तीन मई तक चलेगा, जबकि आईपीएल का पूरा कार्यक्रम अभी जारी नहीं हुआ है, लेकिन यह मई के अंतिम या जून के शुरुआती सप्ताह तक चल सकता है। एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार, पीसीबी न केवल खिलाड़ियों द्वारा अनुबंधों के उल्लंघन से जूझ रहा है, बल्कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण कुछ खिलाड़ियों द्वारा अंतिम समय में फीस बढ़ाने की मांग से भी परेशान है।

सूत्र ने बताया पीसीबी इस समय पीएसएल को निर्धारित समय पर आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और उसने अभी तक नाम वापस लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों के खिलाफ कोई कार्रवाई तय नहीं की है। नाम वापस लेने वाले खिलाड़ियों पर दो से चार साल तक का प्रतिबंध लगाने के बारे में आंतरिक चर्चा हुई है, लेकिन चिंता बनी हुई है कि ऐसे उपाय भविष्य में शीर्ष विदेशी प्रतिभाओं को पीएसएल फ्रेंचाइजी के साथ अनुबंध करने से और भी हतोत्साहित कर सकते हैं। उन्होंने कहा ऐसे में एक तर्क यह भी है कि प्रतिबंधों से पीएसएल के आगामी सत्रों के लिए बड़े विदेशी खिलाड़ियों से करार करना और भी मुश्किल हो जाएगा।

सूत्र ने स्वीकार किया कि दोनों लीगों के बीच वित्तीय असमानता एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। कई खिलाड़ी चोट से जूझ रहे आईपीएल में काफी अधिक वेतन पैकेज दिए जा रहे हैं, जबकि पीएसएल फ्रेंचाइजी उन वेतन पैकेजों का मुकाबला करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। पीसीबी ने पिछले साल अनुबंध उल्लंघन के लिए दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की थी और उन पर एक साल का प्रतिबंध लगाया था। यह कदम हालांकि प्रभावी साबित नहीं हुआ, क्योंकि बॉश ने पीएसएल खिलाड़ी ड्राफ्ट में शामिल होने से पहले ही अगली नीलामी में आईपीएल अनुबंध हासिल कर लिया। पीसीबी द्वारा इस मुद्दे को आईसीसी के अन्य सदस्यों के समक्ष भी उठाने की उम्मीद है, ताकि एक मजबूत ढांचा तैयार किया जा सके, जो यह सुनिश्चित करे कि खिलाड़ी किसी लीग में शामिल होने के बाद अपने अनुबंध संबंधी दायित्वों का पालन करें। इस बीच ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और मार्नुस लाबुशेन, न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन और डेवोन कॉन्वे कुछ अन्य विदेशी खिलाड़ियों के साथ पीएसएल में भाग लेने के लिए लाहौर पहुंच गए।





- दोनों लीगों के बीच वित्तीय असमानता बनी बड़ी चुनौती
- आयोजन एकसाथ होने से भारत बना खिलाड़ियों की पहली पसंद

### हस्ताक्षर के बाद नाम वापस लेने वाले खिलाड़ी

इस वर्ष के पीएसएल से अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद नाम वापस लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों में वेस्टइंडीज के गुडाकेश मोती और जॉनसन चार्ल्स, श्रीलंका के दासुन शनाका, जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी, ऑस्ट्रेलिया के स्पेंसर जॉनसन और जेक फ्रेजर-मैकगर्क, द. अफ्रीका के ओटनेल बार्टमैन, अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज और इंग्लैंड के टायमल मिल्स शामिल हैं।



बेंगलुरु स्थित एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अभ्यास करते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली। एजेंसी

## जीत की खुशी



वर्ल्ड इनडोर एथलेटिक्स में महिलाओं की 60 मीटर हर्डल्स में मेडल जीतने के बाद पोडियम पर पोज देतीं बहामास की डेविन चार्लटन (बीच में), नीदरलैंड्स की नादिन विसर (बाएं), और पोलैंड की पिया स्क्रिजोव्स्का। ● एजेंसी

### शनाका राजस्थान रॉयल्स में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के टी20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान दासुन शनाका को सोमवार को आईपीएल के लिए इंग्लैंड के चोटिल ऑलराउंडर सैम कुरेन के स्थान पर राजस्थान रॉयल्स टीम में शामिल किए जाने की पुष्टि की गई। शनाका दो करोड़ रुपये में राजस्थान रॉयल्स से जुड़ेंगे। शनाका ने श्रीलंका के लिए छह टेस्ट, 71 वनडे और 131 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनके नाम 3350 से अधिक रन और 86 विकेट हैं। इस 34 साल के खिलाड़ी ने 2023 में गुजरात टाइटन्स के लिए आईपीएल में तीन मैच खेले हैं। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच और टीम निदेशक कुमार संगकारा ने खुशी जताई।

# मिचेल स्टार्क को लेकर दिल्ली कैपिटल्स ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स ने सोमवार को बताया कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक मिचेल स्टार्क को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं दिया है लेकिन उन्हें उम्मीद है कि उनका प्रमुख तेज गेंदबाज एक अप्रैल को टूर्नामेंट में शुरुआती मैच से पहले टीम से जुड़ जाएगा।

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल, क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव और मुख्य कोच हेमांग बदानी ने सोमवार को यहां मीडिया से बातचीत में अपने तेज गेंदबाज की उपलब्धता से जुड़े कई सवालों के जवाब दिए। स्टार्क ने पिछले सत्र में 11 मैचों में 14 विकेट लिए थे। बदानी ने कहा हम क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से एनओसी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। जैसे ही हमें वह मिल जाएगा, हमें पता चल जाएगा कि वह कब टीम में शामिल होंगे। उन्होंने एनओसी मिलने में हो रही देरी के बारे में पूछे जाने पर कहा, हम क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ लगातार संपर्क में हैं। वह गेंदबाजी अभ्यास कर रहे हैं, उन्होंने कुछ दिन पहले भी गेंदबाजी की थी। जब तक क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया उन्हें खेलने के लिए फिट घोषित नहीं कर देता, तब तक कोई फ्रेंचाइजी कुछ नहीं कर सकती।

- कहा- क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से जल्द एनओसी मिलने की उम्मीद



उनके बगल में बैठे राव ने आगे कहा वह आ रहे हैं, बस क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से एनओसी मिलने का सवाल है। वह क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की निगरानी में हैं। हम भी उनकी फिटनेस पर नजर रख रहे हैं।

राव और बदानी के साथ बैठे अक्षर से पूछा गया कि अगर स्टार्क एक अप्रैल को लखनऊ में खेले जाने वाले लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच के लिए नहीं पहुंचते हैं, तो क्या वह टी. नटराजन को उनकी जगह खिलाने के लिए तैयार हैं। अक्षर ने कहा इस समय इसका जवाब देना मुश्किल है। अगर स्टार्क को एनओसी मिल जाती है, तो वह शुरुआती मैच से पहले भी आ सकते हैं। हम उस जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। अगर वह नहीं आते हैं, तो जरूरी नहीं है कि हम बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की जगह दूसरे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को ही टीम में शामिल करें। उन्होंने कहा यह टीम संयोजन का मामला है। नटराजन हालांकि बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और पूरी तरह फिट हैं। नटराजन कंधे की चोट के कारण पिछले सत्र में सिर्फ दो मैच खेल पाए थे।

# नए चेहरों के साथ सत्र की शुरुआत करेगी भारतीय तीरंदाजी टीम

**बैंकॉक, एजेंसी**

भारत तीरंदाजी के नये अंतरराष्ट्रीय सत्र का आगाज यहां मंगलवार से शुरू हो रहे एशिया कप के पहले चरण से करेगा जिसके लिये टीम में नामी गिरामी सितारों की बजाय प्रतिभावान युवाओं को जगह दी गई है। भारतीय टीम में दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, धीरज बोम्मादेवरा, तरूणदीप राय , ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा नहीं हैं।

भारतीय टीम प्रबंधन जापान में सितंबर अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों तक चलने वाले इस व्यस्त सत्र के पहले टूर्नामेंट में अपने युवा खिलाड़ियों को आजमाना चाहता है। शीर्ष तीरंदाज मैक्सिको और शंघाई में अप्रैल से होने वाले विश्व कप के पहले दो चरण के लिए वापसी करेंगे। पिछले साल भारत ने इस टूर्नामेंट में पांच स्वर्ण समेत आठ पदक जीते थे ।

दक्षिण कोरिया जैसे दिग्गज की गैर मौजूदगी में भारत का पलड़ा फिर भारी लग रहा है। उसे चीन और बांग्लादेश से चुनौती मिल सकती है। रिकर्व पुरूष वर्ग में आस्ट्रेलिया के रियान टियाक प्रबल दावेदार हैं जो विश्व रैंकिंग में 27वें स्थान पर हैं । महिला वर्ग में रूस में जन्मी तटस्थ खिलाड़ी नूरिनिस्सो माखमुदोवा (45वीं रैंकिंग) सर्वोच्च रैंकिंग वाली तीरंदाज हैं।

भारतीय पुरूष कंपाउंड टीम में दुनिया के चौथे नंबर के तीरंदाज ऋषभ यादव, एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता प्रथमेश जावकर और रजत चौहान हैं।पिछले साल कुशल दलाल ने व्यक्तिगत स्वर्ण जीता था जबकि मानव जाधव और गणेश तिरिमुरू के साथ टीम स्वर्ण अपने नाम किया था। महिला वर्ग में ज्योति की गैर मौजूदगी में नजरें 20 वर्ष की चिकिथा तानीपर्थी पर होंगी जो विश्व रैंकिंग में 37वें स्थान पर हैं।

**एशिया कप**

**टीम**

**रिकर्व पुरुष :** देवांग गुप्ता, आरव पूनिया, जुयेल सरकार और सुखचैन सिंह। **रिकर्व महिला :** कीर्तिक, अंशिका कुमारी, रूमा बिस्वास और रिद्धि। **कंपाउंड पुरुष :** रजत चौहान, प्रथमेश जावकर, उदय कम्बोज और ऋषभ यादव। **कंपाउंड महिला :** स्वाति दुधवाल, राज कौर, तेजल साल्वे और चिकिथा तानीपर्थी।

**उपलब्धि**

भुवनेश्वर करेगा मेजबानी, कलिंगा इनडोर स्टेडियम में होगी आयोजित, दो साल बाद होगी विश्व चैम्पियनशिप

# भारतीय इनडोर एथलेटिक्स के नए युग की आज से शुरुआत

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

भारत संकरे ट्रैक और एक समान हालात वाले इनडोर एथलेटिक्स में अपने सफर की औपचारिक शुरुआत मंगलवार से यहां शुरू हो रही पहली राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के जरिये करेगा जबकि दो साल बाद इसी स्थान पर उसे विश्व चैम्पियनशिप की मेजबानी करनी है। पिछले सप्ताह भारत को विश्व इनडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबानी मिली है जो इसी स्थान पर तीन से पांच मार्च, 2028 में होगी।

भारत में पहली बार ट्रैक और फील्ड की विश्व चैम्पियनशिप का आयोजन होगा। राष्ट्रीय चैम्पियनशिप दो दिन तक चलेगी। भारत में शीर्ष स्तर की इंडोर सुविधाओं के अभाव में इंडोर एथलेटिक्स उतना लोकप्रिय नहीं रहा है। कुछ भारतीय हालांकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी करते आए हैं। इनडोर स्पर्धाओं में खिलाड़ी संकरे ट्रैक पर उतरते हैं। आउटडोर 400 मीटर ट्रैक चौड़े और सपाट टर्न वाले होते हैं। इंडोर स्पर्धायें हवा या मौसम से प्रभावित नहीं होती क्योंकि भीतर एक सी परिस्थितियां होती है।



भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा और 3000 मीटर स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले इसमें भाग नहीं लेंगे क्योंकि उनकी स्पर्धायें रोस्टर का हिस्सा नहीं हैं। कलिंगा स्टेडियम परिसर के भीतर विश्व स्तरीय सुविधायें तैयार होने के बाद भारत ने विश्व एथलेटिक्स को 2028 चैम्पियनशिप की मेजबानी के लिए मनाया है । भारत को 2028 में होने वाली एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबानी मिलने की भी उम्मीद है जिस पर फैसला मई में लिया जाएगा। अधिकांश भारतीय एथलीटों, आयोजकों और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अधिकारियों के लिये यह नया अनुभव होगा। इनडोर स्पर्धा 200 मीटर के ट्रैक पर होगी। सबसे छोटी फर्राटा दौड़ 60 मीटर की है। ऊंची कूद, पोल वॉल्ट, लंबी कूद , त्रिकूद और शॉटपुट को इसमें शामिल किया गया है लेकिन भालाफेंक, चक्काफेंक या तारगोला फेंक जैसी थ्रो स्पर्धायें नहीं होंगी।

### 300 एथलीट कर रहे प्रतिभाग

राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में 300 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें ओडिशा, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के सबसे बड़े दल हैं। दो दिन में पुरुष और महिला वर्ग में 11 स्पर्धायें होंगी जिनमें 60 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर, 60 मीटर बाधा दौड़, ऊंची कूद, पोल वॉल्ट, लंबी कूद, त्रिकूद और शॉटपुट शामिल हैं । हाल ही में पोलैंड में विश्व इनडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में शामिल की गई चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले इसका हिस्सा नहीं है । चार गुणा 400 मीटर महिला और पुरुष रिले, पुरुष हेप्टाथलन और महिला पेंटाथलन को भी जगह नहीं दी गई है।